

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 115 | रविवार, 07 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण सप्तमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### सीबीएसई के पोर्टल पर साइबर हमला, प्राथमिकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के पोर्टल को निशाना बनाकर किए गए साइबर हमलों को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस पोर्टल को कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन जैसी सेवाओं के लिए दो जून को शुरू किया गया था।

### पीएफआई मामले में 26 के खिलाफ आरोप तय

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को प्रतिबंधित संगठन 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) के कई शीर्ष नेताओं के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया, और कहा कि मामले में भारत सरकार को उखाड़ फेंकने तथा 2047 तक इस्लामी खलीफा का शासन स्थापित करने की साजिश का "गंभीर संदेह" है।

### एम्स के कार्यवाहक निदेशक को अवमानना नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वैवाहिक मामले में हलफनामा दाखिल न करने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के कार्यवाहक निदेशक को अवमानना का नोटिस जारी कर उनसे इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण मांगा है। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि एम्स के निदेशक को 16 अप्रैल को इस मामले में प्रतिवादी बनाया गया था और उन्हें हलफनामा दाखिल करके स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था।

### लालू-राबड़ी की जेड प्लस सुरक्षा खत्म

**पटना।** बिहार की सम्राट सरकार की तरफ से राबड़ी देवी को आवास को खाली करने का नोटिस दिया गया है। इस बीच लालू परिवार की सुरक्षा घटा दी गई है। राजद के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी और पूर्व सीएम राबड़ी देवी की जेड प्लस सिक्योरिटी खत्म कर दी गई है। दोनों को अब बिहार पुलिस की विशेष सुरक्षा व्यवस्था दी गई है, जिसमें एस्कॉर्ट, बुलेट प्रूफ कार और 8 से 16 गार्ड शामिल हैं।

### प्रतिनियुक्ति से लौटे छवि को आईजी लोक शिकायत का जिम्मा

**लखनऊ।** योगी सरकार ने शुक्रवार देर शाम छह आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए हैं। इसमें मीरजापुर और देवीपाटन रेंज में नए अफसरों की तैनाती दी गयी है। जानकारी के अनुसार केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे आईपीएस रवि शंकर छवि को आईजी लोक शिकायत डीजीपी मुख्यालय, हरीश चन्द्र को डीआईजी कानपुर नगर परिक्षेत्र से डीआईजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन, पूनम को डीआईजी पीटीसी मेरठ से डीआईजी मीरजापुर परिक्षेत्र, अशोक कुमार चतुर्थ को डीआईजी सीआईडी से डीआईजी देवीपाटन परिक्षेत्र, सचिन्द्र पटेल को डीआईजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन से अपर पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट आगरा और यमुना प्रसाद को डीआईजी पीटीसी मुरादाबाद से डीआईजी कानपुर परिक्षेत्र भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2007 बैच के आईपीएस रवि शंकर छवि केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने से पहले भी आईजी लोक शिकायत के पद तैनात रहे है।

# शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर बढ़ा सियासी घमासान

- जंतर-मंतर पर छात्रों का प्रदर्शन
- अभिजीत दीपके की डेडलाइन खत्म
- सरकार की चुप्पी के बाद देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

**नई दिल्ली**

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के कथित पेपर लीक और सीबीएसई की ऑनलाइन कॉपी जांच में अनियमितताओं के आरोपों को लेकर शनिवार को राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर हजारों छात्रों और युवाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। ह्यकॉकरोच जनता पार्टीह्ल (सीजेपी) के बैनर तले आयोजित इस आंदोलन का नेतृत्व संगठन के संस्थापक अभिजीत दीपके और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए सरकार को शाम पांच बजे तक का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा समाप्त होने तक सरकार की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई। इसके बाद आंदोलनकारियों ने देशभर में आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी।

सीजेपी प्रमुख अभिजीत दीपके ने प्रदर्शन स्थल से संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था से जुड़े लगातार सामने आ रहे विवादों और परीक्षा प्रक्रियाओं में कथित गड़बड़ियों की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने सरकार को शाम पांच बजे तक का समय दिया था। हालांकि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बावजूद सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद दीपके ने घोषणा की कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन अब केवल दिल्ली तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों और शहरों तक पहुंचाया जाएगा।



### अमेरिका से सीधे दिल्ली पहुंचे अभिजीत दीपके

आंदोलन की अगुवाई करने के लिए अभिजीत दीपके शनिवार सुबह अमेरिका के बोस्टन शहर से सीधे दिल्ली पहुंचे। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने छात्रों की आत्महत्या और बढ़ते मानसिक तनाव का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार हो रही कथित गड़बड़ियों ने लाखों छात्रों और उनके परिवारों को निराश किया है। इसके बाद वह सीधे जंतर-मंतर पहुंचे और प्रदर्शन में शामिल हुए। एयरपोर्ट से बाहर निकलते समय दीपके ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी हाथ में लेकर मीडिया के सामने प्रदर्शन को पूरी तरह संवैधानिक और लोकतांत्रिक बताया। उन्होंने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य किसी प्रकार की अराजकता फैलाना नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।

### कॉकरोच मास्क बने विरोध का प्रतीक

**जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान एक अनोखा दृश्य देखने को मिला। बड़ी संख्या में छात्र और युवा कॉकरोच के मुखौटे पहनकर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह प्रतीक उस व्यवस्था के खिलाफ उनके विरोध को दर्शाता है, जो बार-बार विवादों और अव्यवस्थाओं के बावजूद बनी हुई है। छात्र अपने साथ राष्ट्रीय ध्वज और पढ़ाई की किताबें लेकर पहुंचे थे। आंदोलन को पूरी तरह शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए आयोजकों ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए थे। प्रदर्शनकारियों ने ड्यूटी पर तैनात दिल्ली पुलिसकर्मियों को फूल भेंट कर उनके प्रति सम्मान भी व्यक्त किया।**

# खान सर नहीं करेंगे सरेंडर, कोर्ट में देंगे कानूनी चुनौती

## फायरिंग मामले में गिरफ्तारी की आशंका के बीच वकील का दावा- साजिश के तहत फंसाया जा रहा

- 8 जून को दाखिल होगी अग्रिम जमानत याचिका
- समर्थकों का दावा- बदनाम करने की कोशिश

**पटना**

बिहार के चर्चित शिक्षक और शिक्षण संस्थान संचालक खान सर (फैसल खान) से जुड़े फायरिंग मामले ने नया मोड़ ले लिया है। शनिवार को उनके पटना सिविल कोर्ट में सरेंडर करने की चर्चाओं के बीच उनके वकील ने स्पष्ट कर दिया कि खान सर आत्मसमर्पण नहीं करेंगे। बचाव पक्ष का कहना है कि उनके मुवक्किल को एक सुनियोजित साजिश के तहत मामले में फंसाया जा रहा है और वे कानूनी प्रक्रिया के तहत अग्रिम जमानत के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे।

***सरेंडर की खबरों पर वकील का बड़ा बयान***

शनिवार को दिनभर यह चर्चा रही कि खान सर पटना सिविल कोर्ट पहुंचकर सरेंडर कर सकते हैं। हालांकि उनके अधिवक्ता अरविंद कुमार महुआर ने इन खबरों को खारिज करते हुए कहा कि खान सर फिलहाल आत्मसमर्पण नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि 8 जून को अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की जाएगी और उसी के माध्यम से कानूनी राहत प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा।

वकील ने दावा किया कि पूरे मामले में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। उनका कहना है कि घटना के दौरान संस्थान की सुरक्षा में तैनात गार्डों ने आत्मरक्षा और भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से हवा में फायरिंग की थी। खान सर का इस घटना से प्रत्यक्ष संबंध नहीं है, लेकिन उन्हें अनावश्यक रूप से विवाद में घसीटा जा रहा है।



जांच के दौरान पुलिस ने खान सर उर्फ फैसल खान के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की। एफआईआर दर्ज होने के बाद से उनकी गिरफ्तारी की संभावनाओं को लेकर चर्चाएं तेज हो गई थीं। पुलिस पूरे मामले में विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि घटना के दौरान किसकी क्या भूमिका थी।

खान सर के समर्थकों और उनके करीबियों का कहना है कि लोकप्रियता और सामाजिक प्रभाव के कारण उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। समर्थकों का आरोप है कि कुछ लोग उनकी छवि खराब करने और उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि कोचिंग संस्थान पर हुए हमले में खान सर स्वयं पीड़ित पक्ष हैं, लेकिन जांच का रुख उनके खिलाफ मोड़ दिया गया है। दूसरी ओर, प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी तरह तथ्यों और सबूतों के आधार पर की जा रही है। किसी भी व्यक्ति को कानून से ऊपर नहीं माना जा सकता और जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय होगी। फिलहाल पूरे मामले की नजर अब 8 जून पर टिकी है, जब खान सर की ओर से अग्रिम जमानत याचिका अदालत में दाखिल की जाएगी। अदालत के फैसले के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मामले की कानूनी दिशा क्या होगी और जांच आगे किस तरह बढ़ेगी। फिलहाल खान सर ने सरेंडर नहीं करने का फैसला लिया है और कानूनी रास्ता अपनाने की रणनीति बनाई है। पुलिस जांच जारी है, जबकि बचाव पक्ष इसे साजिश करार दे रहा है। ऐसे में आने वाले दिनों में अदालत की सुनवाई और जांच एजेंसियों की कार्रवाई इस चर्चित मामले की दिशा तय करेगी।

### क्या है पूरा मामला?

मामला पटना के कदमकुआं क्षेत्र स्थित खान सर के कोचिंग संस्थान से जुड़ा है। कुछ दिन पहले संस्थान के बाहर तोड़फोड़, पथराव और फायरिंग की घटना सामने आई थी। घटना के वीडियो और सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाई।

### छात्रों में चिंता, कानूनी लड़ाई पर नजर

खान सर देशभर में लाखों छात्रों के बीच लोकप्रिय शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होने और गिरफ्तारी की आशंकाओं के बाद छात्रों में भी चिंता का माहौल है। सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में छात्र उनके समर्थन में पोस्ट कर रहे हैं और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

# जनता कांग्रेस से नाराज, इसीलिए कर्नाटक में सीएम बदलाः मोदी



**सूरत**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस 12 सालों से अराजकता और अनिश्चितता फैला रही है। कर्नाटक की जनता भी कांदेस की नकारात्मकता से नाराज है। इसलिए कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलना पड़ा। उन्होंने कहा कि दूसरों पर निर्भर रहने वाले देश विकसित नहीं होते हैं। आज देश में कुछ निराशावादी लोग हैं, जिन्होंने देश को दूसरों पर निर्भर रखा। आज वो आत्मनिर्भर भारत का मजाक उड़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को गुजरात के सूरत में ये बातें कही। उन्होंने वहां से 18 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा कि 12 साल पहले देश में सोलर एनर्जी का प्रोडक्शन न के बराबर था, लेकिन आज हम दुनिया के टॉप 5 देशों में से एक हैं। हमने इथेनॉल ब्लेंडिंग की। गैस की पाइपलाइन बनाई, ताकि देश में एनर्जी की कोई भी समस्या सामने नहीं आए।

### ऊर्जा संकट से पूरी दुनिया प्रभावित

वैश्विक हालात पर मोदी ने कहा कि दुनिया इस समय अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रही है। पहले कोरोना महामारी आई, फिर विभिन्न क्षेत्रों में युद्ध शुरू हुए और अब ऊर्जा संकट ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। पेट्रोल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और गैस आपूर्ति श्रृंखला की समस्याओं ने कई देशों को परेशान किया है। 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक प्रयासों की बदौलत भारत इन सभी चुनौतियों का मजबूती से सामना कर रहा है। वर्तमान वैश्विक संकट यह दिखाता है कि ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता कितनी जरूरी है और पिछले 12 वर्षों में देश ने जो क्षमता विकसित की है, उसका महत्व आज साफ दिखाई दे रहा है।

### भाजपा पर जनता का भरोसा

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार विकास को सर्वोपरि रखकर काम कर रही है और इसी वजह से देश की जनता का भरोसा भाजपा और उसके विकास कार्यों पर लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि देश की जनता बार-बार भाजपा को जनादेश दे रही है। मोदी ने गुजरात की जनता का अभिनंदन करते हुए भारतीय जनता पार्टी की हालिया स्थानीय निकाय चुनावों में मिली ऐतिहासिक जीत पर खुशी जताई और पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि इस जीत को सत्ता नहीं, बल्कि सेवा के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए।

### ग्रीन एनर्जी का पांचवां हिस्सा गुजरात से

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को गुजरात को देश की हरित ऊर्जा क्रांति का अग्रदूत बताया। उन्होंने कहा कि इस सदी की शुरुआत में गुजरात ने नवीकरणीय ऊर्जा के लिए अलग सरकारी विभाग बनाया था। पाटन जिले के चारंका गांव में देश का पहला सोलर पार्क स्थापित किया गया, जिसने भारत के नवीकरणीय ऊर्जा अभियान को नई दिशा दी। मोदी ने बताया कि आज भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 250 गीगावॉट तक पहुंच चुकी है। इसमें अकेले गुजरात का योगदान 50 गीगावॉट है यानी देश की कुल ग्रीन एनर्जी का पांचवां हिस्सा गुजरात से आता है। सौर ऊर्जा उत्पादन में गुजरात ने उल्लेखनीय कार्य किया है और अब ग्रीन हाइड्रोजन तथा ग्रीन अमोनिया जैसे भविष्य के क्षेत्रों में भी राज्य की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होने वाली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 12 वर्षों में 'वेस्ट टू वेल्थ' यानी कचरे से संपदा बनाने का एक बड़ा जनआंदोलन शुरू हुआ है, जिससे शहर अधिक स्वच्छ और हरित बने हैं।

# उप्र ने पूरा किया 5 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य

**लखनऊ**

विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 5 करोड़ पौधे लगाए गए। इस दौरान एक कार्यक्रम में योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने तीन वर्ष पहले 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का आह्वान किया था। उन्हीं की प्रेरणा से 9 वर्ष में पौधरोपण के वृहद कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। पीएम ने वसुधैव कुटुम्बकम के अनुरूप 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' का संदेश दुनिया को दिया है। उनके आह्वान पर हम सब भारतवासी पर्यावरण की चुनौतियों का सामना करते हुए प्रकृति के साथ खड़े हैं। सीएम योगी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान' संगोष्ठी का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया, बच्चों को चॉकलेट दीं और आमजन को कपड़े के झोले देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। सीएम ने बच्चों के साथ सेल्फी ली और वृक्ष कलश में जल भी अर्पित किया।



### जुलाई में एक दिन में लगाएंगे 35 करोड़ पौधे

मुख्यमंत्री ने कहा कि मार्च 2017 में पौधरोपण के लिए वन विभाग की नर्सरी में बमुश्किल 5 लाख पौधे मिल पाए थे, लेकिन आज सरकारी व निजी नर्सरी में 55 करोड़ पौधे तैयार हैं। आज प्रदेश भर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पांच करोड़ पौधे लग रहे हैं। अब जुलाई में महाभियान चलाएंगे और एक दिन में नागरिकों के साथ मिलकर 35 करोड़ पौधे लगाएंगे।

### प्रकृति को क्षति पहुंचाने वालों से सजग रहें

योगी ने नागरिकों से प्रकृति व जलस्रोतों को नुकसान पहुंचाने वाले भूमाफिया, वन माफिया, खनन माफिया व स्मगलरों के प्रति सजग रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि सजग नागरिकों का दायित्व है कि मातृभूमि के प्रति दायित्वों का निर्वहन करें। सीएम ने विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेशवासियों को पांच संकल्प भी दिलाए। इसमें एक पेड़ मां के नाम लगाना, शरारती तत्वों व जीव-जंतुओं से पेड़ों की सुरक्षा, जल संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करना और प्रकृति के अनुरूप जीवन शैली अपनाना शामिल है। योगी ने कटाक्ष किया कोई टोंटी चोरी कर रहा है, कोई पानी बर्बाद कर रहा है, ऐसे लोगों को टोकें। जल संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाएं, कोशिश हो कि पानी व्यर्थ न हो।

# हरिद्वार जा रहे तीन दोस्तों को ट्रक ने रौंदा, मौके पर मौत

**मुजफ्फरनगर**

दिल्ली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवकों को पीछे से टक्कर मार दी, जिसके बाद तीनों सड़क पर गिर पड़े और ट्रक का पिछला हिस्सा उनके ऊपर से गुजर गया। हादसा इतना भयावह था कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई और शवों के अवशेष हाईवे पर दूर-दूर तक बिखर गए। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर मुजफ्फरनगर से हरिद्वार की ओर जा रहे थे। जब वे छपार थाना क्षेत्र में सिसौना कट के पास स्थित पूजा होटल के निकट पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों युवक सड़क पर गिर गए और संभलने का अवसर भी नहीं मिला। इसी दौरान ट्रक का पिछला हिस्सा उनके ऊपर चढ़ गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना भीषण था कि शवों के अवशेष सड़क पर फैल गए। घटना के बाद कुछ अन्य वाहन भी वहां से गुजर गए, जिससे स्थिति और भयावह हो गई। सड़क पर मांस के टुकड़े और अवशेष बिखरे होने के कारण वहां मौजूद लोगों के रोंगटे खड़े हो गए।



### ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार

पुलिस के अनुसार, हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश के लिए विशेष टीमों को लगाया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि ट्रक और चालक की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी हो सके।

## मोहम्मद अजमल सिद्दीकी ने टीएमसी से दिया इस्तीफा

# अभिषेक बनर्जी के साथ काम करना मुश्किलः अजमल सिद्दीकी

**नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल में टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को मोहम्मद अजमल सिद्दीकी ने राज्य सचिव (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) समेत पार्टी के सभी पदों और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी को लिखे पत्र में मोहम्मद अजमल सिद्दीकी ने लिखा कि पूरे सम्मान के साथ मैं राज्य सचिव (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) और एआईटीसी में मुझे सौंपी गई सभी दूसरी जिम्मेदारियों से, साथ ही पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तुरंत इस्तीफा देता हूं। उन्होंने आगे लिखा, यह फैसला हल्के में नहीं लिया गया है। मैंने अपना समय, ऊर्जा और प्रतिबद्धता पार्टी को दी है और हमेशा संगठन और उसके कार्यकताओं के हित में काम किया है। आपके नेतृत्व में काम करना और पार्टी के विकास व लोगों तक पहुंच में योगदान देना मेरे लिए सम्मान की बात है। लेकिन काफी सोचने-विचारने के बाद मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि मैं अब पार्टी के साथ अपना जुड़ाव जारी रखने की हालत में नहीं हूं। हालांकि, मेरे इस फैसले में निजी वजहें शामिल हैं। लेकिन मुझे पार्टी के मौजूदा माहौल और कामकाज से अपनी गहरी नाराजगी भी जाहिर करनी होगी। उन्होंने लिखा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सही सलाह-मशविरा न होने से मेरे जैसे लोगों के लिए अपनी जिम्मेदारियों को अच्छे से निभाना मुश्किल होता जा रहा है।



### 'समर्पित कार्यकताओं को किया जा रहा नजरअंदाज'

सिद्दीकी ने लिखा, पिछले कुछ वर्षों से कई मेहनती और समर्पित कार्यकताओं को लगा है कि उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है, किनारे कर दिया गया है और उन्हें वह सम्मान नहीं मिल रहा है जिसके वे हकदार हैं। जो लोकतांत्रिक भावना कभी बातचीत और मिलकर फैसले लेने को बढ़ावा देती थी, वह अब काफी कमजोर हो गई है। जमीनी स्तर के कार्यकताओं की वास्तविक चिंताएं अक्सर अनसुनी रह जाती हैं, जिससे पार्टी के पक्के सदस्यों में निराशा बढ़ रही है।

### 'अभिषेक बनर्जी के साथ काम करना मुश्किल'

उन्होंने लिखा, मुझे खास तौर पर अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व और काम करने के तरीके के तहत काम करना मुश्किल लगा है। मेरे अनुभव में पार्टी के मामलों और कार्यकताओं के साथ बातचीत को लेकर उनके नजरिये ने ऐसा माहौल बना दिया है, जहां लंबे समय से काम कर रहे और वफादार सदस्य खुद को कमतर और हाशिए पर महसूस करते हैं।

# नागपुर में 2.61 करोड़ रुपये की गांजा खेप जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**नागपुर**

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने महाराष्ट्र के नागपुर में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 522 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त किए गए गांजे की अनुमानित बाजार कीमत करीब 2.61 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार डीआरआई को सूचना मिली थी कि एक ट्रक के जरिए भारी मात्रा में गांजा एक राज्य से दूसरे राज्य में तस्करी कर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने नागपुर के पास एक प्रमुख राजमार्ग पर निगरानी बढ़ाई और संदिग्ध ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली। जांच के दौरान ट्रक में विशेष रूप से बनाए गए गुप्त खानों से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। डीआरआई अधिकारियों ने बताया कि तस्करों ने गांजे की खेप को अन्य सामान के बीच छिपाकर ले जाने की कोशिश की थी ताकि जांच एजेंसियों की नजर से बचा जा सके। हालांकि खुफिया जानकारी और सटीक कार्रवाई के चलते तस्करी की इस बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान ट्रक में मौजूद दो लोगों को हिरासत में लिया गया, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

# बरेली से अब मथुरा जाना हुआ आसान, सफ़र महंगा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली से मथुरा, बदायूं और गंगा एक्सप्रेस-वे की ओर सफर करने वाले लोगों के लिए बड़ी खबर है। अगले साल से इस रूट पर यात्रा महंगी होने जा रही है। बरेली-मथुरा नेशनल हाईवे पर देवचरा और बदायूं के कछला में नए टोल प्लाजा बनाए जा रहे हैं। इनके चालू होते ही वाहन चालकों को दो स्थानों पर टोल टैक्स देना होगा, जिससे आम यात्रियों, व्यापारियों और रोजाना अप-डाउन करने वाले लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा।

करीब 228 किलोमीटर लंबे बरेली-मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण और निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। लगभग 7,700 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को वर्ष 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना को तीन चरणों में बांटा गया है। मथुरा से कासगंज तक का हिस्सा पहले ही तैयार हो चुका है, जबकि कासगंज से बदायूं के बीच 80 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।




अब बदायूं से बरेली तक के अंतिम चरण में सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य तेजी से जारी है।इसी अंतिम चरण के तहत बरेली के देवचरा और बदायूं के कछला क्षेत्र में टोल प्लाजा के लिए स्थान तय कर निर्माण शुरू कर दिया गया है। हाईवे पूरी तरह तैयार होने के बाद अगले वर्ष से यहां गंगा एक्सप्रेस-वे जाने वालों पर भी पड़ेगा असर बिनावर कट से गंगा एक्सप्रेस-वे की ओर जाने वाले वाहन चालकों को भी नए टोल का भुगतान करना पड़ सकता है। इससे गंगा एक्सप्रेस-वे के जरिए यात्रा करने वालों का खर्च भी बढ़ जाएगा। अभी तक यह मार्ग अपेक्षाकृत सस्ता

**● देवचरा-कछला में बन रहे दो नए टोल, गंगा एक्सप्रेस-वे भी अब मुफ़्त नहीं**

माना जाता था, लेकिन नए टोल लागू होने के बाद यात्रा बजट पर सीधा असर पड़ेगा।मथुरा, कासगंज, बदायूं और हाथरस जैसे बड़े व्यापारिक केंद्रों से बरेली का सीधा संपर्क है। इस मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में मालवाहक और व्यावसायिक वाहन चलते हैं।

ऐसे में टोल टैक्स बढ़ने का असर माल ढुलाई लागत और कारोबार पर भी पड़ सकता है। वहीं रोजाना सफर करने वाले नौकरीपेशा लोगों की जेब पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।वर्तमान में बरेली के लोग दिल्ली रोड पर फतेहगंज पश्चिमी, नैनीताल रोड पर भोजीपुरा, लखनऊ हाईवे पर फरीदपुर और पीलीभीत रोड पर संचालित टोल प्लाजा पर टैक्स दे रहे हैं। अब देवचरा में नया टोल शुरू होने के बाद शहर लगभग हर प्रमुख दिशा में टोल प्लाजा से घिर जाएगा। एनएचएआई के परियोजना निदेशक उत्कर्ष शुक्ला के अनुसार बरेली-मथुरा हाईवे के अंतिम चरण में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। देवचरा और कछला में टोल प्लाजा के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और पूरी परियोजना को वर्ष 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## सार संक्षेप

### हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों का हुआ सम्मान



**बहेड़ी।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एआईएमआईएम के नेता एवं नगरपालिका चेयरमैन प्रत्याशी मो. शादाब एसके की ओर से पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित करना और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना था। शुक्रवार को नगर के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मो. शादाब एसके ने क्षेत्र के पत्रकारों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी होता है, जो निष्पक्ष और निर्भीक होकर जनहित से जुड़े मुद्दों को सामने लाता है। पत्रकारिता लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है और पत्रकार समाज तथा प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने पत्रकारों के योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने सम्मान के लिए आयोजक का आभार व्यक्त किया। समारोह में क्षेत्र के अनेक पत्रकार एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मोहर्रम को लेकर हाईअलर्ट पर बरेली

**बरेली।** मोहर्रम को लेकर बरेली पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने शुक्रवार रात गूगल मीट के माध्यम से जिले के सभी पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कानून-व्यवस्था की तैयारियों का खाका खींचा। बैठक में मोहर्रम के दौरान शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने के लिए कई अहम निर्देश जारी किए गए।रात आठ बजे आयोजित डेली समीक्षा गोष्ठी में जिले के सभी पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी शामिल हुए। एसएसपी ने वर्तमान कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और संवेदनशील मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी।एसएसपी ने सभी क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। धर्मगुरुओं, ताजियादारों, आयोजकों और गणमान्य नागरिकों के साथ लगातार संवाद बनाए रखने पर जोर दिया गया। साथ ही जुलूस मार्गों, संवेदनशील स्थलों और संभावित विवादित बिंदुओं का भौतिक सत्यापन कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि अफवाह फैलाने, भड़काऊ पोस्ट करने या सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई की जाए। सभी थाना प्रभारियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी होगी।

### युवती से अश्लीलता करने का आरोपी गिरफ्तार

**बरेली।** थाना फरीदपुर क्षेत्र मे पिता को चाबी देकर लौट रही हिंदू छात्रा का पीछा कर अश्लील इशारे करने वाले आसिफ को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के लिए जब उसे हवालात से निकाला तो वह लंगड़ाते हुए निकाला। पुलिस के मुताबिक युवती ने बताया कि उसके पिता फौज में तैनात है। वह स्नातक तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि 22 मई को उनके पिता जब ड्यूटी गए थे तो चाबी घर पर ही भूल गए। इसके बाद वह उन्हें उनके कार्यस्थल पर चाबी देने के लिए गई थी। आरोप है कि लौटते वक्त रास्ते में सेंट मारिया स्कूल के पास एक युवक ने उन्हें गंदे इशारे किए और पीछा किया। आरोप है कि उस वक्त वह उसे पहचान नहीं पाई तो आरोपित ने घर तक उनका पीछा किया। कुछ दिनों बाद वह युवक उन्हें फिर से दिखाई दिया तो उन्होंने पीछा कर उसका पता लगाया। पता चला कि वह सदर में नाइट एंगल स्कूल के पास रहने वाला आसिफ है। मामले मे युवती ने 29 मई को आरोपित आसिफ के विरुद्ध कैंट थाने में प्राथमिकी लिखाई। पुलिस ने आरोपित आसिफ को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ के बाद जब उसे कोर्ट में पेश करने के लिए हवालात से निकाला तो वह लंगड़ाते हुए निकला। उसके लंगड़ाने का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है।

# बहेड़ी तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में 132 शिकायतें दर्ज, 18 का मौके पर निस्तारण

## अस्पताल में डॉक्टरों की कमी और गन्ना भुगतान का मुद्दा छाया, अधिकारियों को दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बहेड़ी।** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) में जनता की समस्याओं को सुनने के लिए बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे। तहसील दिवस में कुल 132 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 18 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया।

इस दौरान एडीएम न्यायिक देश दीपक सिंह एवं तहसीलदार भानू प्रताप सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तहसील दिवस में सरकारी अस्पताल की अव्यवस्थाओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। लोगों ने शिकायत करते हुए कहा कि अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी है। जो चिकित्सक तैनात हैं, वे भी नियमित रूप से नहीं बैठते, जिससे मरीजों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ता है।

इसके अलावा अस्पताल की जांच सुविधाएं भी बदहाल हैं। लैब लंबे समय से बंद पड़ी है, एक्स-रे मशीन पुरानी हो चुकी है और अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं किसानों ने केसर चीनी मिल पर बकाया गन्ना भुगतान न होने का मुद्दा उठाते हुए नाराजगी जताई। किसानों का कहना था कि लंबे समय से भुगतान लंबित होने के कारण उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने शीघ्र भुगतान कराए जाने की मांग की। इसके अलावा राशन कार्ड न बनने, राजस्व विवाद, भूमि संबंधी समस्याएं, बिजली एवं पेयजल आपूर्ति से जुड़ी शिकायतें भी अधिकारियों के समक्ष रखी गईं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।

# मनौना धाम में दर्शन करने आया श्रद्धालु के साथ हो गई चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**● सीसीटीवी ने खोल दिया राज; चौंकाने वाला निकला आरोपी**

**बरेली।** मनौना धाम में पत्नी के साथ मंदिर पहुंचे श्रद्धालु का मोबाइल और नकदी उस समय गायब हो गई, जब वह दुकान पर बैठकर विश्राम कर रहा था। घटना के बाद जब सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो चोर का चेहरा सामने आ गया। इसके बाद दुकानदारों और पीड़ित ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

मामला आंवला थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध मनौना धाम का है। रामपुर जिले के टांडा थाना क्षेत्र के लाडपुर निवासी अजय सिंह अपनी पत्नी के साथ मनौना धाम दर्शन करने आए थे। दर्शन के बाद दोनों एक दुकान पर बैठकर आराम कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक मौका पाकर उनका ओप्पो ए-53 मोबाइल फोन और 640 रुपये नकद लेकर फरार हो गया।कुछ देर बाद जब अजय सिंह को चोरी का पता चला तो आसपास तलाश शुरू की गई। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर एक युवक संदिग्ध गतिविधि करते दिखाई दिया। फुटेज के आधार पर दुकानदारों और पीड़ित ने आरोपी की पहचान कर उसे पकड़ लिया और सीधे आंवला थाने ले आए।पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी की पहचान कन्थरी निवासी 28 वर्षीय सतेन्द्र पुत्र राजेन्द्र के रूप में हुई है। उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह राघव ने आरोपी से पूछताछ की तो उसके कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल फोन और 640 रुपये बरामद हो गए। बरामदगी के बाद आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पहले भी एक आपराधिक मामला दर्ज है। ऐसे में पुलिस अब उसके आपराधिक इतिहास और अन्य गतिविधियों की भी जांच कर रही है।श्रद्धालुओं की भारी आवाजाही वाले मनौना धाम में हुई इस घटना के बाद पुलिस ने लोगों से अपने सामान की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की अपील की है। वहीं सीसीटीवी की मदद से कुछ ही घंटों में आरोपी की गिरफ्तारी होने से पुलिस ने राहत की सांस ली है।

### घुंघचाई पुलिस की कार्रवाई, 10 ई-रिक्शा सीज

**पूरनपुर।** घुंघचाई पुलिस ने सडक हादसे के बाद सख्ती दिखाते हुए अब तक दस ई-रिक्शा सीज किए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से ई-रिक्शा चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। घुंघचाई क्षेत्र में ई-रिक्शा से सडक हादसे बढते जा रहे है। चार जून को घुंघचाई में ई रिक्शा पर बैठे तीन लोगों की मौत हो गई थी। परिवहन विभाग ने लोगों से हादसे की जानकारी ली थी। जिस पर लोगों ने ई रिक्शा चालको की लापरवाही बताई थी। जिस पर परिवहन बिभाग ने ई रिक्शाओं पर कार्रवाई के निर्देश घुंघचाई पुलिस को दिए थे। इसी को लेकर पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान कई ई-रिक्शा चालकों के पास आवश्यक कागजात,फिटनेस और रजिस्ट्रेशन संबंधी दस्तावेज नहीं पाए गए,जिसके चलते कार्रवाई करते हुए उन्हें सीज किया गया। पुलिस ने अब तक दस ई रिक्शा और एक ओवर लोड ट्रक पर कार्यवाही करते हुए अब तक इनको सीज किए है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।







# मकान के बंटवारे पर पूर्व पार्षद को तीसरी मंजिल से फेंकने वाला भाई गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** किला क्षेत्र में पूर्व पार्षद और कपड़ा कारोबारी सूर्य प्रकाश गुप्ता की तीसरी मंजिल से गिराकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित और मृतक के भाई विष्णु गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं घटना में नामजद उसके दोनों बेटे अभी भी फरार हैं। गिरफ्तारी से बचने के लिए दोनों ने अपने मोबाइल फोन भी बंद कर दिए हैं, जिससे पुलिस को उनकी लोकेशन नहीं मिल पा रही है।

मुरावपुरा निवासी सूर्य प्रकाश गुप्ता सिविल लाइंस स्थित फैशन प्लान नाम से रेडीमेड वस्त्रों का कारोबार करते थे। वह पूर्व में पार्षद भी रह चुके थे। परिवार के भीतर पैतृक मकान और संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद ने गुरुवार को खूनी मोड़ ले लिया।मृतक के बेटे आशुतोष गुप्ता की तहरीर के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब 11 बजे उनके चाचा विष्णु गुप्ता घर पहुंचे और मकान खाली करने अथवा चार लाख रुपये देने का दबाव बनाने लगे। विरोध होने पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि विष्णु गुप्ता ने हथौड़े से मकान तोड़ना शुरू कर दिया। जब सूर्य प्रकाश गुप्ता ने इसका विरोध किया तो विष्णु गुप्ता और उसके बेटों आयुष गुप्ता तथा कौशिक गुप्ता ने उन्हें तीसरी मंजिल से धक्का दे दिया।

गंभीर रूप से घायल सूर्य प्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने मामले में विष्णु गुप्ता, उसके दोनों बेटों समेत 10 लोगों के खिलाफ हत्या और साजिश सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विष्णु गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। घटना के बाद दोनों नामजद भतीजे फरार हो गए। गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने अपने मोबाइल भी बंद कर लिए हैं। पुलिस की कई टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। अधिकारियों का दावा है कि फरार आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मॉर्निंग रेड में 52 घरों में पकड़ी बिजली चोरी

## 85 के कनेक्शन काटे, अब दर्ज कराई जाएगी एफ़आईआर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बिजली चोरी और बढ़ते लाइन लॉस पर लगाम कसने के लिए बिजली विभाग ने शुक्रवार तड़के बड़ा अभियान चलाया। जोन-प्रथम के हाई लाइन लॉस और हॉटस्पॉट क्षेत्रों में मॉर्निंग रेड एवं कांबिंग अभियान के दौरान 52 उपभोक्ता बिजली चोरी करते पकड़े गए। सभी के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया, जबकि बकाया बिल जमा न करने वाले 85 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए।

विभागीय टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर बिजली कनेक्शनों की गहन जांच की। अभियान के दौरान कुल 513 विद्युत संयोजनों की जांच की गई। जांच में बड़ी संख्या में उपभोक्ता सीधे लाइन से बिजली लेते या अन्य अनियमितताओं के जरिए बिजली चोरी करते पाए गए।मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि बिजली चोरी रोकने और लाइन लॉस कम करने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया गया। जांच में बिजली चोरी करते पाए गए 52 उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान ऐसे उपभोक्ताओं पर भी कार्रवाई की गई, जिन्होंने लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं किया था। कुल 85 बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित कर दिए गए।

मुख्य अभियंता ने कहा कि बिजली चोरी केवल विभाग को आर्थिक नुकसान नहीं पहुंचाती, बल्कि इसका सीधा असर ईमानदारी से बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं पर भी पड़ता है। अवैध रूप से बिजली उपयोग करने से ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त भार बढ़ जाता है, जिसके कारण वोल्टेज की समस्या, बार-बार ट्रिपिंग और बिजली आपूर्ति बाधित होने जैसी परेशानियां सामने आती हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि लाइन लॉस कम करने और उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। विभाग ने लोगों से बिजली चोरी न करने और समय पर बिल जमा करने की अपील की है।

**भ्रष्टाचार** करोड़ों लेकर भागी कार्यदायी संस्था; 72 घंटे का अल्टीमेटम

# 22 करोड़ की घोटाले की बिल्डिंग की फाइल गायब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नगर निगम की करीब 22 करोड़ रुपये की लागत से बनी बहुमंजिला नई बिल्डिंग एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गई है। निर्माण में गंभीर खामियां छोड़ने वाली कार्यदायी संस्था के खिलाफ की गई कार्रवाई और जारी नोटिसों से संबंधित पूरी फाइल ही गायब हो गई है। करोड़ों रुपये की परियोजना से जुड़े अहम दस्तावेज नहीं मिलने पर नगर निगम प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

अधिकारियों ने निर्माण विभाग के इंजीनियरों और संबंधित कर्मचारियों को फाइल बरामद करने के लिए 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। नगर निगम की नई इमारत का निर्माण गाजियाबाद की वीके कंस्ट्रक्शन फर्म को सौंपा गया था। आरोप है कि फर्म ने करोड़ों रुपये का भुगतान लेने के बावजूद भवन में कई तकनीकी और निर्माण संबंधी खामियां छोड़ दीं। इतना ही नहीं, भवन का विधिवत हैंडओवर किए बिना ही एजेंसी परियोजना से किनारा कर गई। निर्माण में मिली कमियों को लेकर निगम प्रशासन ने समय-समय पर एजेंसी को कई नोटिस जारी किए और कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू की थी।सबसे बड़ा सवाल यह है कि एजेंसी के खिलाफ की गई कार्रवाई, नोटिस, जवाब और विभागीय पत्राचार से संबंधित पूरी फाइल अब रिकॉर्ड रूम और संबंधित शाखाओं में नहीं मिल रही है। करोड़ों रुपये की परियोजना से जुड़ी इतनी महत्वपूर्ण फाइल का अचानक गायब हो जाना निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। अधिकारियों को आशंका है कि फाइल में कई महत्वपूर्ण तथ्य और जवाबदेही तय करने वाले दस्तावेज मौजूद थे।




### मुख्य अभियंता बोले दर्ज कराई जाएगी एफआईआर

मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने संबंधित लिपिकों और इंजीनियरों से तत्काल फाइल प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय में फाइल नहीं मिलती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। नए भवन का निर्माण छह अप्रैल 2023 तक पूरा होना था, लेकिन परियोजना आज तक पूरी तरह तैयार नहीं हो सकी। निर्माण कार्य पूरा कराने के लिए 21 मार्च 2024, आठ अप्रैल 2024 और 12 अप्रैल 2024 को आदेश जारी किए गए, लेकिन एजेंसी ने काम पूरा नहीं किया।इसके बाद 20 सितंबर, एक अक्टूबर और 11 नवंबर 2024 को नोटिस जारी किए गए। इतना ही नहीं, फर्म पर 30 दिसंबर 2024 को 50 हजार रुपये और 29 जनवरी 2025 को दो लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया था। अब इन्हीं कार्रवाइयों से जुड़ी फाइल के गायब होने से पूरे मामले की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने विशेष खोज अभियान शुरू करा दिया है और संबंधित कर्मचारियों से जवाब तलब किया गया है।

### बाग स्वामी को पीटने के मामले में मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** बाग स्वामी को पीटने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामला तहसील क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा का है। गांव निवासी भजन्ने का एक बाग है। जिसमें आम व अमरुद आदि के पेड़ लगे हैं।

आरोप है कि गांव के कुछ लोग रोजाना उसके बाग में जबरन बकरी चराने जाते हैं। चार जून को गांव निवासी रिसात बकरी चराने के लिए उसके बाग में आया। सूचना पर आए बाग स्वामी ने उसको बकरी चराने से रोक लिया। जिस पर आरोपी गाली गलौज करने लगे, विरोध करने पर उसको लात घूंसों व डंडों से मारा पीटा। जिससे बह घायल हो गया। शोर मचाने पर दोवारा बाग में आने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242

# अधिवक्ता फारूख हत्याकांड में आरोपी बाबू पर आरोप तय

## कड़ी सुरक्षा के बीच जेल से कोर्ट में पेश हुआ आरोपी



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** अधिवक्ता फारूख हत्याकांड में आरोपी बाबू पर शनिवार को आरोप तय हो गए है। अब केस ट्रायल आ गया है।गवाही के लिए 30 जून की तारीख नियत की गई है। सेशन न्यायालय में कड़ी सुरक्षा में आरोपी असगर अली को लाया गया। जहां न्यायालय में सुनवाई हुई।

बता दे कि 11 फरवरी को जिला पंचायत कार्यालय में लिपिक असगर अली दिनदहाड़े अधिवक्ता फारूख अहमद को गोली मारकर हत्या कर दी थी।साथ ही आरोपी ने अपने ऊपर भी फायर झोंका था। जिससे उसके छर्रें लग गए थे। उधर अधिवक्ता की दिनदहाड़े मौत होने पर अन्य अधिवक्ताओं ने कई दिनों तक प्रदर्शन कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। मामले को लेकर पुलिस पर भी त्वरित कार्रवाई का दबाव बना हुआ था। मृतक की पत्नी एवं जिला पंचायत कर्मी निशा गौसिया की तहरीर पर पुलिस ने विभाग के ही बाबू असगर अली समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी असगर अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जब से आरोपी जेल में है।चार दिन पहले आरोपी असगर अली की जमानत खारिज हो चुकी है। शनिवार को आरोपी को कड़ी सुरक्षा में जेल से न्यायालय लाया गया। जहां पर आरोप तय किए गए। जबकि असगर अली ने न्यायालय में अपने आपको बेगुनाह बताते हुए आरोपों को निराधार बताया। अब इस मामले की सुनवाई 30 जून को होगी।

### दिनदहाड़े गोली चलने से पसर गया था सन्नाटा

जिला पंचायत कार्यालय में दिनदहाड़े गोली चलने से सन्नाटा पसर गया था। लिपिक और अधिवक्ता के बीच हुई हाथापाई की 2 मिनट की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। वीडियो देखकर लोग सब दंग रह गए थे। गोली मारने के बाद मृतक फारूख की पत्नी निशा गौसिया को चप्पल से पिटाई आरोपी द्वारा करने की वीडियो भी वायरल हुई थी। अब इस मामले में आरोपी असगर अली पर आरोप तय हो गए हैं।

### पांच माह से आरोपी है बंद

11 फरवरी को जिला पंचायत परिसर में दिनदहाड़े गोली चली थी। घटना के बाद से ही आरोपी असगर अली जेल में बंद हैं। शनिवार को हत्याकांड मामले में सुनवाई हुई। न्यायालय ने गवाही के लिए 30 जून नियत की है। आरोपी और मृतक के पत्नी गौसिया जिला पंचायत में तैनात है।

## गर्म दूध में गिरकर झुलसी मासूम, उपचार के दौरान मौत

**शाहबाद।** बीती रात शाहबाद नगर के मोहल्ला फर्राशान में दो वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई।मासूम 15 दिन पहले शाहबाद नगर स्थित पिता की मिठाई की दुकान पर खेलते वक्त गर्म दूध में गिरकर झुलस गई थी, जिसके बाद से मासूम बच्ची का उपचार मुरादाबाद के निजी अस्पताल में चल रहा था, मासूम ने शनिवार को अंतिम सांस ली।शहर के मोहल्ला फर्राशान की दो वर्षीय मासूम बच्ची दुआ( 2 ) पंद्रह दिन पहले अपने पिता की मिठाई की दुकान पर खेल रही थी, खेलते खेलते अचानक पीछे को हटते वक्त मासूम गर्म दूध के बर्तन में गिरकर झुलस गई।परिजन मासूम दुआ को उपचार के लिए आनन फनान में मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में लेकर गए, जहां उसका उपचार चल रहा था, बीती रात मासूम दुआ ने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। शनिवार सुबह मासूम दुआ को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

## एक नजर

### शाहबाद में बाइकों की भिड़ंत, दो युवक जख्मी

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद के चंदौसी रोड पर दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक बुरी तरह ज़ख्मी हो गए, जिनको उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।शाहबाद में मोहल्ला अफ़ग़ानान निवासी संजय और महिपाल बाइक पर सवार होकर शाहबाद से करेथी गांव तालाब में मछली के बीज लेकर डालने के लिए जा रहे थे। रास्ते में भूड़ासी गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक अज्ञात बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, इसी बीच अज्ञात बाइक सवार मौके से फरार हो गया। हादसा देख राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भेजा। जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### तंबाकू के सेवन से होने वाली हानियों के प्रति किया जागरूक

**रामपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा एक विशेष कार्यक्रम हस्ताक्षर अभियान का आयोजन जिला महिला चिकित्सालय में किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला चिकित्सालय डॉ. अनवर सादात द्वारा हस्ताक्षर करके किया गया। हस्ताक्षर अभियान में जिला महिला चिकित्सालय में कार्यरत हेल्प डेस्क मैनेजर सरिता वरिष्ठ सहायक दिव्या एवं चिकित्सालय के डॉक्टर एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ ने प्रतिभाग किया।

## लिफ्ट आपरेटरों पर मंडराए संकट के बादल

**रामपुर।** जिला अस्पताल की लिफ्टों पर तैनात आपरेटरों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं क्योंकि इनको हटाकर वार्ड ब्वॉय को तैनात किया जाएगा। इनकी तैनाती से आपरेटरों की परेशानियां बढ़ेगी। आपरेटरों का कहना है कि ऐसे में हम लोग कहां जाएंगे और परिवार का गुजर बसर कैसे करेंगे। जिला अस्पताल में मरीजों के लिए तीन स्थानों पर लिफ्ट है जिसमें प्रशासनिक भवन, फिजियोथैरेपी सेंटर और रैन बसेरे के सामने बनी बिल्डिंग में लिफ्ट है। इनके संचालन के लिए ऑपरेटर की तैनाती 7 साल पहले हुई थी। जब ही से लिफ्टों पर तैनात आपरेटर की इनकी देखरेख कर रहे हैं। लेकिन अब जानकारी में आया है कि सभी ऑपरेटरों को हटाकर वार्ड ब्वॉय को तैनात किया जाएगा। लेकिन वार्ड बॉय की तैनाती से ऑपरेटरों की दुश्वारियां बढ़ेगी। इसको लेकर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं हैं।

# सबसे ज्यादा समस्याएं जीएसटी विभाग से आ रही: शैलेंद्र

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक को सबोधित करते जिलाध्यक्ष। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** शनिवार को चंपा कुंवरि धर्मशाला में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की तरफ से जीएसटी विभाग का व्यापारी संवाद कार्यक्रम हुआ। जिसमें उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि व्यापारी समाज को सबसे ज्यादा समस्याएं जीएसटी विभाग से आती हैं। जिसमें माल की चेकिंग के नाम पर व्यापारियों का शोषण किया जाता है। जगह-जगह माल की गाड़ियों को रोका जाता है। छोटी सा बिल में गलती पर गाड़ियों को दो-तीन दिन तक खड़ा किया जाता है।व्यापारियों को नोटिस के नाम पर शोषण किया जाता है।टैक्स जमा करने की देरी से उसके ऊपर पेनल्टी लगा दी जाती है जिस से व्यापारी को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। व्यापारी समाज हमारे देश की रीड की हड्डी है,जो सभी तरीके के टैक्स जीएसटी इनकम टैक्स वाटर टैक्स हाउस टैक्स लेबर बिजली दुकान का किराया इन सभी खर्चों को निकालने के बाद जो बचता है। व्यापारी समाज के टैक्स देश की अर्थव्यवस्था अच्छी चले।

जीएसटी विभाग के उपायुक्त संदेश कुमार जैन ने कहा कि प्रदेश के व्यापारिक गतिविधियों के प्रोत्साहन, पंजीयन बेस एवं राजस्व वृद्धि तथा स्थानीय स्तर पर जीएसटी सुधारों के प्रति जाग रूकता के लिए उद्यमियों, करदाताओं एवं अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से 'व्यापारी संवाद कार्यक्रम को आयोजित किया गया,जो भी व्यापारियों ने अपनी अपनी समस्याएं रखी हैं उनका भविष्य में जल्दी निस्तारण कराया जाएगा। जिला महामंत्री शाहिद शम्सी,शोएब मोहम्मद खान, जगन्नाथ चावला,हरीश शम्सी, प्रदीप खंडेलवाल,शाकेब अहमद, मुकेश आर्य, बिलाल शम्सी,फैसल हबीब,नूर मोहम्मद खान, राजीव अग्रवाल, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, संजय पाठक, विनोद गप्पल,सोनी अग्रवाल,मुराद खान, मोहसिन खान, रशीद मियां, हसीन मियां काशिफ खान आदि मौजूद रहे।

# श्रीराम चौक से हुआ श्रीनाथ जी रसकथा का उद्घोष

- **शिव बहादुर सक्सेना जी ने किया प्रभात फेरी का स्वागत**

जागरण मोर्चा कार्यालय



श्रीराम चौक पर खड़े प्रभात फेरी में शामिल लोग। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** गौ सेवा परिवार द्वारा आयोजित होने वाले श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव 18 से 21 जुलाई के निमित्त निकाली जा रही 21 दिवसीय प्रभात फेरी एवं निमंत्रण यात्रा आज ज्वाला नगर क्षेत्र में पहुंची। ज्वाला नगर में पहुंची श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव की प्रभात फेरी का स्वागत वरिष्ठ समाजसेवी एवं नगर विधायक आकाश सक्सेना के पिता शिव बहादुर सक्सेना द्वारा किया गया।

शिव बहादुर सक्सेना ने प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया।पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर प्रतिदिन प्रातः निकल रही यह प्रभात फेरी घर-घर जाकर श्रद्धालुओं को श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव का निमंत्रण दे रही है।प्रभात फेरी के ज्वाला नगर में प्रवेश करते ही क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे "जय श्रीनाथ जी" के उद्घोष एवं मधुर भजनों की स्वर लहरियों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने बताया कि आगामी आठ दिनों तक प्रभात फेरी ज्वाला नगर की विभिन्न गलियों एवं मोहल्लों में भ्रमण कर लोगों को श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव का निमंत्रण प्रदान करेगी। प्रभात फेरी के माध्यम से समाज में सनातन संस्कृति, भक्ति एवं धार्मिक जागरण का संदेश भी दिया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री योगी का अवतरण दिवस मनाया

**मसवासी।** क्षेत्र के ग्राम रहमतगंज में हिन्दू युवा वाहिनी के जिला महामंत्री सतेन्द्र मौर्य के आवास पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अवतरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मुख्यमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की। शनिवार को कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गौ संरक्षण, सामाजिक समरसता एवं जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान कई युवाओं ने हिन्दू युवा वाहिनी की सदस्यता भी ग्रहण की। संगठन के जिलाध्यक्ष सुमेश कुमार गुप्ता उर्फ शंभू भैया का भी सम्मान किया। जिला महामंत्री सतेन्द्र मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए उनके जीवन को राष्ट्र सेवा और सुशासन का प्रेरणादायक उदाहरण बताया। इस मौके पर विजयपाल सिंह, संजीव चौधरी, रामसिंह दिवाकर, तेजेश्वर कुमार, कमल किशोर, प्रसादी लाल आदि शामिल रहे।

# सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास नाकाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** टांडा-मुरादाबाद मुख्य मार्ग पर टेलीफोन एक्सचेंज के ठीक बराबर स्थित सरकारी (नॉन जेड ए) बहुमूल्य आराजी पर अवैध कब्जा करने की कोशिश को तहसील प्रशासन ने विफल कर दिया।

पुनः कब्जा करने का प्रयास करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। नगर के मुरादाबाद मार्ग पर टेलीफोन एक्सचेंज के पास कुछ नॉन जेड ए की आराजी खाली पड़ी है।आराजी मुख्य मार्ग पर होने के कारण अत्यंत कीमती है और व्यवसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जाती है, हालांकि यह रकबे के हिसाब से ग्राम पंचायत बादली की सीमा में आती है। गांव बादली निवासी एक व्यक्ति ने शुक्रवार शाम से यहां अवैध निर्माण शुरू कर कब्जा करने का प्रयास किया था।जैसे ही इसकी सूचना उपजिलाधिकारी विकास कुमार वर्मा को मिली, उन्होंने शनिवार सुबह नायब तहसीलदार विश्वास कुमार दीक्षित के नेतृत्व में राजस्व टीम को मौके पर भेजा। टीम ने तुरंत निर्माण कार्य रुकवा दिया और संबंधित व्यक्ति को सख्त चेतावनी जारी की कि यदि दोबारा कब्जे या निर्माण का प्रयास किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।सूत्रों के अनुसार, इस आराजी के आसपास अन्य नॉन जेड ए सरकारी भूमि भी है। स्थानीय लोगों ने इसकी जांच व पैमाइश कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# टांडा गांव में दो बाइके भिड़ी, 5 लोग जख्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय



घायल को उपचार देते स्वास्थ्य कर्मी।

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के टांडा गांव के पास दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत में बाईकों पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

शाहबाद थाना क्षेत्र के ऊंचागांव निवासी अकबर अली अपने दोस्त शारिक निवासी लोधीपुर के साथ बाइक पर सवार होकर बरेली जनपद के सिरौली से दावत खाकर अपने गांव लौट रहे थे, रास्ते में जैसे ही उनकी बाइक टांडा गांव के पास पहुंची, सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर बरेली जनपद के हरदासपुर निवासी प्रेमपाल गुप्ता, नरेशपाल सिंह और प्रेम बाबू सवार थे।वह सभी मंदिर से दर्शन कर अपने घर लौट रहे थे। दोनों बाइको में इतनी भिड़ंत भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार पांच लोग बुरी तरह लहुलूहान हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों और आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**तैयारियां** परीक्षा की शुचिता एवं सुरक्षा के लिए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों का डीएम- एसपी ने किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते एसपी और डीएम। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** आगामी 8 जून से 10 जून तक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू संचालन के दृष्टिगत जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने तहसील स्वार स्थित राजकीय इंटर कॉलेज, स्वार का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। परीक्षा केंद्र में शौचालयों की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, विद्युत आपूर्ति हेतु जनरेटर की उपलब्धता तथा परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता, गोपनीयता एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन के लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी व्यवस्थाएं उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ सुरक्षा मानकों का भी पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हो सके।

## सार संक्षेप

### विक्रेता केवल कीटनाशी रसायनों की करें खरीद, बिक्री

**रामपुर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने सभी पंजीकृत कीटनाशी विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि कीटनाशक व्यापार से संबंधित सभी अभिलेखों का विधिवत संधारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन कंपनियों अथवा थोक विक्रेताओं से कृषि निवेश सामग्री प्राप्त की जाती है, उनसे संबंधित बिल अनिवार्य रूप से प्राप्त कर सुरक्षित रखें, ताकि निरीक्षण के दौरान मांगे जाने पर प्रस्तुत किए जा सकें।उन्होंने बताया कि सभी कीटनाशी विक्रेता केवल उन्हीं कीटनाशी रसायनों की खरीद एवं बिक्री करें। जिनका अधिकार पत्र ( पीसी ) उनके प्राधिकार पत्र पर अंकित हो। इसके अतिरिक्त कृषि निवेश का विक्रय करते समय प्रत्येक कृषक को बिल अथवा कैश मेमो उपलब्ध कराना अनिवार्य है।जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने कहा कि ग्रो सेफ फूड अभियान के अंतर्गत जारी बैनर एवं पोस्टर को फ्रेम कर प्रतिष्ठान पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए। साथ ही सभी विक्रेताओं को स्टॉक रजिस्टर, सेल रजिस्टर तथा कैश मेमो का अद्यतन अभिलेख अपने प्रतिष्ठान पर रखना अनिवार्य होगा।उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रतिबंधित रसायनों की बिक्री पूर्णत: वर्जित है।



मोहित कुमार सक्सेना को सम्मानित करते शिक्षक। –जागरण मोर्चा

### हरिद्वार में सम्मानित हुए रामपुर के शिक्षक

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय भोट बक्काल के प्रधानाध्यापक मोहित कुमार सक्सेना को उनके नवाचार के लिए सम्मानित किया।यह सम्मान राष्ट्रीय स्तर की संस्था मेरा स्कूल मेरी शान के द्वारा हरिद्वार में आयोजित इनकी सातवीं कार्यशाला हुई।| यह संस्था सरकारी नवाचारी शिक्षकों का एक समूह है जो नवाचार और नवाचारी शिक्षकों को प्रोत्साहित करता है | इस कार्यशाला में तीसरी पुस्तक अंकुरण का भी विमोचन किया गया | रामपुर से मोहित कुमार सक्सेना को सम्मानित किया गया उनके द्वारा किए गए कार्यों व पुस्तक में लिखे लेख मध्याहन् भोजन योजना की प्रशंसा की गई | संस्था द्वारा इनके कार्यों के लिए स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया इससे पूर्व संस्था द्वारा इनको आगरा में आयोजित छठी कार्यशाला में भी सम्मानित किया जा चुका है।

### कवि का किया स्वागत



शाहबाद में पहुंचे प्रसिद्ध कवि विपिन शर्मा का शॉल ओढ़ाकर स्वागत करते व्यापार मण्डल अध्यक्ष नगर अध्यक्ष मुकेश चंद गुप्ता।

**शाहबाद।** नगर में पधारे कवि विपिन शर्मा का व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया।नगराध्यक्ष मुकेश चंद गुप्ता ने कहा कि साहित्यकार और कवि समाज का दर्पण होते हैं। वे अपनी कविताओं के माध्यम से समाज को नई दिशा दिखाने का काम करते हैं। ऐसी महान विभूतियों का सम्मान करना पूरे शाहबाद नगर के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के कई पदाधिकारी और स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने कवि विपिन शर्मा का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

### सीडीओ ने किया टांडा सीएचसी का निरीक्षण

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक सतपाल उपस्थित रहे।निरीक्षण में चिकित्सालय की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। अस्पताल परिसर एवं भवन के भीतर की गई वॉल पेंटिंग तथा जनहित संबंधी संदेशों वाले स्लोगन उत्कृष्ट पाए गए। शौचालयों की स्वच्छता एवं पेयजल व्यवस्था भी बेहतर स्थिति में मिली।पंजीकरण कक्ष के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर का अवलोकन किया।निरीक्षण के समय तक 50 मरीजों का ऑनलाइन तथा 200 मरीजों का ऑफलाइन पंजीकरण किया गया था। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रभावी अनुश्रवण करते हुए अस्पताल आने वाले मरीजों का अधिकाधिक ऑनलाइन पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए।आपातकालीन चिकित्सा कक्ष में साफ-सफाई, एंटी रैबीज एवं एंटी स्नेक इंजेक्शन, आकस्मिक चिकित्सा हेतु उपलब्ध दवाओं का रखरखाव, पैरामॉनिटर, ऑक्सीजन सिलेंडर तथा बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को बाहर से दवाएं न लिखी जाएं तथा जीवनरक्षक दवाओं का वितरण अस्पताल से ही सुनिश्चित किया जाए। वहां पर बताया कि चिकित्साधिकारी डॉ. बबीता कुमार जिला चिकित्सालय गई हुई हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि चिकित्सालय में समुचित चिकित्सा व्यवस्था के साथ-साथ पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था को नियमित रूप से और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए।




लोगों को ओआरएस बांटते पदाधिकारी।

### समिति ने लोगों को बांटा ओआरएस

**रामपुर।** वीर खालसा सेवा समिति की ओर से रोडवेज पर ओआरएस के पैकेट वितरण किये।समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा समिति द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्यों में बढ़- चढ़कर हिस्सा लेती है। पिछले लगभग 20 वर्षों से समिति द्वारा सेवा कार्य जारी हैं।शनिवार को रोडवेज पर सेवा कार्य राहगीरों के लिए किए गए यह सेवा कार्य आगे भी जारी रहेंगे। समिति के सभी सदस्य निस्वार्थ सेवा भावना से कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर निर्मल सिंह, नारायण सिंह, गुलशन अरोड़ा, सेवा सिंह, सुरजीत सिंह, मनिंदर सिंह, मनदीप सिंह, मनजीत सिंह, कमलजीत सिंह, सनी कपूर सदस्य मौजूद रहे।

### हरी मिर्च के दाम को लेकर किसानों का प्रदर्शन

**मसवासी।** क्षेत्र के रहमतगंज और मंसूरपुर गांव के किसानों ने हरी मिर्च व्यापारियों की कथित मनमानी के विरोध में शनिवार को प्रदर्शन किया। किसानों ने स्वार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और मिर्च खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित कराने की मांग की।किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हरी मिर्च की खेती की जाती है, लेकिन उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उनका कहना है कि स्थानीय व्यापारी आपसी सहमति से खरीद मूल्य तय कर लेते हैं और उसी दर पर किसानों से मिर्च खरीदते हैं। इससे किसानों को फसल की लागत तक नहीं मिल पा रही है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन पर भाजपा युवा मोर्चा नेता राजेश यादव परविंदर कुमार मौर्य सहित संजय कश्यप, राकेश, बृजकिशोर, प्रेम सिंह, देवेंद्र कुमार, प्रदीप, जयप्रकाश तथा अन्य किसानों के हस्ताक्षर हैं।



**तहसील स्वार में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**

# डीएम- एसपी ने 24 में से 4 शिकायतों का कराया निस्तारण, दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा की उपस्थिति में तहसील स्वार के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में राशन, विद्युत, भूमि पैमाइश, आवास, पेंशन तथा विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 24 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुने और उनका निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है सभी अधिकारी स्वयं पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का प्रयास करें।टांडा में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। जिसमें 20 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील बिलासपुर में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) आनन्द कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 14 शिकायतें प्राप्त हुई।4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील मिलक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। जिसमें 18 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया ।इसके अतिरिक्त तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी शाहबाद की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 12 शिकायतें प्राप्त हुई ।2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया ।तहसील सदर में उपजिलाधिकारी सदर की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया ।जिसमें कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया।



स्वार तहसील में लोगों की शिकायत सुनते डीएम और एसपी।



महिला को आयुष्मान कार्ड देते डीएम। -जागरण मोर्चा

## 12 गरीब परिवारों को डीएम-एसपी ने बांटे आयुष्मान और अंत्योदय कार्ड

**रामपुर।** जिले की तहसील स्वार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने जन-शिकायतों के निस्तारण के साथ ही गरीब और जरूरतमंद परिवारों को योजना से जोड़ा गया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक श्री सोमेन्द्र मीणा ने स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 12 पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना और अंत्योदय अन्न योजना के तहत कार्ड वितरित किए। पूरी तरह से जांच और सत्यापन के बाद सौंपे गए इन कार्डों से गरीब परिवारों को जहां गंभीर बीमारियों के मुफ्त इलाज में मदद मिलेगी, वहीं मुफ्त राशन से उनके जीवन स्तर में सुधार होगा ।प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित किया गया था कि योजनाओं का लाभ केवल पात्र परिवार तक ही पहुंचे। इन सभी 12 लाभार्थियों की पात्रता की जांच और जमीनी स्तर पर सत्यापन संबंधित विभागों द्वारा पहले ही पूरा कर लिया गया था। समाधान दिवस के मौके पर जब जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने खुद अपने हाथों से इन्हें कार्ड सौंपे, तो लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से यह संदेश भी गया है कि सरकारी योजनाएं अब फाइलों से निकलकर सीधे जनता के हाथों तक पहुंच रही हैं ।केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना के तहत गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे जरूरतमंदों को सूचीबद्ध अस्पतालों में हर साल पांच लाख रुपये तक के नि :शुल्क और गुणवत्तापूर्ण उपचार की सुविधा मिलती है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इसी उद्देश्य से यह कार्ड बांटे गए हैं ताकि पैसों के अभाव में किसी का इलाज न रुके। वहीं, अंत्योदय योजना के तहत समाज के सबसे कमजोर और गरीब तबके को खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अंत्योदय राशन कार्ड उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे उनके परिवार का भरण-पोषण सुगमता से हो सके।

### महिलाओं के चेहरों पर आई मुस्कान

जिन 12 पात्र लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए गए, उनमें मुख्य रूप से ग्रामीण महिलाएं शामिल रहीं। इनमें मुकेश कुमार की पत्नी शब्बो रानी, अजय कुमार की पत्नी सोनिया, सलीम खां की पत्नी शिवा देवी, अजय कुमार की पत्नी शिखा और फूल सिंह की पत्नी बबीता को प्रमुखता से मंच पर कार्ड सौंपे गए। इन सभी लाभार्थियों ने शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन अहम योजनाओं से उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और निर्बाध खाद्य सुरक्षा का मजबूत संबल मिला है ।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़े निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे स्वयं पात्र व्यक्तियों को चिन्हित करें और समयबद्ध रूप से उन्हें योजनाओं से जोड़ें। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

# झटपट पोर्टल आवेदन, गुणवत्तापरक बिलिंग की एमडी ने समीक्षा

- आंबेडकर पार्क बिजलीघर पहुंचकर वितरण परिवर्तको की क्षतिग्रस्ता को कम करने के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मेरठ के निदेशक रवीश गुप्ता आईएएस ने मंडल के वाणिज्यिक पैरामीटर और विद्युत आपूर्ति से संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की। प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता ने 1912 उपभोक्ता शिकायत, झटपट पोर्टल आवेदन, गुणवत्तापरक बिलिंग, पीएम सूर्य घर योजना, बिजली चोरी एवं राजस्व वसूली से संबंधित बिंदुओं की गहनता से समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति प्राथमिकता पर सुचारू बनाए रखें, आपूर्ति बाधित होने पर यथाशीघ्र उसे सामान्य किया जाए इसके अतिरिक्त क्षेत्र में विद्युत चोरी रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। साथ ही उन्होंने आंबेडकर पार्क बिजलीघर का भी निरीक्षण किया। जहां वितरण परिवर्तको की क्षतिग्रस्तता को कम करने के लिए आवश्यक मरम्मत कार्य एवं भार संतुलन तथा अर्थिग इत्यादि का कार्य करने के लिए अधीनस्थों को निर्देश दिए। इस अवसर पर स्टाफ ऑफिसर सोनम सिंह, मुख्य अभियंता मुरादाबाद क्षेत्र मुरादाबाद अशोक कुमार चौरसिया, अधीक्षण अभियंता इं. सत्येंद्र कुमार चौहान, अधिशासी अभियंता प्रवीण कुमार शर्मा, अनुराग सिंह, शैलेंद्र कुमार, उमेश कुमार, कर्मवीर सिंह, बेचन राम आदि मौजूद रहे।



मालगोदाम स्थित एसई कार्यालय में समीक्षा लेते प्रबंध निदेशक।

# हजरत चिराग अली शाह का 3 दिवसीय उर्स हुआ संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** नगर के खाता नगरिया में स्थित दरगाह हजरत चिराग अली शाह का तीन दिवसीय सालाना उर्स शनिवार सुबह कुल शरीफ और लंगर के साथ संपन्न हो गया। उर्स में दूर-दराज से आए जायरीनों ने मन्नतें मांगी और देश में अमन-चैन की दुआ की।

उर्स का आगाज पहले दिन महफिल-ए-मिलाद-शरीफ से हुआ। रात को सूफी संगीत का मुकाबला हुआ।नईम साबरी और मुस्कान डिस्को ने कव्वाली पेश कर समां बांध दिया। दूसरे दिन रात को मशहूर कव्वाल साकिब साबरी ने नातिया कलाम पेश किया। उनकी कव्वाली सुनकर पूरा पंडाल "या रसूल अल्लाह के नारों से गूंज उठा। जायरीन देर रात तक कलाम सुनते रहे।शनिवार सुबह 10 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। इसके बाद विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने एक साथ बैठकर तबर्रुक खाया। लंगर में हिन्दू-मुस्लिम सभी बिरादरी के लोग शामिल हुए और भाईचारे की मिसाल पेश की। पुलिस-प्रशासन ने भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे।



नातिया कलाम पेश करते कव्वाल। -जागरण मोर्चा

# यंग गोल्ड क्लब और मेलबॉर्न क्लब ने फाइनल में किया प्रवेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नगर के मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जाफर अली मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के 13 वें पहले सेमी फाइनल मैच में बारिश के कारण रुका मैच पूरा हुआ। जिसे यंग गोल्ड क्लब ने 132 रन बना कर 2 विकेट से रॉयल नवाब क्लब को हराया। फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरा सेमीफाइनल मैच मेलबॉर्न कलब और न्यूलाइट क्लब के बीच हुआ। जिसमें टॉस जीत कर पहले बेटिंग करते हुए न्यूलाइट क्लब ने निर्धारित 18 ओवर में 124 रन बनाए।बल्लेबाज पीयूष जोशी ने 22 रन, मास्टर नफीस ने 20 रन, जावेद लालू ने 17 रन,सलीम ने 11 रन,दाऊद ने 10 रन, बनाए। अतिरिक्त 19 रन बने। मेलबॉर्न क्लब के गेंदबाज नासिर पीटरसन,गुड्डू प्रिंस ने तीन-तीन विकेट,सरफराज ने 2 विकेट तथा अदनान ने एक विकेट लिया। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। जीत के लिए 125 रन बनाने के लिए मेलबॉर्न क्लब ने 16.2 ओवर में 4 खिलाड़ी आऊट होने के बाद 6 विकेट से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मेलबॉर्न क्लब के बल्लेबाज जुबैर आलम ने 43 रन, नासिर पीटरसन ने 29 रन , नावेद जहीर ने 19 रन वाजिद अली ने 10 रन बनाए , अतिरिक्त 16 रन बने। न्यूलाइट क्लब के गेंदबाज मुनीर बादशाह और जावेद लालू ने दो-दो विकेट लिए और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ ।मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार क्रमशः यंग गोल्ड क्लब के खिलाड़ी नावेद रहमानी को कदीर पप्पू द्वारा और मेलबॉर्न क्लब के खिलाड़ी नासिर पीटरसन को मास्टर मशीनरी के अकबर अली द्वारा दिया। अंपायर शादाब कुरैशी और फ़िरसत अली अन्ना रहे। कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर , जहीर जिया और अब्दुल रज़्ज़ाक़ रहे। ऑनलाइन स्कोरिंग मौलाना जुनैद और आकिब गुल ने की। मैच में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि शरीफ जमील रहे। भाजपा नेता मकसूद लाला, हाजी अली प्रिंस, आयोजक हाजी मुबीन, इसरार, नाजिम फरीदी, महफूज मुन्ना, अलकमा अमान, इनाम अली, मौलाना शाहफेद, लियाकत नवाज़, जावेद अली, अकबर अली, अजीम, नाजिम खां ,अख्तर अली प्रधान, तौसीफ आलम, जुबैर आलम, वसी खान, कदीर पप्पू, नुरुल हुदा ,कारी रिजवान, महबूब अली, जावेद रहमानी, कारी अल्तमश, मोइन अली, और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



खिलाड़ी को पुरस्कार देते मुख्य अतिथि।

### मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**रामपुर।** वित्तीय वर्ष 2026-27 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के तहत मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना एवं सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम स्थापना योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए विभागीय पोर्टल 8 से 28 जून तक खोला जा रहा है ।सहायक निदेशक मत्स्य प्रशांत गंगवार ने बताया कि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदकों को योजनावार पृथक-पृथक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले आवश्यक अभिलेखों सहित योजनाओं की विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट करना होगा। योजनाओं में भविष्य में किसी प्रकार का संशोधन किए जाने की स्थिति में संशोधित प्रावधान प्रभावी होंगे।

**प्रतियोगिता** शिव पंवार को मैन ऑफ द मैच चुना गया

# चोबर्स इलेवन ने एसएन हॉस्पिटल को 8 विकेट से हराया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ज्वाला क्लब वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित केपी सिंह मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि संदीप सोनी एवं नलिन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का पाठ पढ़ाते हैं तथा ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। दिन में खेले गए पहले मुकाबले में बाबा इलेवन ने कैंपस इलेवन को 8 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कैंपस इलेवन की टीम 17.1 ओवर में 97 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से अचिन ने 18 रन बनाए। बाबा इलेवन की ओर से गेंदबाजी में फिरोज अली और शिव पंवार ने 3-3 विकेट हासिल किए, जबकि इरशाद ने 2 विकेट चटकाए। जवाब में बाबा इलेवन ने 11.1 ओवर में 2 विकेट खोकर 99 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। शिव पंवार ने 34 गेंदों में 52 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि मोहम्मद राशिद ने 28 रन का योगदान दिया। अपने बेहतरीन ऑल राउंड प्रदर्शन के लिए शिव पंवार को मैन ऑफ द मैच चुना गया ।रात्रि में खेले गए दूसरे मुकाबले में चोबर्स इलेवन ने एसएन हॉस्पिटल को 8 विकेट से पराजित कर जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएन हॉस्पिटल ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। टीम की ओर से मोहसिन रईस खान ने 55 रनों की शानदार पारी खेली। जवाब में चोबर्स इलेवन ने 16.2 ओवर में मात्र 2 विकेट खोकर 152 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। विवेक भारद्वाज ने 53 रन और अक्षय चौधरी ने 40 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। गेंदबाजी में अब्दुल हमीद खान ने 2 विकेट हासिल किए। शानदार प्रदर्शन के लिए विवेक भारद्वाज को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

इस अवसर पर अमित सिंह, बंटी राठौर, विनय, विक्की सक्सेना, संजू, अविनाश, हरिओम, लकी, विनोद, सूर्यकांत, शिवम भारद्वाज, त्रिभुवन, सुल्तान, शावेज, अभिषेक, अखिलेश, वरुण, विजय, हर्ष सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।टूर्नामेंट के आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए आगामी मुकाबलों में भी इसी तरह के रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद जताई।




मुख्य अतिथि को सम्मानित करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में होगा एचपीवी टीकाकरण

**रामपुर।** सर्वाइकल कैंसर से महिलाओं को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अब आरोग्य मेले में भी एचपीवी टीकाकरण होगा। इसको लेकर विभागीय जिम्मेदारों का कहना है कि टीकाकरण उन किशोर-किशोरियों का होगा कि जो 14 वर्ष के हो चुके है और 15 के नहीं हुए है। उन सभी का टीकाकरण कराया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को समस्त उपकेंद्रों पर एचपीवी का टीकाकरण सत्र आयोजित किया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ .केके चहल ने बताया कि इस वैक्सीन का प्रयोग वर्ष 2009 से किया जा रहा है। एचपीवी महंगी वैक्सीन है बाजार में इसकी कीमत करीब चार हजार रुपये हैं। अधिक से अधिक टीकाकरण कराए जाने के लिए शिविर लगाए जा रहे है जिससे कि किशोर-किशोरियों का टीकाकरण हो सके। इसलिए मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में एचपीवी टीकाकरण होगा। प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को समस्त उपकेंद्रों पर एचपीवी का टीकाकरण सत्र आयोजित किया जाएगा।

### मंदिर में हुए हवन में भक्तों ने दी आहुति

**रामपुर।** शनिवार को शक्ति दरबार में हो रहे शिव पुराण कथा मृत्युंजय मंत्र जाप यज्ञ में आहुतियां देकर जगत कल्याण के लिए प्रार्थना की गई ।पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने अपने सहयोगी भक्तों को साथ लेकर पूजा अर्चना करते कथा में भगवान शिव के 11 ग्यारहवें शिव ज्योतिर्लिंग रामेश्वरम की स्थापना की कथा सुनाई। बताया कि इस शक्ति को भगवान श्रीराम ने शिव भक्त महान ज्ञानी ब्राह्मण लंकापति रावण को जीतने में कामयाब हुए। और रामेश्वर ज्योतिर्लिंग स्थापित किया। भगवान शिव ने संसार हित की भावना वाले भक्त राम की सहायता कर पक्ष लिया। और विजयी होने का वरदान दिया ।भगवान शिव को जो भी देव दानव मानव जीवन जन्तु जगत में रहनेवाले प्राणी मात्र को शुभकामनाएं देते हुए भगवान शिव रामेश्वरम धाम है ।इस अवसर पर पंडित सत्यम शर्मा,पंडित मानस पाठक,पंडित विनोद कुमार मिश्रा, पंडित भगवान दास शर्मा, विवेक शर्मा, तिलक राज, सुखदेव मिश्रा,राम भरोसे लाल यादव, राजेंद्र सिंह, जगन्नाथ पांडे, मुकेश कुमार रावत, अन्नू मिश्रा, हरी बाबू गुप्ता, सीमा, राधा रानी,किशन लाल मौजूद रहे।



मंदिर में कथा सुनाते पंडित।

### 9 माह से 5 वर्ष तक बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन ए की खुराक

**रामपुर।** 9 माह से पांच वर्ष तक बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने जाने का कार्य जनपद में 10 जून से शुरू होगा। खुराक पीने से रतौंधी, अंधापन बचाव एवं उपचार, कुपोषण से बचाव एवं उपचार, कुपोषण से लडने के लिए प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोत्तरी होती है। नोडल अधिकारी ने बताया कि जनपद में 10 जून से विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बच्चों को वर्ष में दो बार विटामिन ए की खुराक पिलाने का विशेष कार्यक्रम चलाया जाता है। विटामिन ए आंखों की बीमारियों जैसे रतौंधी अंधता से बचाव के साथ-साथ बच्चों में शारीरिक रोग प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि के लिए भी आवश्यक है ।साथ ही देने से बच्चों में दस्त एवं निमोनिया आदि बीमारियों के घातक प्रभाव में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि विटामिन ए 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में भी कमी लाता है ।जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात आशाओं और एएनएम और प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाएं।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान। -जागरण मोर्चा

### समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर।** जल जीवन मिशन के नाम पर करोड़ों खर्च करने के बाद भी तहसील सदर के ग्राम नानकर के लोग आज भी पानी के लिए तरस रहे हैं ।2 साल पहले घर-घर नल कनेक्शन देने के लिए पाइपलाइन बिछा दी गई थी, लेकिन आज तक पानी की ओवरहेड टंकी नहीं बन सकी। नतीजा ये कि पाइपलाइन सूखी पड़ी है और 500+ घरों को हैंडपंप से पानी ढोना पड़ रहा है। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के प्रदेश महासचिव जुबैद खान के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने तहसील सदर पहुंचकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जुबैद खान ने कहा कि 2024 में ठेकेदार ने पाइपलाइन बिछाकर काम पूरा दिखा दिया, भुगतान भी ले लिया। लेकिन टंकी निर्माण का काम आज तक शुरू नहीं हुआ। बिना टंकी और पानी के स्रोत के पाइप का कोई मतलब नहीं। गर्मी में महिलाएं-बच्चे 1 किमी दूर हैंडपंप से पानी ला रहे हैं। सरकार कागजों में हर घर जल दिखा रही है, लेकिन नानकर के घर सूखे हैं ।ग्रामीणों ने 15 दिन में टंकी निर्माण शुरू कराने और दोषी ठेकेदार व जल निगम के अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। उपजिलाधिकारी सदर ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जांच कराकर जल निगम को टंकी निर्माण के निर्देश दिए जाएंगे और काम में लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई होगी ।गांव की दिक्कत : पाइप तो हर घर तक पहुंच गई, पर नल खोलो तो हवा आती है। नियम के मुताबिक हर व्यक्ति को रोज 55 लीटर पानी मिलना चाहिए, पर नानकार में 0 लीटर ।पाइप लाइन तो है लेकिन टंकी नहीं ।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पत्रकारों ने रोपे पौधे

**मिलक।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मिलक के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पत्रकारों ने विभिन्न स्थानों पर फलदार एवं छायादार पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण कर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। पत्रकारों ने लोगों से अपने जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों पर पौधे लगाने और उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने की अपील की। पौधारोपण अभियान में संजीव श्रीवास्तव, सत्यवीर सागर, चंद्रपाल मौर्य, रोहिताश मणि, विनोद कुमार श्री वास्तव, संजीव गुप्ता, विकास वशिष्ठ, पंकज मौर्य, प्रखर वशिष्ठ, विनोद गंगवार, शाहबाज अहमद, इकरार अहमद, मोहम्मद शाकिर, विपिन तिवारी, धीरेन्द्र गंगवार, कृपाल सिंह, इमरान, सर्वेश मौर्य, चांद मियां सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।



पौधारोपण करते पदाधिकारी।


**बेदखली सूचना**

मैंने अपने बेटों मोहम्मद गुलाम, मोहम्मद इस्माईल को गलत चाल चलन में पड़ जाने के कारण चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में किसी भी कृत्य के दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। दोनों से मेरा और परिवार का कोई वास्ता नहीं रहेगा। **जुम्मा पुत्र छुट्टन नि. ग्राम ललवारा थाना सैफनी तह. शाहबाद जनपद रामपुर।**

# अवैध कब्जे पर प्रशासन का बड़ा एक्शन, अवैध मस्जिद पर चला बुलडोजर

• भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** जनपद में सरकारी एवं सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना नखासा क्षेत्र के गांव कसेरवा में कब्रिस्तान की भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। तहसीलदार न्यायालय द्वारा पारित बेदखली आदेश के अनुपालन में प्रशासनिक टीम ने बुलडोजर चलाकर अवैध रूप से निर्मित मस्जिद को हटाया। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव कसेरवा स्थित गाटा संख्या 400, रकबा 0.028 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है। जांच में पाया गया कि उक्त भूमि के लगभग 0.0120 हेक्टेयर हिस्से पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया गया था। मामले की शिकायत मिलने के बाद राजस्व विभाग ने स्थल निरीक्षण किया और संबंधित अभिलेखों का परीक्षण किया। जांच में कब्जा अवैध पाए जाने पर तहसीलदार न्यायालय में वाद चलाया गया, जिसके बाद उत्तर प्रदेश राजस्व


संभल में अवैध कब्जा हटाती जेसीबी।

संहिता की धारा 67 के अंतर्गत बेदखली के आदेश जारी किए गए।

न्यायालय के आदेश के अनुपालन में शनिवार सुबह प्रशासनिक अधिकारियों की टीम गांव पहुंची। नायब तहसीलदार दीपक कुमार के नेतृत्व में राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पहले स्थल का सीमांकन कराया और इसके बाद जेसीबी मशीनों की सहायता से अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की। अभियान में 13 लेखपालों की विशेष टीम भी शामिल रही, जिन्होंने राजस्व अभिलेखों और सीमांकन की प्रक्रिया को पूरा कराया।

कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। मौके पर थाना पुलिस के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे। पूरे क्षेत्र की निगरानी की गई तथा लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि, ग्राम समाज, कब्रिस्तान, तालाब, चारागाह तथा अन्य सरकारी संपत्तियों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए जिला प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है। ऐसे मामलों में राजस्व अभिलेखों की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी और किसी को भी कानून से ऊपर नहीं माना जाएगा।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चिन्हित अवैध कब्जों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को कसेरवा गांव में की गई यह कार्रवाई भी उसी अभियान का हिस्सा है। अधिकारियों ने कहा कि जहां भी सार्वजनिक भूमि पर अवैध निर्माण या कब्जे की शिकायत मिलेगी, वहां जांच के बाद विधिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप

### भगवान ने कुब्जा का उद्धार कर कंस का वध किया : जगद्गुरु स्वामी अनंत श्याम देवाचार्य



**चन्दौसी।** नगर के सीता रोड श्री गीता सत्संग भवन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस पर जगद्गुरु स्वामी अनंत श्याम देवाचार्य महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अनेक प्रकार की लीलाएं करते हुए गोपी गीत का वर्णन बड़े सुंदर ढंग से किया, जिससे सभी भक्त भाव-विभोर हो गए। कालिया मर्दन लीला का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि किस प्रकार भगवान ने यमुना में विष उगलने वाले कालिया नाग का मान-मर्दन कर यमुना जल को शुद्ध किया। शिक्षा पूर्ण कर जब मथुरा लौटे तो देखा कि जरासंध मथुरा पर आक्रमण कर रहा है। भगवान श्रीकृष्ण ने जरासंध को 17 बार पराजित किया और अंत में द्वारिका नगरी का निर्माण कर वहां शासन करने लगे। रुक्मिणी हरण प्रसंग सुनाते हुए महाराज ने बताया कि कुंडिनपुर के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी थीं। द्वारिका आकर राजा उग्रसेन से अनुमति लेकर भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी से विवाह किया। महाराज के मुखारविंद से भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह की कथा का श्रवण कर सभी भक्त आनंदित हो गए। विवाहोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पंकज सराफ, योगेश सराफ, अनिल कुमार 'सुपर', अध्यक्ष जिवेन्द्र कुमार अग्रवाल, पराग बंसल, सुधांशु रुस्तगी, विनय 'मोनू', राकेश कुमार सराफ, वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, सुनील कुमार 'पप्पू सेठ' आदि का सहयोग रहा।

### ताइक्वांडो कैंप में खिलाड़ियों ने सिखाई गई बारीकियां

**चन्दौसी।** संभल ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा संस्कार वैली स्थित चंदौसी ताइक्वांडो अकेडमी में एडवांस क्योरूगी (फाइट) कैंप का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों को एडवांस तकनीक व नए नियमों के बारे में जानकारी देना था। इसमें चन्दौसी ताइक्वांडो अकेदमी, सेंट थॉमस ताइक्वांडो अकेदमी, सीपीएस ताइक्वांडो अकेदमी, डिफेंस ताइक्वांडो अकेदमी के लगभग 50 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें आदिशक्ति, स्वाधीनता, अंश, आर्यन, अर्पिता, आभा, आराध्या, अक्षत, अगस्त्य, संतराम, सृष्टि, अक्षत रजा, अभिनव, रोली, हुकुम, नमन, लिली, रिद्धिमा, गरिमा, ओम, अविष्का, अपर्णा, अनिष्का, ध्रुव, आदित्य, शिखा, आहिल आदि खिलाड़ी शामिल रहे। सीनियर खिलाड़ियों में मनन, श्याम, तंजीम, राहुल रहे। सीनियर महिला कोच रेखा, पूर्वी राघव का सहयोगग रहा। जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य जनपद के खिलाड़ियों को एडवांस तकनीक व नए नियमों के बारे में जानकारी देना था।


ताइक्वांडो शिविर में अभ्यास करते नन्हे खिलाड़ी।

### पुलिस ने किया फर्जी लूट की साजिश का पर्दाफाश

**बहजोई।** जनपद के थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस ने फर्जी लूट की कहानी रचकर अपने मालिक के डेढ़ लाख रुपये हड़पने वाले एक मजदूर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पूरी नकदी, एक मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर ली है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस ने आरोपी अमन पुत्र जयनपाल निवासी ग्राम रठौल, थाना हजरतनगर गढ़ी को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया कि अमन मजदूरी करता था और उसने अपने मालिक अवनीश के डेढ़ लाख रुपये हड़पने की नीयत से झूठी लूट की सूचना दी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पूछताछ में अमन ने फर्जी लूट की कहानी रचकर रुपये हड़पने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने महज दो घंटे के भीतर पूरे मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को बिलारी तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार इस संबंध में थाना हजरतनगर गढ़ी में मुकदमा दर्ज किया गया था। बरामदगी के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी भी की गई है। पुलिस ने आरोपी के पास से डेढ़ लाख रुपये, ट्रैक्टर ट्राली, मोबाइल फोन आदि बरामद किया है।


घटना का खुलासा करते एसपी।

### महीने में से एक दिन बिना वाहन के कचहरी आने पर दिया जोर

**चन्दौसी।** साक्षी चंदौसी एडवोकेट यूनिटी के तत्वावधान कचहरी परिसर स्थित चंदौसी बार रुम में पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद सिंह एड और एल्डर कमेटी चेयरमैन अनिल गुप्ता द्वारा मां सरस्वती को प्रणाम कर गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। साक्षी एडवोकेट यूनिटी की संयोजिका रंजना शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकृति के द्वारा दी गई, जिसमें अमूल्य धरोहर कैसे बनाएं रखें और पर्यावरण संरक्षण विषय पर चर्चा कर गोष्ठी का आरंभ किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद सिंह ने बंद चैंबर में डस्टबिन रखने की योजना, ट्री गार्ड एवं सफाई अभियान के लिए सहमति दी। साथ ही पूर्व सचिव नितिन सिंह ने बताया कि वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए हम सब अधिवक्ता विन्रम सहमति से वर्किंग दिनों में महीने में से एक दिन बिना वाहन के कचहरी आयेंगे। एल्डर कमेटी सदस्य शकील वारसी, सगीर सैफी ने कचहरी परिसर में पेड़ लगाकर उसकी देखरेख करने का सुझाव दिया। अनिल गुप्ता द्वारा सुझाव दिया गया कि जिनके घर कहचरी के पास है वो पैदल भी आ सकते है इससे स्वस्थ भी रहेगे ओर प्रदूषण भी कम होगा। इस दौरान शकील अहमद सैफी, ब्रिजेश प्रताप सिंह, ललित मोहन सैनी, सफिया कादिर, शिप्रा शर्मा, राहुल मिश्रा मौजूद रहे।

# न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में दो दोषियों को सुनाई 20-20 वर्ष कठोर कारावास की सजा

## न्यायालय ने दोनों दोषियों पर लगाया 50-50 हजार रुपये अर्थदंड

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में दोष सिद्ध होने पर दो दोषियों को 20-20 वर्ष कठोर कारावास व 50-50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

एडीजीसी आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित ने 17 जून 2023 को गुन्नौर पुलिस क्षेत्राधिकारी को तहरीर दी है। जिसमें कहा कि 4 जून 2023



की रात 8 बजे गांव महिला उसकी 16 वर्षीय बहन को शौच करने के बहाने अपने बाजरे के खेत के अंदर चली गई। जहां पहले से ही बाजरे के खेत में घात लगाये बैठे विजयपाल व इंद्रपाल ने तमंचे के बल पर उसकी बहन के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। जब उसकी बहन काफी देर तक घर वापस नहीं आई तो वह महिला के घर पूछने गया तो उसने बताया कि उसे नहीं मालूम कि वह कहां पर है। उसको महिला पर शक होने पर वह अपने परिवार के लोगों व गांव के ग्रामीणों के साथ गांव के पड़ोस में स्थित बाजरे के खेत में ढूंढना शुरू कर किया तो एक बाइक खेत के पास खड़ी मिली। साथ ही उसकी बहन नग्नावस्था में बाजरे के खेत में अर्द्धबेहोशी की हालत में पड़ी थी। वह ग्रामीणों की मदद से अपने बहन को घर लाया। दूसरी दिन 5 जून 2023 को जब पीड़िता पूरी तरह होश में आई, तो उसने आरोपियों द्वारा अपने साथ बारी-बारी से तमंचे के पर दुष्कर्म होने की बात बताई। जब वह घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने थाना जुनावई गया तो पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

पुलिस क्षेत्राधिकारी के हस्तक्षेप के बाद जुनावई थाने में पाक्सो एक्ट व दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने घटना की विवेचना करने के उपरांत चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। उक्त मुकदमें की सुनवाई न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में हुई।

न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुना और विजयपाल व इंद्रपाल को पाक्सो एक्ट व दुष्कर्म के मामले में दोषी पाया। न्यायालय ने दोनों दोषियों को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास व 50-50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

### सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रुल्स की विषय में दी गई जानकारी

**चन्दौसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के दूसरे दिन नगर पालिका परिषद के कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आईटीसीएमएसके द्वारा वार्ड नंबर 24 लक्ष्मणगंज में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रुल्स-2026 के विषय में 4 बिंस कचरा सेग्रिगेशन की जानकारी दी गई। इसके अलावा एसबीएम 2.0 के विभिन्न घटकों जैसे विजिबल क्लीननेस, सोर्स सेग्रिगेशन, पिट कंपोस्टिंग पाइंट, घरेलू हानिक अपविष्ट, स्वास्थ्यकर अपविष्ट कलेक्शन प्वाइंट आरआरआर सेंटर, एमआरएफ सेंटर, लिगेसी वेस्ट रेमिडिएशन आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नगर की सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण, डोर-टू-डोर कलेक्शन एवं सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई पर चर्चा की गई। अधिशासी अधिकारी सत्य प्रकाश ने स्वच्छता कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## संभल के मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर के कई प्रमुख मार्गों को चिन्हित कर चरणबद्ध तरीके से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस टीम की मौजूदगी में मुख्य डाकघर से कोतवाली संभल, चमन सराय होते हुए नगर पालिका की टंकी तक मार्ग पर अभियान चलाकर सड़क एवं फुटपाथों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इससे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया गया।

अभियान के अंतर्गत यशोदा चौराहा से पुरानी तहसील होकर कोतवाली संभल तक तथा मुख्य डाकघर से टंडन चौराहा तक मार्गों पर भी पूर्व में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा चुकी है। प्रशासन द्वारा नगर के अन्य चिन्हित मार्गों पर भी क्रमवार अभियान चलाया जाएगा। चिन्हित मार्गों में नगर पालिका टंकी से बाल विद्या मंदिर स्कूल एवं एजेंसी चौराहा होते हुए भारतीय स्टेट बैंक तक, मनोकामना मंदिर पार्क से हसनपुर रोड लिंक मार्ग तक, जनता पेट्रोल पंप बरेली सराय से प्रेम शंकर वाटिका एवं दुर्गा कॉलोनी तक तथा सरथल पुलिस चौकी से कल्कि विष्णु मंदिर तक के मार्ग शामिल हैं।


अतिक्रमण हटाओ अभियान का विधिवत शुभारंभ करते जिलाधिकारी।

## 6 साल 6 माह बाद सकुशल मिली अपहृत किशोरी, एक बच्चे के साथ हुई बरामद

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** जनपद के थाना एएचटी और रजपुरा पुलिस ने 6 वर्ष 6 माह पुराने अपहरण एवं पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामले का सफल अनावरण करते हुए पीड़िता को उसके बच्चे सहित सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने मामले में नामजद आरोपी व उसकी बहन को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी बहजोई दीपक कुमार के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान वर्ष 2020 से लापता पीड़िता (तत्कालीन आयु लगभग 11 वर्ष) पुत्री निवासी थाना रजपुरा के एक गांव को खोज निकाला गया। जानकारी के अनुसार 17 मार्च 2020 को पीड़िता के पिता ने थाना रजपुरा में तहरीर देकर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया था। इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। लंबे समय तक बरामदगी न होने पर 19 मार्च 2026 को मामले की विवेचना थाना एएचटी को स्थानांतरित कर दी गई। विवेचक उपनिरीक्षक बाबूराम सैनी ने पोस्टर, समाचार पत्रों में प्रचार, मुखबिर तंत्र, सीसीटीवी फुटेज, सोशल मीडिया, डिजिटल ट्रैकिंग और विभिन्न एजेंसियों के सहयोग से व्यापक जांच शुरू की। इसी क्रम में एक जून 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम सिधौली कल्लू मार्ग के पास पहुंची, जहां एक महिला अपने छोटे बच्चे के साथ मिली। पुलिस ने महिला का नाम पूछा।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब छह वर्ष पूर्व पड़ोस की एक महिला उसे बहला-फुसलाकर ले गई थी और आकाश उर्फ वेत्रपाल के पास छोड़ दिया था। आरोप है कि उसे जबरन अपने साथ रखा गया, शारीरिक शोषण किया गया और पत्नी के रूप में रहने के लिए मजबूर किया गया। पीड़िता ने यह भी बताया कि आकाश की बहन पूजा उर्फ कस्तूरी ने भी इस पूरे घटनाक्रम में सहयोग किया। पीड़िता को उसके बच्चे सहित सुरक्षित बरामद कर वन स्टॉप सेंटर बहजोई में रखा गया। इसके बाद पुलिस ने 6 जून को ग्राम केशोपुर के पास हरिबाबा बांध मार्ग से आरोपी आकाश उर्फ वेत्रपाल और उसकी बहन पूजा उर्फ कस्तूरी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

## कार्यकर्ता केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं घर-घर पहुंचाए

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की मासिक बैठक का आयोजन सुभाष रोड पर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह व मंडल प्रभारी देवेंद्र चौधरी मौजूद रहे। जिसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा अपने बल पर विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने तथा संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को पूरी सक्रियता एवं समर्पण के साथ संपन्न कराने का आह्वान किया। मंडल प्रभारी देवेंद्र चौधरी ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए बूत सशक्तिकरण, सदस्यता विस्तार व आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। जिला महामंत्री मनोज कठेरिया ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ प्रबंधन, लाभार्थी संपर्क अभियान तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं के समाधान को लेकर विचार रखे। इसके बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राजकुमार ठाकरे, सुधीर मल्होत्रा, गिरीश रतन, शरद शर्मा, तरुण कुमार नीरज, संजय बंसल, अभिनव शर्मा, विनोद कुमार विन्नी, आशा गोस्वामी, किरन शर्मा, शीला सागर, हरेंद्र कोहली, राजकुमार यादव, शुभम अग्रवाल, आकाश आहूजा, संजय सैनी, चिंटू शर्मा, पप्पू मौर्य, रतन वार्ष्णेय, क्रांति कुमार, राहुल बाल्मीकि, अमित वार्ष्णेय, जयशंकर दुबे, सुरेंद्र सैनी, यश मदान, प्रवीण शर्मा, अनुभव श्रीवास्तव, सच्चिदानंद शर्मा, नरेश लोधी, सभासद निशांत शर्मा, धारा सिंह, संजय राजोरिया, अंकुल ठाकुर आदि उपस्थित रहे।


भाजपा की मासिक बैठक में मौजूद भाजपाई। -जागरण मोर्चा

### जनगणना में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह सम्मानित

**हसनपुर।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत, तहसील हसनपुर (ग्रामीण) में तैनात प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह (प्राथमिक विद्यालय, गुलामपुर, विकास क्षेत्र गंगेश्वरी) को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें जनगणना में पर्यवेक्षक के रूप में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य सौंपा गया था, जिसे उन्होंने अत्यंत निष्ठा, कुशलता और समयबद्धता के साथ पूर्ण किया। जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने रामवीर सिंह के अनुशासन, कर्तव्य परायणता और समर्पण भाव की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में उनका योगदान अनुकरणीय है और अन्य कार्मिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## समाधान दिवस में आई 75 शिकायतों में 7 का मौके पर हुआ निस्तारण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम व सीओ ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। समाधान दिवस में 75 शिकायतें आई, जिसमें 7 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

शनिवार को तहसील सभागार में संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम नीतू रानी व सीओ दीपक तिवारी ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिसमें राजस्व विभाग की 22, पुलिस की 12, चकबंदी की 8, विकास की 10, खाद्य एवं रसद विभाग की 5, समाज कल्याण की 2 तथा अन्य 18 शिकायतें आई। कुल 75 शिकायतों में मौके पर राजस्व की 4, पुलिस की एक, चकबंदी की एक व एक अन्य शिकायत का निस्तारण किया गया।


समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

बैठक | संभल में मासिक बैठक संपन्न, 15 दिन में डबल वोट व मृत मतदाताओं की पहचान का लक्ष्य

# मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान को सपा ने बनाया प्राथमिकता

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** समाजवादी पार्टी की जिला इकाई की मासिक बैठक शनिवार को जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान को प्रमुख मुद्दा बनाया गया। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची में दर्ज डबल वोट, ट्रिपल वोट तथा मृत व्यक्तियों के नामों की पहचान कर उन्हें हटवाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष असगर अली असारी ने कहा कि मतदाता सूची


समाजवादी पार्टी की बैठक में बोलते जिला महासचिव। -जागरण मोर्चा

में एक ही व्यक्ति का नाम कई स्थानों पर दर्ज होने से चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और शुद्धता प्रभावित होती है। उन्होंने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर सत्यापन करें, डबल, ट्रिपल तथा मृत मतदाताओं के नाम चिन्हित करें और निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से निर्वाचन आयोग को आवेदन प्रस्तुत कराएं। उन्होंने बताया कि सभी सेक्टर प्रभारियों और बूथ अध्यक्षों को 15 दिनों के भीतर मतदाता सूची सत्यापन का कार्य पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है, ताकि आगामी चुनाव में एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत को प्रभावी ढंग से लागू कराया जा सके।

बैठक का संचालन करते हुए जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की कमेटी गठित की जाएगी, जिसमें युवाओं, महिलाओं तथा पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज के साथियों को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

बैठक में विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव (गुन्नौर), उमेश यादव (चंदौसी), उमेश दिवाकर, अशोक यादव और संजय मदान ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा संगठन की मजबूती और जनसंपर्क अभियान को गति देने पर जोर दिया। बैठक में शोभित कुमार काका, सद्दाम कुरैशी, निसार अहमद, आसिफ इकबाल, मनीष यादव, चेतन गुप्ता, अशोक गुप्ता, लव कुमार यादव, जीशान सभासद, गिरीश यादव, पप्पू शर्मा, डॉ. होराम सिंह, चंद्रकेश यादव, जितेंद्र यादव, अंकित गुप्ता, रिंकू चौहान, रियासत भाई, तस्लीम भाई, अकील भाई, शेख सदन, वीरन यादव, साबिर खान, विवेक शर्मा, रामबाबू, नरेंद्र यादव, बब्बन मौर्य, आकाश शंखधार सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# इंसानियत शर्मसार: 10 वर्षों से आरोपी युवती का कर रहा शारीरिक शोषण

- **अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का लगाया आरोप**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**हसनपुर** । कोतवाली क्षेत्र एक गांव में इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। यहाँ एक युवती ने गाँव के ही दबंग युवक पर नाबालिग के साथ लगातार दस वर्षों से शारीरिक शोषण करने और उसकी अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

हैरान करने वाली बात यह है कि इस घिनौने खेल में आरोपी की पत्नी भी शामिल थी। पीड़िता के मुताबिक जब वह नाबालिग थी आरोपी उसके साथ पिछले दस वर्षों से जबरन बलात्कार कर रहा है। 12 मई की रात आरोपी की पत्नी उसे अश्लील वीडियो डिलीट कराने के बहाने बहला-फुसलाकर अपने घर ले गई। जैसे ही युवती कमरे में पहुंची आरोपी की पत्नी ने उसे अंदर धकेल कर बाहर से कुंडी लगा दी। अंदर पहले से घात लगाये बैठे आरोपी ने पीड़िता के साथ जबरन दोबारा दुष्कर्म किया।

विरोध करने पर आरोपियों ने वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि मनौटा चौकी पुलिस ने उसकी कोई सुनवाई नहीं की, जिसके बाद अब उसने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। युवती ने वीडियो को वायरल कर इंसाफ करने की गुहार लगाई है।

# विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की अंदरूनी खींचतान व गुटबाजी के चलते अन्य पार्टियों हुई सक्रिय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर** । जिले की विधानसभा हसनपुर की सियासत इन दिनों अंदरूनी खींचतान और गुटबाजी के दौर से गुजर रही है। सत्ता पक्ष भाजपा के जनप्रतिनिधियों और उनके करीबी खेमे अब खुलकर आमने-सामने दिखाई देने लगे हैं। लंबे समय से दबी हुई नाराज़गी अब सोशल मीडिया के ज़रिए सार्वजनिक मंचों तक पहुंच रही है, जहां समर्थक एक-दूसरे पर तंज कसने, आरोप लगाने और राजनीतिक भड़ास निकालने में जुटे हुए हैं। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा आम हो चुकी है कि नगर क्षेत्र में भाजपा की सत्ता राजनीति अब "एकजुट संगठन" की बजाय "अलग-अलग खेमों की जंग" में तब्दील होती जा रही है। विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी तालमेल लगभग खत्म होता नजर आ रहा है। मंच साझा करने से लेकर कार्यक्रमों में दूरी बनाने तक, सियासी तल्खियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। सोशल मीडिया पर समर्थकों द्वारा की जा रही बयानबाजी अब व्यक्तिगत कटाक्ष और राजनीतिक हमलों का रूप लेने लगी है। फेसबुक पोस्ट, व्हाट्सएप ग्रुप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर एक-दूसरे के खिलाफ माहौल तैयार किया जा रहा है, जिससे संगठनात्मक अनुशासन पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।यदि यही हालात बने रहे तो आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में इसका सीधा नुकसान भाजपा को उठाना पड़ सकता है। क्योंकि जनता के बीच यह संदेश जा रहा है कि जनहित के मुद्दों से ज्यादा नेताओं की प्राथमिकता आपसी वर्चस्व और राजनीतिक वजूद की लड़ाई बन चुकी है। अंदरखाने चल रही सियासी अदावत अब धीरे-धीरे खुली जंग का रूप लेती दिखाई दे रही है।बताया जा रहा है कि एक जनप्रतिनिधि के खिलाफ शिकायतों, आरोपों और कथित कारनामों की फाइलें राजधानियों तक भेजी जा रही हैं।

इतना ही नहीं, शीर्ष नेतृत्व तक अपने-अपने "सियासी सिग्नल" पहुंचाने की कोशिशें भी तेज हो गई हैं। कोई खुद को संगठन का सबसे मजबूत चेहरा साबित करने में जुटा है, तो कोई विरोधी खेमे की छवि कमजोर करने में लगा हुआ है।विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में यह अंदरूनी संग्राम अब सिर्फ बंद कमरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सियासी गलियारों से निकलकर जनता के बीच चर्चा का विषय बन चुका है। अगर समय रहते हालात को संभाला नहीं गया और आपसी मतभेदों पर विराम नहीं लगा, तो आने वाले दिनों में यह गुटबाजी भाजपा के लिए बड़ी मुश्किलें खड़ी कर सकती है। फिलहाल नगर की सियासत में सन्नाटा कम और सियासी सरगोशियां ज्यादा सुनाई दे रही हैं। अगर विधानसभा चुनाव तक यह आपसी मतभेद इसी तरीके से चलता रहा तो हो सकता है।भाजपा को आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में नुकसान उठाना पड़ सकता है। भाजपा के आपसी मतभेद के चलते अन्य पार्टियां मजबूत होगी।

# रास्ते के विवाद को लेकर जमकर मारपीट, दोनों पक्षों के छह घायल, चार को किया रेफर

## दोनों परिवार में काफी दिनों से रास्ते को लेकर चला आ रहा था विवाद, दोनों पक्षों ने पुलिस को दी तहरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय



मारपीट में घायल परिवार के लोग। -जागरण मोर्चा







**हसनपुर** । कोतवाली क्षेत्र के गांव में रास्ते के विवाद को लेकर कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों की ओर से लाठी डंडे चल गए,मारपीट में दोनों पक्षों के छः लोग घायल हो गए,घायलों को उपचार के लिए नगर के सीएचसी लाया गया,जहां चार घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर में ओमपाल पुत्र ननुआ एवं उसके चाचा महेंद्र का परिवार एक ही गली में रहता है। दोनों के मकान गली में आगे पीछे हैं। दोनों परिवार में काफी दिनों से रास्ते का विवाद चल रहा है, शुक्रवार की देर रात्रि रास्ते के विवाद को लेकर दोनों परिवारों में एक बार फिर कहा सुनी हो गई और देखते-देखते बात मारपीट पर आ गई, मारपीट के दौरान दोनों पक्षों की ओर से जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें हिमांशु व मोनू पुत्र महेंद्र एवं रेनू पुत्री महेंद्र एवं दूसरे पक्ष की ओर से ओमपाल पुत्र ननुआ, रिंकी पुत्री ओमपाल एवं राहुल पुत्र ओमपाल कुल मिलाकर छः लोग घायल हो गए।

दोनों पक्ष घायलों को लेकर कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए देकर कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी, वहीं पुलिस द्वारा तहरीर लेकर घायलों को उपचार के लिए नगर के सीएचसी भेज दिया। सीएचसी में उपचार के दौरान चार की हालत को गंभीर हो देखते हुए चिकित्सकों द्वारा ओमपाल,राहुल,हिमांशु एवं मोनू को हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी का कहना है कि मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है,घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया है, जांचकर कार्यवाही की जा रही है।

## ईओ ने एसपी को भेजा पत्र, एफएसओ पर कार्रवाई की मांग

**गजरौला** । पालिकाकर्मियों द्वारा नगर के अग्निशमन केन्द्र में बतौर एफएसओ तैनात कमलेश कुमार मिश्र पर अभद्रता और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के आरोपों के क्रम में ईओ ललित कुमार आर्य ने भी पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर प्रकरण की जांच करके नियमानुसार एफएसओ के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

याद दिला दें कि बुधवार को पालिकाकर्मियों ने एफएसओ ने पर अभद्रता और जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने के आरोप लगाए थे। पुलिस से भी शिकायत की थी। शनिवार को ईओ ने भी पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर लिखित शिकायत करते हुए घटना की जांच कराके एफएसओ के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की।

## सार संक्षेप

### पॉक्सो और आईटी एक्ट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भगतपुर** । भगतपुर क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक गंभीर मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर नाबालिग के साथ अपराध करने और अश्लील फोटो के जरिए ब्लैकमेल कर लगातार दुष्कर्म करने जैसे गंभीर आरोप हैं। थाना भगतपुर क्षेत्र के बुढानपुर अलीगंज निवासी विधवा महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि आरोपी अंशु निवासी ग्राम अलीगंज बुढानपुर ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनकी नाबालिग बेटी के अश्लील फोटो खींचे और उन्हें वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता के साथ बार-बार दुष्कर्म किया। घटना 5 जून 2025 की बताई गई है, जबकि इसकी सूचना 5 जून 2026 की शाम 20 :30 बजे थाना भगतपुर को प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की और 6 जून को सुबह 11 :30 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अन्य कोई वांछित आरोपी नहीं पाया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास इसी मुकदमे से संबंधित है और पूर्व में कोई अन्य गिरफ्तारी नहीं हुई थी। इस कार्रवाई में निरीक्षक अपराध जयदेव सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रभात कुमार, कांस्टेबल विनीत कुमार तथा कांस्टेबल दीपक कुमार की टीम शामिल रही।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### इंस्टाग्राम से हुई दोस्ती, हुआ प्यार फिर कर दिया शादी से इनकार, पीड़िता पहुंचे थाने

**गजरौला** । पीड़िता थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती है। इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी जान पहचान रहरा थाना क्षेत्र के मदारीपुर गांव के युवक से हुई। युवक दूसरे समुदाय का है। युवती का आरोप है कि उसने उसके साथ शादी करने का वादा किया। इस कारण वह उसके साथ आठ महीने तक लिव इन में रही। युवक ने लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। अब मुकर गया है। पीड़िता ने उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए शनिवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### कल - आज 4 घंटे गुल रहेगी बत्ती: दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी

**हसनपुर** । नगर उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए जरूरी खबर है। रविवार, 7 जून को दोपहर 12 :00 बजे से शाम 04 :00 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रहेगी। उपखण्ड अधिकारी मिथिलेश कुमार ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र हसनपुर तहसील की 33 केवी और 11 केवी लाइनों में आवश्यक सुधार कार्य किया जाना है। इस दौरान सब-स्टेशन के विद्युत सर्किट ब्रेकर को बदला जाएगा। इस जरूरी तकनीकी रखरखाव और सुधार कार्य के चलते उपकेन्द्र से जुड़े सभी क्षेत्रों की बिजली करीब चार घंटे तक बंद रहेगी। एसडीओ मिथिलेश कुमार ने सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे कटौती के समय को ध्यान में रखते हुए पेयजल और अन्य जरूरी काम दोपहर 12 बजे से पहले ही निपटा लें, ताकि बिजली बंद रहने के दौरान उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### भारतीय किसान संघ की हुई बैठक

**हसनपुर** । रहरा में स्थित गंगेश्वरी ब्लॉक परिसर में शनिवार को भारतीय किसान संघ की मासिक व संगठनात्मक बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी संजीव कुमार शर्मा मौजूद रहे। तीन सत्रों में चली बैठक के प्रथम सत्र में जिला प्रभारी ने संगठन विस्तार और इसे मजबूत बनाने की रणनीति समझाई। द्वितीय सत्र में जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा ने कार्यकर्ताओं को पूरे खंड में सदस्यता अभियान चलाने का संकल्प दिलाया। साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष को जल्द से जल्द गांवों की जिम्मेदारी तय कर सूची सौंपने के निर्देश दिए।

# टीएमयू के वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी फिर बेस्ट

- **अब गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्डस**

जागरण मोर्चा कार्यालय









**मुरादाबाद**। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर में रेडियोलॉजी के सीनियर प्रो. राजुल रस्तोगी के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज-एनबीईएमएस, नई दिल्ली ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस, यूनाइटेड किंग्डम की ओर से ऐतिहासिक ऑफिशियल अटेंप्ट में भाग लेने के लिए प्रो. राजुल रस्तोगी को भी सम्मानित किया गया है। हेल्थकेयर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर हुए इस विशाल सामूहिक प्रशिक्षण सत्र का हिस्सा बनने के लिए प्रो. रस्तोगी को इस सम्मान से नवाजा गया है। प्रो. राजुल रस्तोगी एआई इन हेल्थकेयर में जॉन हॉप्किंस यूनिवर्सिटी, यूएसए और आईआईआईटी, हैदराबाद से पहले से ही सर्टिफाइड हैं। यह इस बात का एक सशक्त प्रमाण है, रेडियोडायग्नोसिस का क्षेत्र कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है, यूट्यूब पर हेल्थकेयर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लाइव स्ट्रीम लेसन को सबसे ज्यादा देखने वालों की संख्या 17,999 है, जिसे दिल्ली, भारत के नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज ने हासिल किया है। इस उपलब्धि से गदगद प्रो. राजुल रस्तोगी कहते हैं, चिकित्सा के क्षेत्र में एआई का भविष्य अब स्वर्णिम है, यह एक ऐसा उपकरण है, जिसे हम अगले नए क्षितिज की ओर कदम बढ़ाते हुए आज आकार दे रहे हैं।

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज-एनबीईएमएस, केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत में पीजी चिकित्सा शिक्षा और परीक्षाओं के मानकों को ऊंचा और मानकीकृत करना है। एनबीईएमएस, चिकित्सा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश, स्क्रीनिंग और एग्ज़िट परीक्षाएं आयोजित करता है। यह निकाय नीट-पीजी, नीट-एमडीएस और डीएनबी-सीईटी सरीखी प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं संचालित करता है। साथ ही विदेशों से चिकित्सा की डिग्री प्राप्त करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए यह एफएमजीई परीक्षा आयोजित करता है। चिकित्सा स्नातकों के लिए डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड, डॉक्टरेट ऑफ नेशनल बोर्ड और फेलोशिप ऑफ नेशनल बोर्ड जैसी उच्च स्तरीय उपाधियां और मान्यता प्राप्त विशेषज्ञता पाठ्यक्रम प्रदान करता है। बोर्ड समय-समय पर आधुनिक चिकित्सा और तकनीकी कौशल जैसे- चिकित्सा शिक्षा में एआई पर मुफ्त ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाता है।

### ख़ास बातें

- हेल्थकेयर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर सामूहिक प्रशिक्षण सत्रों के लिए मिला सम्मान
- एआई इन हेल्थकेयर में जॉन हॉप्किंस यूनिवर्सिटी और आईआईआईटी, हैदराबाद से भी सर्टिफाइड
- प्रो. राजुल रस्तोगी बोले, मेडिकल सेक्टर में एआई को नए क्षितिज की ओर दे रहे आकार
- एनबीईएमएस चिकित्सा शिक्षा में एआई पर चलाता है मुफ्त ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम

# जीते जी रक्तदान, जाते-जाते किए नेत्रदान सरोज रानी ने दो जिंदगियों में भरा उजाला

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतका सरोज रानी का फाइल।

**हसनपुर**। मोहल्ला महल निवासी सरोज रानी पत्नी स्वर्गीय मूलचंद अग्रवाल शनिवार सुबह 10 बजे इस संसार को छोड़कर चली गईं। इस आकस्मिक निधन से जहां परिवार और पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं गम के बीच अग्रवाल परिवार ने इंसानियत की एक ऐसी मिसाल पेश की, जिसने हर किसी की आंखें नम कर दीं।असीम दुख की इस विषम परिस्थिति में भी परिजनों ने हिम्मत नहीं हारी और मृतका की अंतिम इच्छानुसार 'सी.एल. गुप्ता आई बैंक' के माध्यम से उनका नेत्रदान कराया। सरोज रानी का यह फैसला अब किसी की अंधेरी जिंदगी को रोशन करेगा।इस भावुक और पुनः कार्य के दौरान उनके पुत्र उपेंद्र, पुत्रवधु शालिनी, पौत्री उपांशी सहित साकेत, अंकुर व संजय अग्रवाल मौजूद रहे।नागरिक समाज से राजन, रजत, पुनीत, मोहित अग्रवाल और दिनेश गुप्ता ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और समाज को नई दिशा दिखाने वाले इस फैसले की सराहना की।

# संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन, 55 शिकायतें हुई दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय




संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अधिकारी।

**हसन पुर**। संपूर्ण समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की फरियाद मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सुनी गई, संपूर्ण समाधान दिवस में 55 शिकायत दर्ज हुई,जिसमें से पांच शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर निस्तारण कर दिया तथा बाकी बची 50 शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को दे दी गई।शासन के निर्देश पर शनिवार को गांव करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र वासियों की शिकायत मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा द्वारा सुनी गई। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 26,पुलिस विभाग की 8,चकबंदी विभाग की 6,विकास विभाग की 4,विद्युत विभाग की 6 एवं अन्य विभागों की 5 कुल मिलाकर 55 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें से अधिकारियों द्वारा पांच शिकायतों का मोंके पर निस्तारण कर दिया गया। बाकी बची 50 शिकायतों के जल्द निस्तारण के निर्देश देते हुए संबंध विभाग के अधिकारियों को दे दी गई। संपूर्ण समाधान दिवस में संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# नीलगाय को बचाने के चक्कर में बाइक से टकराई इनोवा

- **दो घायल हायर सेंटर रेफर**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर** । गंगा एक्सप्रेसवे पर नीलगाय को बचाने के चक्कर में इनोवा कार बाइक से टकरा गई, जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गए।घायलों को एंबुलेंस की मदद से नगर सीएचसी में भर्ती कराया गया,जहां उपचार के दौरान दोनों की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों के द्वारा दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

कोलकाता निवासी अभिबिंदु एवं प्रिकांश माधुर अपने सात साथियों के साथ चार बाइको पर सवार होकर लेह लद्दाख जा रहे थे। शुक्रवार की आधी रात को सैदनंगली थाना क्षेत्र के गंगा एक्सप्रेसवे पर उझारी के सामने पहुंचे तो उनसे आगे चल रही इनोवा कार के आगे अचानक नीलगाय आ गई। जिसे बचाने के चक्कर में इनोवा कार उनकी बाइक से टकरा गई। जिससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को गंगा एक्सप्रेसवे की एंबुलेंस के माध्यम से नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया गया और हालत गंभीर देखते हुए दोनों घायलों को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। कार चालक मौके से अपनी इनोवा कार को लेकर मौके से फरार हो गया।वही किसी भी पक्ष की ओर से कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

**बैठक** शिक्षकों ने निलंबन वापसी ना होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

# उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष के निलंबन के विरोध में एकजुट हुए शिक्षक

जागरण मोर्चा कार्यालय



शिक्षकों की बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर** । उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह के निलंबन का विरोध करते हुए, निलंबन वापिस न लेने पर आंदोलन की चेतावनी दी ।उन्होंने कहा कि नियम विरुध अधिकारियों द्वारा जिला अध्यक्ष का निलंबन किया गया है।

शनिवार को गांव करनपुर माफी स्थित एक प्रतिष्ठान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य 21 मई को हुए जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह के निलंबन का विरोध करना था, बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षक नेताओं द्वारा कहा गया कि अधिकारियों द्वारा नियम विरुध जिला अध्यक्ष का निलंबन किया गया है,जिससे शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव पतई खादर के प्राइमरी स्कूल में जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह एवं शिक्षक गौरव नागर के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी लेकिन बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया था, दैनिक समाचार पत्रों में पूरी खबर प्रकाशित हुई थी जिसको संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों द्वारा जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह का निलंबन कर दिया गया था। शिक्षकों द्वारा कहा गया कि जल्द ही इस विषय में सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर एवं शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों से मिला जाएगा और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की कार्य शैली के संबंध में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। इसी के साथ शिक्षकों ने इस चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द जिला अध्यक्ष का निलंबन वापिस नहीं लिया गया तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने की तथा संचालन मुकेश चौधरी ने किया।

बैठक में जिला मंत्री मुकेश चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष डॉ पृथ्वी सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष धनोरा योगेंश चौधरी, जितेंद्र कटारिया,अनीस अहमद, अश्वनी शर्मा,धर्मेंद्र शर्मा,अरुण कुमार,सोम सिंह,अभिषेक त्रिवेदी, छत्रपाल सिंह,अजय कुमार,सौरभ जिंदल,अमित गुप्ता,संजीव कुमार, विपिन पवार,देवेंद्र शर्मा,संदीप कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# उमस भरी गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से जनजीवन बेहाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी व उमस के बीच दिनरात की अघोषित बिजली कटौती ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। घंटो बिजली गुल रहने से इंवर्टर भी जबाव देने लगे हैं।

शुक्रवार रात शहर के आदर्श नगर, अंबिकापुरी, गन्ना दफ्तर, आवास विकास कॉलोनी, मधुवन कॉलोनी, जवाहरपुरी, मालगोदाम रोड, पंजाबी कॉलोनी, सोथा आदि मोहल्लों में रात को कई-कई बार बिजली गुल हुई। इससे छोटे बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों समेत बीमार लोगों के लिए रात काटना मुश्किल हो गया। कटौती झेल रहे उपभोक्ताओं में विभाग के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं, दुकानदारों और छोटे व्यवसायियों ने भी बताया कि बिजली कटौती से उनका कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी खराब बताई जा रही है, जहां बार-बार ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। लोगों ने बिजली विभाग से मांग की है कि आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू किया जाए और अघोषित कटौती पर रोक लगाई जाए। अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी कारणों और ओवरलोड के चलते कभी-कभी आपूर्ति बाधित होती है, जिसे जल्द ही सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# प्रकृति बिना मांगे, मां की तरह देती है अनमोल उपहार : संजीव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में शीतलाखेत अल्मोड़ा उत्तराखंड में चल रहे नेचर स्टडी कम ट्रेनिंग कैंप और एडवेंचर कैंप के तीसरे दिन जिले के स्काउट गाइड ने 6500 फिट ऊंची चोटी पर घनें जंगलों और पहाड़ों, कंदराओं और गुफाओं के बीच होते हुए प्राचीन पाषाण देवी मंदिर, देववनी और गदेरा की ट्रेकिंग की। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि प्रकृति केवल पेड़-पौधों, नदियों और पहाड़ों का नाम नहीं है। यह वह शक्ति है जो हमें जीवन जीने का आधार देती है। वह माँ की तरह निस्वार्थ, बिना कुछ मांगे जल, वायु, औषधियां और अन्न देती है। जिनसे हमें जीवन मिलता है। प्रकृति में उपजता है, प्रकृति की गोद में स्वर्ग है। कैंप के लीडर आफ द कोर्स एएसओसी जय प्रकाश दक्ष ने कहा कि युवा अपनी शक्ति को पहचानें और राष्ट्र के लिए उपयोगी बनें। चुनौतियों को स्वीकार करने वाले ही महान लक्ष्य पाते हैं। शीतलाखेत केंद्र प्रभारी त्रिवेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में स्काउट, गाइड ने प्राचीन पाषाण देवी मंदिर और गदेरा की ट्रेकिंग की। विभिन्न औषधीय पौधों की जानकारी दी गई। एडवेंचर प्रोग्राम लीडर आफ द कोर्स अमित सैनी, एडवेंचर इंस्टेक्टर मोहित कुमार, आनंद मालियान ने स्काउट गाइड को वुग बैलेंसिंग, जिग जैक बैलेंसिंग, टायर जंपिंग, नेट करोमिग, लेडेर, बीम बैलेंसिंग, स्काई साइकिलिंग आदि की ट्रेनिंग दी। इस मौके पर रोहित गुप्ता, जीवन गोला, फरदीन अहमद, अरहम खान, अरशद खान, निशात, डीओसी विष्णु विश्वकर्मा, दिनेश यादव, रामेश्वरी वर्मा, लाल बहादुर पटेल आदि मौजूद रहे।


प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र शीतलाखेत अल्मोड़ा (उत्तराखंड) में एडवेंचर कैंप में जिले के पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रतिभाग करते स्काउट।

## सार संक्षेप




### एक पेड़ माँ के नाम : कल्पना मेमोरियल स्कूल में मनाया पर्यावरण दिवस

**बगरेन :** आज पर्यावरण दिवस के पर्व पर बगरैन मण्डल में पार्टी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने कल्पना इंटरनेशनल स्कूल सैदपुर रोड सरोरी बगरैन में वृक्षारोपण कर मनाया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुशाग्र सागर, मंडल अध्यक्ष रितेश चौहान, स्कूल प्रबंधक वैभव अग्रवाल, अनुज कांत मिश्रा, निर्दोष, अजय पाल सिंह, सोमेश मिश्रा, गुड्डू मिश्रा, सुनील सुमन, महेश गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, निर्भय सिंह अर्पित गौड़, पान सिंह, टीटू सिंह, राजीव सिंह, प्रशांत गुप्ता व विपिन गुप्ता मौजूद रहे।

### वार्ड 28 के नवनिर्वाचित सभासद आफरीदी ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**बदायूं।** पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा की मौजूदगी वार्ड संख्या 28 हकीमगंज से उपचुनाव में विजयी सभासद आफरीदी ने शनिवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। शपथ समारोह में एसडीएम मोहित कुमार ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान एसडीएम ने नवनिर्वाचित सभासद से वार्ड की समस्याओं और नागरिकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता और प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं तथा उन्हें विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। नवनिर्वाचित सभासद आफरीदी ने वार्डवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उपचुनाव में मिले समर्थन और विश्वास पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान, विकास कार्यों को गति देने और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का भरोसा दिलाया। शपथ ग्रहण समारोह में अधिकाशी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी, सभासद रवि, भागदेवी भूदेवी चंदेल, प्रेमलता सिंह, लियाकत अली, ममता, राजीव नारायण रायजादा, शाजमा, मोहम्मद अनवर, अनवर खां, मनोज, किशोर, जया, जीनत बी उर्फ जीनत बेगम समेत सभी सभासद और कर्मचारी मौजद रहे।


सभासद का शपथ ग्रहण करने के बाद स्वागत करती अध्यक्ष फातिमा राजा। –जागरण मोर्चा

### बदायूं में अवैध मस्जिद-मदरसों की जांच की मांग, हिंदू रक्षा दल ने डीएम को दिया ज्ञापन

**बदायूं।** हिंदू रक्षा दल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बरेली–मथुरा सड़क स्थित मस्जिद, मदरसों व जियारतों की वैधानिक जांच की मांग की है। दल ने अवैध रूप से संचालित संस्थानों को बंद करने और अवैध निर्माण हटाने की अपील की है। जिला अध्यक्ष (युवा मोर्चा) हरिओम मथुरिया द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा कि क्षेत्र के कुछ स्थानों पर सार्वजनिक अथवा सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण भी किए गए हैं। मस्जिद व अन्य मदरसों, मस्जिदों तथा जियारतों की राजस्व, शिक्षा एवं संबंधित विभागों से विस्तृत जांच कराई जाए। साथ ही यह सत्यापित किया जाए कि संस्थानों के पास वैध पंजीकरण, मान्यता एवं प्रशासनिक अनुमतियां हैं या नहीं। सरकारी भूमि, ग्राम समाज की भूमि, सड़क, नाला अथवा अन्य सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध निर्माण पाए जाने पर तत्काल हटाने की कार्रवाई हो। इस मौके पर युवन पंडित, आलोक तोमर, दिलेश ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# रंगदारी नहीं देने पर प्रॉपर्टी डीलर से मारपीट, अपहरण की कोशिश व फायरिंग

## बदमाशों ने तमंचे के बल पर लूटी नकदी व सोने का लॉकेट, बाल-बाल बचा पीड़ित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर के सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में मझिया रोड स्थित राधा कन्हई कॉलोनी के पास शुक्रवार शाम एक प्रॉपर्टी डीलर के साथ मारपीट, लूटपाट और अपहरण के प्रयास का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बदमाशों ने तमंचे के बल पर पीड़ित को बंधक बनाकर ले जाने की कोशिश की और विरोध करने पर फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

पीड़ित राजेन्द्र सिंह पुत्र कन्हई सिंह, मूल निवासी ग्राम गुराई थाना उझानी और वर्तमान में इंद्रा नगर निवासी, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह राधा कन्हई कॉलोनी मझिया रोड पर अपने प्लॉट पर मकान बनवा रहा है। शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे वह स्कूटी से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह वाला जी वाहन धुलाई सेंटर के पास सन्देश के कुएं के निकट पहुंचा, तभी दो स्कूटी सवार बदमाशों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि सिद्धार्थ पटेल पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी नगला शर्की और अजय पटेल उर्फ बाबा पुत्र हरपाल फौजी निवासी लखनपुर ने तमंचा निकालकर उसे धमकाया और गालियां देते हुए जबरन रोक लिया। पीड़ित के विरोध करने और भागने की कोशिश करने पर उसे धक्का देकर स्कूटी से गिरा दिया गया और जबरन एल्पाइन कॉलोनी प्लॉटिंग क्षेत्र में ले जाया गया। वहां पहले से मौजूद तरुण राठौर पुत्र चितरंजन सिंह निवासी दातागंज रेलवे फाटक, सौरभ चौहान निवासी सुभाष नगर बरेली, कमल पुत्र सुनील निवासी ग्राम वावट सहित अन्य अज्ञात लोग शराब पी रहे थे। आरोप है कि सभी ने मिलकर राजेन्द्र सिंह से रंगदारी की मांग की और कहा कि इस क्षेत्र में प्लॉट खरीदने-बेचने वालों को उन्हें पैसा देना पड़ता है।

रंगदारी न देने पर आरोपियों ने पीड़ित के साथ जमकर मारपीट की और उसे जबरन वाहन में डालकर बरेली ले जाकर हत्या करने की योजना बनाई। इसी दौरान मौके पर मौजूद कमल किशोर ने घटना को देख लिया और तत्काल अपने परिचितों ओमवीर व आलोक को सूचना दी। सूचना मिलते ही जब ओमवीर और आलोक अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित को बचाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उनके साथ भी जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की और मोबाइल फोन छीन लिया। शोर-शराबा बढ़ने और भीड़ जुटने पर बदमाशों ने पीड़ित से 37,800 रुपये नकद और एक सोने का लॉकेट लूट लिया। इसके बाद आरोपियों ने भीड़ पर फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि आरोपियों के खिलाफ पहले से कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं और वे क्षेत्र में गिरोह बनाकर लोगों से रंगदारी वसूलते हैं। पीड़ित और उसके परिजनों ने अपनी जान-माल का खतरा बताते हुए पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


घटना की जानकारी देता पीड़ित।

# एमएलसी वागीश पाठक के प्रयास रंग लाए रिसौली-निजामपुर मार्ग के जीर्णोद्धार को 30 लाख रुपये की प्रथम किस्त स्वीकृत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बिल्सी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रिसौली से निजामपुर तक जाने वाले महत्वपूर्ण मार्ग के जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए शासन द्वारा प्रथम किस्त के रूप में 30 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत किए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

गौरतलब है कि मार्ग की जर्जर स्थिति को देखते हुए विधान परिषद सदस्य वागीश पाठक ने समय-समय पर क्षेत्रीय जनता की समस्या को प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने सड़क की बदहाल स्थिति से प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए मार्ग के शीघ्र जीर्णोद्धार की मांग की थी। एमएलसी वागीश पाठक के लगातार प्रयासों और प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप शासन ने सड़क निर्माण कार्य के लिए प्रथम किस्त के रूप में 30 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है। धनराशि स्वीकृत होने के बाद अब मार्ग के पुनर्निर्माण कार्य को गति मिलेगी, जिससे क्षेत्र के किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

एमएलसी वागीश पाठक ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के विकास और बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के विकास को नई दिशा और गति मिलेगी। क्षेत्रीय जनता ने भी इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एमएलसी वागीश पाठक के प्रयासों की सराहना की है।


बदायूं के एमएलसी बागीश पाठक।

# एचपीसीएल हत्याकांड: एसएसपी से मिले सुधीर गुप्ता के परिजन, दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग

- दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव संजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट के अंदर 12 मार्च को हुई थी दो अधिकारियों की हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बहुचर्चित एचपीसीएल दोहरा हत्याकांड में शनिवार को मृतक सुधीर गुप्ता के परिजन एसएसपी अंकिता शर्मा से मिले। परिजनों ने मामले में विवेचक द्वारा चार्जशीट दाखिल किए जाने के संबंध में जानकारी ली और घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। एसएसपी ने परिजनों को आश्वासन दिया कि फास्ट ट्रैक कोर्ट में इस मामले का केस चलेगा और प्रभावी पैरवी की जाएगी ताकि दोषियों को जल्द सजा मिल सके।

एसएसपी आवास पहुंचने के बाद परिजनों ने कहा कि उन्हें लंबे समय से मामले में चार्जशीट दाखिल होने का इंतजार था। उनका कहना था कि वे यह जानना चाहते थे कि इतनी सुरक्षित मानी जाने वाली जगह पर ऐसी घटना कैसे हो गई और आखिर किसी व्यक्ति की हत्या करने के पीछे क्या कारण रहे। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग दोहराई।

एसएसपी ने दिया आश्वासन एसएसपी अंकिता शर्मा ने परिजनों को मामले में हुई कार्रवाई की जानकारी दी और आश्वस्त किया कि विवेचना के आधार पर दोषियों के खिलाफ प्रभावी पैरवी कर उन्हें कानून के तहत सख्त सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर चुकी है और न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई जारी है। एसएसपी से मुलाकात के बाद परिजनों ने उम्मीद जताई कि न्यायालय में मुकदमे की सुनवाई के दौरान दोषियों को उनके अपराध के अनुरूप दंड मिलेगा। इस दौरान पत्नी रश्मि गुप्ता, बहन सुनीता गुप्ता, भाई रजित गुप्ता और अनुराग गुप्ता मौजूद रहे।



एचपीसीएल प्लांट में मारे गए अधिकारी सुधीर गुप्ता के प्रेजेंट एसएसपी से मिलने को जाते हुए।

# नसबंदी के बाद बिगड़ी महिला की हालत स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिला महिला अस्पताल में आयोजित नसबंदी शिविर के दौरान एक महिला की तबीयत बिगड़ने का मामला सामने आया है। परिजनों और आशा कार्यकर्ता ने ऑपरेशन में लापरवाही का आरोप लगाया है। महिला को पेट में तेज दर्द और सूजन की शिकायत होने पर दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

हुसैनपुर करौतिया गांव निवासी महिला शुक्रवार को नसबंदी कराने के लिए आशा कार्यकर्ता के साथ जिला महिला अस्पताल पहुंची थी। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान उसे सही तरीके से बेहोशी का इंजेक्शन नहीं दिया गया, जिसके कारण वह पूरी प्रक्रिया के दौरान दर्द से कराहती रही। ऑपरेशन के बाद उआशा कार्यकर्ता उसे घर ले गई।

महिला के पति का कहना है कि घर पहुंचने के बाद भी महिला को लगातार दर्द होता रहा। देर शाम उसके पेट में सूजन आने लगी और हालत बिगड़ती चली गई। शनिवार सुबह आशा कार्यकर्ता उसे लेकर जिला महिला अस्पताल में बने नसबंदी केंद्र लेकर पहुंची, लेकिन वहां उसकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया। जिला महिला अस्पताल पहुंचती पीड़ित महिला की हालत को देखते हुए उसको भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। परिजनों ने मामले की जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जिला महिला अस्पताल की सीएमएस शोभा अग्रवाल ने बताया कि इस मामले की शिकायत मेरे पास नहीं आयी है। इसको दिखवाते हैं, क्या सच्चाई है। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मक्का की खेती की ओर बढ़ रहा किसानों का रुझान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले में किसानों का रुझान तेजी से मक्का की खेती की ओर बढ़ रहा है। बेहतर बाजार मूल्य, कम लागत और मौसम के अनुकूल उत्पादन के कारण किसान अब परंपरागत फसलों की बजाय मक्का को प्राथमिकता दे रहे हैं। यही कारण है कि पिछले दो वर्षों में जिले में मक्का का रकबा लगातार बढ़ा है। अब यह करीब 60 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गया है।

कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में जिले में मक्का का क्षेत्रफल करीब 38 से 40 हजार हेक्टेयर था। इसके बाद वर्ष 2025 में यह बढ़कर लगभग 45 हजार हेक्टेयर हो गया। मौजूदा वर्ष में मक्का का रकबा 60 हजार हेक्टेयर के करीब पहुंच चुका है। यानी दो वर्षों में करीब 20 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल बढ़ा है।

कृषि वैज्ञानिक संजय कुमार का कहना है कि मक्का की फसल कम समय में तैयार हो जाती है। साथ ही पशु आहार, पोल्ट्री उद्योग और स्टार्च उद्योगों में बढ़ती मांग के कारण किसानों को इसका बेहतर मूल्य भी मिल रहा है। इससे किसानों का भरोसा मक्का उत्पादन पर बढ़ा है। जिले के कई किसान अब गेहूं-धान के पारंपरिक चक्र से निकलकर मक्का को नकदी फसल के रूप में अपना रहे हैं। कृषि विभाग भी उन्नत बीज, तकनीकी सलाह और प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहित कर रहा है।

### 15 जून से शुरू होगी मक्का खरीद, सात सेंटर बनाए गए

किसान जिले में सात सेंटरों पर अपनी मक्का की उपज को बेच सकता है। इसके लिए प्रशासन की ओर से सभी मंडियों में केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर पंजीकृत किसानों की मक्का खरीदी जाएगी। इसके लिए शासन की ओर से समर्थन मूल्य की भी घोषणा कर दी गई है। इसके तहत 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से यह खरीद होगी, ताकि किसानों को उनकी उपज के सही दाम मिल सकें। और किसानों को कोई दिक्कत न हो। शासन की ओर से मक्का खरीद के लिए 15 जून से क्रय केंद्र खोलने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इन केंद्रों पर किसानों को मक्का बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। किसानों को बैठने और गर्मी में पेयजल की पूर्ण व्यवस्था होनी चाहिए। जिला प्रशासन की ओर से जिले की मंडियों में इन केंद्रों की स्थापना की गई है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अतुल वशिष्ठ ने बताया कि शासन की ओर से मक्का खरीद के लिए 2400 रुपये प्रति क्विंटल दर निर्धारित की गई है।

जिले में किसानों का यदि यही रुझान जारी रहा, तो आने वाले वर्षों में जिले में मक्का का क्षेत्रफल और बढ़ सकता है। इससे किसानों की आय में वृद्धि होने के साथ कृषि क्षेत्र को भी नई दिशा मिलेगी।

– मनोज रावत, जिला कृषि अधिकारी

# फरियादियों की समस्याओं का समय से निस्तारण करें अधिकारी : डीएम


संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनते डीएम अवनीश राय व एसएसपी अंकिता शर्मा।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय व एसएसपी अंकिता शर्मा ने शनिवार को तहसील सहसवान में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनने व उनका गुणवत्तापरक निस्तारण करने के लिए कहा। इस अवसर पर 46 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 04 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर राजस्व की 23, पुलिस की 07, विकास की 05 व अन्य विभागों से सम्बंधित 11 शिकायतें सहित कुल 46 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 04 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी ने सहसवान-बदायूँ मार्ग पर एक जगह डिवाइडर के गैप को भरने व दूसरी जगह कर्व पर शेवरॉन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**आयोजन** बदायूं शहर के इंदिराचौक के चर्च पर हुआ कार्यक्रम आयोजित

# पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ईसाई समाज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर में ईसाई समाज के इन्द्राचौक पर सेंट्रल मैथोडिस्ट चर्च में पादरी सचिन रविन्सन के नेतृत्व में "वेकेशन वाइवल स्टडी" कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा रहे। जिसमें बदायूं शहर के पनवड़िया चर्च, लोटनपुर चर्च व इन्द्राचौक के पादरी ने सहभागिता की तथा बुके व हार देकर आबिद रज़ा का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आबिद रज़ा ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम में ईसाई समाज के छोटे बड़े बच्चों ने गेम्स, सिंगिंग कम्पटीशन, डांसिंग कम्पटीशन में हिस्सा लिया तथा ईसाई समाज के बच्चों को धर्मग्रन्थ वाइवल की तालीम दी गयी।

इंद्राचौक के मुख्य पादरी सचिन रविन्सन ने आबिद रज़ा के लिए प्रभु ईसा मसीह से आबिद रज़ा के लिए दीर्घायु की दुआ की तथा राजनैतिक भविष्य के लिए उज्जवल होने के लिए भी प्रार्थना की तथा बुके देकर आबिद रज़ा का सम्मान किया। यहां यह भी बता दें कि आबिद रज़ा ही केवल ऐसा नेता है जिन्होंने ईसाई समाज के दोनों कैंपस में लगभग 70 लाख की सड़के बनवाई है इसलिए ईसाई समाज का आबिद रज़ा को विशेष स्नेह प्राप्त होता है। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में सुधार होता तथा समाज तरक्की करता है। कार्यकम में भाग लेने वाले बच्चों के भविष्य उज्जवल की कामना करता हूं तथा आबिद रज़ा ने कहा कि ईसाई समाज ने मुझे हमेशा आशीर्वाद दिया है। मैं हमेशा ईसाई समाज के साथ खड़ा हूं, भविष्य में भी मैं ईसाई समाज के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा तथा चर्च की टूटी सड़क की मांग पर आबिद रज़ा ने कहा कि हम चेयरमैन फात्मा रज़ा से कहकर जल्दी ही सड़क बनवाएंगे तथा चर्च में नया आरो भी लगवाएंगे। कार्यक्रम के संयोजक मुख्य पादरी सचिन रविन्सन तथा मुख्य तौर पर पादरी लोटनपुर चर्च अशोक मसीह, रोबिन सिंह पादरी पनवाड़ी चर्च तथा एशोसिस्ट पादरी इन्द्राचौक, पादरी अजीत नंदा, सेठी भईया, नीरज मसीह, हर्षकांत, शोभित सिंह, सुशांत सिंह, डॉ0 दिनेश, विजय मसीह, सिलोचना जोन आदि लोग उपस्थित रहे।


फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते पूर्व मंत्री आबिद रज़ा। –जागरण मोर्चा


कार्यक्रम में पूर्व मंत्री आबिद रजा का स्वागत करते पादरी सचिन व अन्य। –जागरण मोर्चा

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक बाइक सवार युवक की जान चली गई। युवक अपनी बहन की शादी के कार्ड बांटकर घर लौट रहा था। इस घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शनिवार को पोस्टमार्टम कराया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। हादसा थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव जरतोली के समीप शुक्रवार शाम 7 बजे हुआ।

गांव जरतौली निवासी संजीव कुमार (26) पुत्र कृष्णपाल खेतीबाड़ी व मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार को पालता था। संजीव की छोटी बहन श्रीदेवी की 18 जून को शादी है। वह बहन की शादी के कार्ड बांटने रिश्तेदारियों में गया था। शादी के कार्ड बांटकर वह बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में हजरतपुर-सैंजनी मार्ग पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में संजीव की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी देकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार की शादी की खुशियां मातम में बदल गई। गांव में सन्नाटा पसर गया। परिजनों ने बताया कि घटना के बाद संजीव की पत्नी व बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे दो बेटों हिमांशु (3) व मानव (2) को रोता बिलखता छोड़ गया। उसकी पत्नी 8 माह की गर्भवती है। फिलहाल पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरु कर दी है।


मृतक का फाइल फोटो।

# सम्पादकीय

## अन्नामलाई का नई पार्टी बनाने का निर्णय आवेश में लिया गया फैसला नहीं, लंबे चिंतन का निष्कर्ष दिखाई देता है

तमिलनाडु की राजनीति में एक नया भूचाल उस समय आ गया जब भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने पार्टी से इस्तीफा देकर अपने नए राजनीतिक आंदोलन की घोषणा कर दी। यह फैसला तमिलनाडु की जमी हुई राजनीतिक संस्कृति को चुनौती देने वाला एक बड़ा संदेश है। अन्नामलाई ने जिस साफगोई, साहस और वैचारिक दृढ़ता के साथ अपने फैसले को सामने रखा है, उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह अब किसी दल के सीमित दायरे में नहीं, बल्कि तमिल समाज की व्यापक आकांक्षाओं के प्रतिनिधि के रूप में उभरना चाहते हैं। अन्नामलाई ने खुलकर कहा कि उनके भीतर लंबे समय से यह संघर्ष चल रहा था कि वह पहले भारतीय हैं या तमिल। यह बयान केवल भावनात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि तमिलनाडु की राजनीति के उस मूल द्वंद्व को सामने लाता है जिसमें राष्ट्रीय दलों को अक्सर क्षेत्रीय अस्मिता के सामने संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि चार दिसंबर 2025 को ही उन्होंने पार्टी नेतृत्व को इस्तीफे का फैसला बता दिया था, लेकिन उनसे चुनाव तक रुकने का अनुरोध किया गया। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व उनकी लोकप्रियता और प्रभाव को लेकर कितना सजग था। पूर्व पुलिस अधिकारी रहे अन्नामलाई ने भारतीय जनता पार्टी में सकारात्मक बदलाव के उद्देश्य से प्रवेश किया था। उन्होंने कहा कि पार्टी में रहते हुए उन्होंने कभी तमिलनाडु की पहचान से समझौता नहीं किया। पिछले अठारह महीनों में संगठनात्मक मामलों को लेकर उनकी असहमति लगातार बढ़ती गई। यही कारण है कि उन्होंने अब एक स्वतंत्र राजनीतिक रास्ता चुनने का फैसला किया है। यह निर्णय किसी आवेश का परिणाम नहीं, बल्कि लंबे चिंतन और रणनीतिक तैयारी का हिस्सा दिखाई देता है। अन्नामलाई ने अपने नए आंदोलन "वी द लीडर" की घोषणा करते हुए साफ कर दिया कि उनका उद्देश्य केवल एक और राजनीतिक दल खड़ा करना नहीं, बल्कि राजनीति की भाषा और संस्कृति को बदलना है। उन्होंने परिवारवाद और व्यक्तिपूजा की राजनीति पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि किसी भी विधायक, सांसद या मंत्री का पद स्थायी नहीं होना चाहिए। यह बयान तमिलनाडु की उस परंपरागत राजनीति पर करारा प्रहार है जिसमें कुछ परिवारों और सीमित चेहरों के इर्दगिर्द सत्ता घूमती रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अन्नामलाई ने राजनीति में तकनीकी विशेषज्ञों, युवाओं और सामान्य नागरिकों की भागीदारी पर जोर दिया है। उन्होंने युवाओं से राजनीति में आने की अपील करते हुए कहा कि अब आम आदमी की नई पीढ़ी की राजनीति की नींव रखी जा रही है। यह सोच उन्हें पारंपरिक नेताओं से अलग करती है। देखा जाये तो तमिलनाडु में जहां लंबे समय से भावनात्मक नारों और जातीय समीकरणों के आधार पर राजनीति चलती रही है, वहां अन्नामलाई प्रशासनिक दक्षता, नैतिकता और प्रतिभा आधारित नेतृत्व की बात कर रहे हैं। यही उनकी सबसे बड़ी ताकत बन सकती है। उनके आंदोलन के अंतर्गत कोयंबटूर में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सेंटर फोर एथिक्स एंड पॉलिटिक्स की स्थापना का फैसला भी बताता है कि वह केवल चुनावी राजनीति नहीं, बल्कि वैचारिक और नैतिक प्रशिक्षण की स्थायी व्यवस्था खड़ी करना चाहते हैं। यह दृष्टिकोण तमिलनाडु की राजनीति में एक नई बौद्धिक धारा पैदा कर सकता है। उनके आह्वान के कुछ ही समय बाद हजारों लोगों का उनके राजनीतिक आंदोलन से जुड़ना यह संकेत देता है कि जनता के एक हिस्से में बदलाव की बेचैनी पहले से मौजूद थी। बताया जा रहा है कि अन्नामलाई ने भाजपा नेतृत्व के सामने दो स्पष्ट विकल्प रखे थे। एक तो उन्हें पर्याप्त स्वायत्तता और अधिकारों के साथ कम से कम सात वर्षों तक प्रदेश नेतृत्व दिया जाए, या फिर उन्हें स्वतंत्र राजनीतिक राह चुनने दी जाए। यह मांग उनके आत्मविश्वास और दूरदृष्टि दोनों को दर्शाती है। साथ ही इस्तीफे का ऐलान करने से पहले दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से उनकी मुलाकात तथा पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें मनाने की कोशिश इस बात का प्रमाण है कि अन्नामलाई की अहमियत से भाजपा नेतृत्व वाकिफ है। वैसे तमिलनाडु की मौजूदा राजनीति भी अन्नामलाई के लिए अवसर लेकर आई है। हालिया विधानसभा चुनावों में द्रविड दलों को झटके लगे और अभिनेता विजय की पार्टी ने अप्रत्याशित सफलता हासिल की। इससे यह स्पष्ट हो गया कि राज्य की जनता अब पारंपरिक राजनीतिक ढांचे से बाहर विकल्प तलाश रही है। अन्नामलाई का मानना है कि राष्ट्रीय दलों के लिए यहां सीमित राजनीतिक जगह है, इसलिए एक मजबूत क्षेत्रीय विकल्प ही जनता की आकांक्षाओं को सही दिशा दे सकता है। उनकी यह समझ राजनीतिक रूप से बेहद व्यावहारिक और दूरदर्शी मानी जा रही है। उधर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने भले ही कहा हो कि अन्नामलाई के जाने से पार्टी को कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन राजनीतिक वास्तविकता इससे अलग दिखाई देती है। अन्नामलाई ने तमिलनाडु में भाजपा को ऊर्जा, आक्रामकता और जनस्वीकार्यता दी थी। अब उनके अलग होने से भाजपा के सामने नेतृत्व और जनाधार दोनों की चुनौती खड़ी होगी। दूसरी ओर, अन्नामलाई यदि अपने आंदोलन को संगठित ढंग से आगे बढ़ाते हैं तो वह तमिलनाडु की राजनीति में तीसरी शक्ति के रूप में तेजी से उभर सकते हैं। बहरहाल, यह स्पष्ट है कि अन्नामलाई ने केवल पार्टी नहीं छोड़ी, बल्कि तमिलनाडु की राजनीति को नई दिशा देने की चुनौती स्वीकार की है। उनकी राजनीति में साहस है, वैचारिक स्पष्टता है और बदलाव की बेचैनी भी है। आने वाले वर्षों में यह देखना बेहद दिलचस्प होगा कि क्या उनका यह आंदोलन तमिलनाडु की राजनीति में वैसा ही परिवर्तन ला पाएगा जिसकी वह कल्पना कर रहे हैं। फिलहाल इतना तय है कि अन्नामलाई ने राजनीति के मैदान में एक नई बहस छेड़ दी है और इस बहस को नजरअंदाज कर पाना किसी के लिए आसान नहीं होगा।

# हार से भी अप्रत्याशित है तृणमूल में बिखराव



■ राजकुमार सिंह

**लोकतंत्र में जन समर्थन और आक्रोश, दोनों को ही व्यक्त करने का तरीका चुनाव प्रक्रिया है। अगर व्यवस्था बदलने का वायदा कर सत्ता में आई तृणमूल कांग्रेस ने वाम मोर्चा के ही चुनाव जीतने के हथकंडों को अपना कर खुद को स्थायी बनाना चाहा, तो उसका दंड मतदाताओं ने उसे शर्मनाक हार के रूप में दे दिया है। खुला रहस्य है कि राजनेताओं के लिए सत्ता ही सब कुछ होती है : सत्ता बिना सब सून!**

लगातार पंद्रह साल शासन के बाद ममता बनर्जी की चुनावी पराजय से भी ज्यादा चौंकाने वाला उनकी तृणमूल कांग्रेस में बिखराव है। 2021 के विधानसभा चुनाव में 294 में से 215 और फिर 2024 के लोकसभा चुनाव में 42 में से 29 सीटें जीतने वाली तृणमूल इस बार विधानसभा में 80 पर सिमट जायेगी, ऐसा किसने सोचा था? बेशक चुनाव में बड़े उलटफेर पहले भी देखे गये हैं। भारतीय राजनीति की 'लौह महिला' इंदिरा गांधी 1977 में प्रधानमंत्री रहते हुए लोकसभा चुनाव हारीं और पहली बार कांग्रेस केंद्र की सत्ता से बेदखल हो गयी। 2009 में 206 सीटें जीतने वाली कांग्रेस 2014 के लोकसभा चुनाव में 44 पर सिमट गयी। इसलिए कांग्रेस छोड़ अपनी तृणमूल बना कर 2011 में 34 साल पुराने वाम मोर्चा शासन को उखाड़ फेंकनेवाली ममता का सत्ता के साथ ही खुद भी चुनाव हार जाना अनहोनी घटना नहीं है। हां, बदलाव की ऐसी आंधी भाजपा के अलावा किसी और को चुनाव प्रचार के दौरान नहीं दिखी थी। दरअसल हार से भी ज्यादा अप्रत्याशित है तृणमूल में विभाजन और जन आक्रोश। अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी के साथ सड़क पर जिस तरह मारपीट की गयी, उसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। बेशक पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा का लंबा इतिहास रहा है, लेकिन समझदारी ऐसे इतिहास से सही सबक सीखने में है, उसे दोहराने में नहीं।

लोकतंत्र में जन समर्थन और आक्रोश, दोनों को ही व्यक्त करने का तरीका चुनाव प्रक्रिया है। अगर व्यवस्था बदलने का वायदा कर सत्ता में आई तृणमूल कांग्रेस ने वाम मोर्चा के ही चुनाव जीतने के हथकंडों को अपना कर खुद को स्थायी बनाना चाहा, तो उसका दंड मतदाताओं ने उसे शर्मनाक हार के रूप में दे दिया है। खुला रहस्य है कि राजनेताओं के लिए सत्ता ही सब कुछ होती है: सत्ता बिना सब सून!



विधानसभा चुनाव में तृणमूल का 'गुंडा राज' बड़ा मुद्दा था। समझना चाहिए कि मतदाताओं ने 'गुंडा राज' समाप्ति के लिए जनादेश दिया है, न कि चेहरे बदलने के लिए। तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने भ्रष्टाचार से ले कर हिंसा तक जो कुछ भी गलत किया, कानूनसम्मत प्रक्रिया से उसकी कठोर सजा उन्हें मिलनी ही चाहिए, लेकिन कानून व्यवस्था बनाये रखना शुवेंदु अधिकारी के नेतृत्ववाली भाजपा सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है, जिससे मुंह नहीं चुराया जा सकता। चार मई को विधानसभा चुनाव परिणाम आने के साथ ही तृणमूल ने चुनाव आयोग पर धांधलियों के आरोप लगाना शुरू कर दिया था तो उसमें बड़ी टूट की आशंका भी जताई जाने लगी थी। बेशक चुनाव आयोग 'पवित्र गाय' नहीं है, लेकिन राजनीतिक दलों-नेताओं द्वारा अपनी हर नाकामी के लिए उसे बलि का बकरा बनाना भी उचित नहीं। चुनाव आयोग और विवादास्पद एसआईआर प्रक्रिया पर अंतिम फैसला सर्वोच्च न्यायालय का ही होगा, पर इस सच को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि ममता की तृणमूल को नकार कर मतदाताओं ने 'सोनार बांग्ला' बनाने की जिम्मेदारी भाजपा को सौंपी है, जिसके निर्वाह का दायित्व सुवेंदु अधिकारी को दिया गया है।

जाहिर है, भाजपा के 'वादे-इरादे' शुवेंदु सरकार के कामकाज की कसौटी पर ही कसे जायेंगे, लेकिन तृणमूल कांग्रेस में अप्रत्याशित बिखराव कई सवाल खड़े करता है, जिनके कुछ जरूरी सबक भी हैं। मसलन, राज्य-दर-राज्य रेखांकित हो रहा है कि क्षेत्रीय दल वस्तुतः परिवार विशेष की जागीर होते हैं, जिनकी सफलता की कसौटी सिर्फ सत्ता होती है। ये दल नेतृत्व के लिए परिवार से बाहर झांकने की भी जहमत नहीं उठाते तो सत्ता जाते ही इनकी प्रासंगिकता पर सवालिया निशान लगने लगते हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की सबसे बड़ी योग्यता-प्रतिभा यही है कि वह दिवंगत मुलायम सिंह यादव के बेटे हैं, जिन्होंने खुद जनादेश हासिल कर उन्हें अपने जीवनकाल में ही मुख्यमंत्री बना दिया।

राजनीतिक हमसफर भाई शिवपाल सिंह यादव ताकते रह गये थे। बसपा सुप्रीमो मायावती भी राजनीतिक उत्तराधिकार के लिए भतीजे आकाश से आगे नहीं देख पायीं तो वही कहानी ममता बनर्जी की है। कई-कई बार इतने बड़े राज्यों पर शासन करने वाले दल में परिवार से बाहर और कोई योग्य उत्तराधिकारी ही नहीं मिला—इस पर कौन विश्वास करेगा? ऐसा तर्क भी दिया जाता है, तो वह दल के औचित्य और विचारधारा पर ही सवालिया निशान लगा देता है। माया ने आकाश को चुना तो तमाम दिग्गजों को बाहर का रास्ता देखना पड़ा और जब ममता ने अभिषेक को आगे बढ़ाया तो बगावत करने वाले शुवेंदु ने आखिरकार भाजपाई बन कर सत्ता ही छीन ली। दरअसल तृणमूल में बगावत के मूल में जो भी ज्ञात-अज्ञात कारण हों, यह तो साफ है कि ममता के बजाय नाराजगी अभिषेक से ज्यादा है। क्या सब कुछ देखते हुए भी न समझना और मूकदर्शक बने रहना 'धृतराष्ट्र ग्रंथि' का ही परिचायक नहीं है?

चुनाव प्रचार के दौरान अभिषेक बनर्जी की भाषा किसी राजनेता के बजाय क्षेत्रीय बाहुबली की ज्यादा नजर आयी। वह सरेआम डायमंड हार्बर मॉडल तोड़ने की चुनौती देते दिखे, पर नतीजों ने बता दिया कि जब मतदाता ठान ले तो कोई मॉडल नहीं टिक पाता। आपातकाल के बाद हुए लोकसभा चुनाव और 34 साल के वाम शासन के बाद पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम यह बता चुके थे, लेकिन सत्ता के मद में समझदारी अकसर साथ छोड़ जाती है। 1998 में अलग तृणमूल बनाने वाली ममता को वाम मोर्चा से सत्ता छीनने में लगभग 13 साल लगे। लगातार 15 साल वह मुख्यमंत्री रहीं। छात्र जीवन से राजनीति शुरू कर अपने दम पर यहां तक पहुंचीं इतनी अनुभवी ममता भी उस सत्ता मद से नहीं बच पायीं! 15 साल की सत्ता विरोधी भावना और सर्वशक्तिमान भाजपा से मुकाबले में 80 विधानसभा सीटों को सम्मानजनक भी मान लें तो रितब्रत बनर्जी के नेतृत्व में 58 विधायकों की बगावत को क्या कहें? अब वैसी ही बगावत की आशंका 29 लोकसभा सांसदों में भी जतायी जा रही है। जाहिर है, हाल तक ममता के निष्ठावान रहे इन बागी तृणमूल नेताओं की आत्मा अचानक जाग जाने के लिए भाजपा पर उंगलियां उठायी जा रही हैं। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार गिरा कर वैकल्पिक सरकार बनाते हुए भाजपा ने जिस एकनाथ शिंदे और अजीत पवार रूपी मोहरों से अपनी निष्कंटक सत्ता की चुनावी बिसात बिछायी, उसके मद्देनजर तृणमूल कांग्रेस में अप्रत्याशित बिखराव में उसकी भूमिका खारिज कर पाना आसान नहीं, लेकिन अनुकूल माहौल तैयार करने के लिए जिम्मेदार तो खुद ममता ही हैं। वाम मोर्चा से सत्ता छीनने के लिए कभी अपनी मूल पार्टी कांग्रेस तो कभी भाजपा से चुनावी गठबंधन करने वाली ममता सत्ता मिलने पर भी, वोट बैंक राजनीति से इतर, अपनी कोई वैचारिक प्रतिबद्धता स्पष्ट नहीं कर पायीं। सत्ता पा कर एकला चलो का राग आलापने वाली तथा लोकसभा और विधानसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगियों के लिए सीटें न छोड़ने वाली ममता अब भाजपा के विरुद्ध संघर्ष के लिए सबसे साथ आने का आह्वान कर रही हैं।

(लेखक 'दैनिक ट्रिब्यून' के पूर्व संपादक हैं)

# भारत-लैटिन अमेरिका संबंध को मिली नई गति

देशांतर



■ प्रो. अंशु जोशी

इस सप्ताह, एक महत्वपूर्ण राजनयिक घटनाक्रम में, वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेलसी रोड्रिगेज पांच दिवसीय यात्रा के लिए नई दिल्ली पहुंची हैं जिसमें ऊर्जा, व्यापार, फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य सेवा और नवीकरणीय ऊर्जा पर केंद्रित द्विपक्षीय चर्चा शामिल हैं। । यह यात्रा जनवरी 2026 में अमेरिकी सैन्य अभियान के बाद भारत और वेनेजुएला के बीच पहली उच्च-स्तरीय चर्चाओं का प्रतीक है, जिसने निकोलस मादुरो को उनके पद से हटा दिया था। दूसरी ओर पश्चिम एशिया में संघर्ष और स्ट्रेट ऑफ़ होर्मूज़ की वजह से तेल तथा गैस के संकट की स्थिति के बीच विश्व के सबसे बड़े तेल तथा गैस के स्त्रोत रखने वाले देश की कार्यकारी राष्ट्रपति का भारत आना एक सकारात्मक सन्देश के रूप में देखा जा सकता है।

### रणनीतिक महत्व की एक महत्वपूर्ण यात्रा

रॉड्रिगेज, जो 2015 से विदेश मंत्री से लेकर उपराष्ट्रपति और कार्यवाहक राष्ट्रपति तक विभिन्न पदों पर भारत की छह यात्राएं कर चुकी हैं, अब द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आ रही हैं। उनकी यह यात्रा ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने और पूरे लैटिन अमेरिका में व्यापार विविधीकरण को व्यापक बनाने के भारत के प्रयासों के साथ मेल खाती है, जिससे अंतरराष्ट्रीय संबंधों में इसकी 'रणनीतिक स्वायत्तता' की नीति को मजबूती मिलती है।

### द्विपक्षीय सहयोग के केंद्र में ऊर्जा सुरक्षा

भारत और वेनेजुएला के बीच संबंधों का आधार ऊर्जा सहयोग ही बना हुआ है। 2008 से, भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) ने वेनेजुएला के सरकारी तेल उद्यम, पीडीवीएसए के साथ गठजोड़ के माध्यम से वेनेजुएला के ऊर्जा उद्योग में रणनीतिक निवेश बनाए रखा है। 2020 तक, वेनेजुएला भारत के लिए कच्चे तेल का एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता था, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण आयात निलंबित कर दिए गए थे। फिर भी, नई दिल्ली ने हाल ही में वेनेजुएला से अपने कच्चे तेल की खरीद को फिर से शुरू कर दिया है और बढ़ा दिया है, जो ऊर्जा सुरक्षा पर एक नए सिरे से जोर का संकेत देता है।

हालांकि ऊर्जा बातचीत का एक केंद्रीय विषय है, रोड्रिगेज के एजेंडे में सिर्फ तेल से कहीं ज़्यादा शामिल है। एमईए ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान की है। ऊर्जा सहयोग का ध्यान कच्चे तेल के व्यापार को बढ़ाने और ऊर्जा बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के निवेश पर होगा। फार्मास्यूटिकल्स और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में, भारत अपनी फार्मास्यूटिकल क्षमताओं का उपयोग वेनेजुएला की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने के लिए करना चाहता है। इसके अतिरिक्त, दोनों देश नवीकरणीय ऊर्जा और परिवहन लॉजिस्टिक्स में संयुक्त उद्यमों की जांच करेंगे, साथ ही ऊर्जा क्षेत्र से परे आर्थिक संबंधों का विस्तार करने का प्रयास करेंगे। रोड्रिगेज संभावित सहयोग के अवसरों का मूल्यांकन करने के लिए दिल्ली में कई स्थानों का दौरा भी करने वाली हैं, जिसमें फार्मास्यूटिकल सुविधाएं और नवीकरणीय ऊर्जा पहल शामिल होंगी।

भारत और वेनेजुएला ने 1959 में राजनयिक संबंध शुरू किए, और चालीस साल से भी पहले काराकास और नई दिल्ली में दूतावास स्थापित किए गए। इस साझेदारी को महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय, राजनीतिक और आर्थिक मामलों पर एक समान दृष्टिकोण द्वारा परिभाषित किया गया है। दोनों देश संयुक्त राष्ट्र और ब्रिक्स-संबंधी मंचों जैसे वैश्विक मंचों पर सक्रिय सहयोग में संलग्न हैं। 2008 से ऊर्जा क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की उपस्थिति में स्थायी संस्थागत जुड़ाव परिलक्षित होता है। यह यात्रा राजनयिक संबंधों की 67वीं वर्षगांठ का स्मरण कराती है, जो सौहार्दपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों की विरासत को बनाए रखती है।

### भारत की लैटिन अमेरिका रणनीति का प्रतिबिंब

रोड्रिगेज की यह यात्रा, भारत की 'रणनीतिक स्वायत्तता' की नीति के हिस्से के रूप में, लैटिन अमेरिका के साथ बढ़ती भागीदारी का एक उदाहरण है। 2023 में, भारत और लैटिन अमेरिका के बीच कुल व्यापार की मात्रा 40 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई, जो पिछले दशक में 145% की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाती है। लैटिन अमेरिका में भारत के मुख्य व्यापारिक भागीदारों में ब्राजील, मेक्सिको, अर्जेंटीना, कोलंबिया और पेरू शामिल हैं। देश इस क्षेत्र में ऑटोमोबाइल, ऑटो कंपोनेंट्स, फार्मास्यूटिकल्स और कपड़े का निर्यात करता है, जबकि यह कच्चे माल, विशेष रूप से वेनेजुएला के कच्चे तेल का आयात करता है। लैटिन अमेरिकी राष्ट्रों ने अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के भारत के प्रयासों का स्वागत किया है, क्योंकि वे अपने भू-राजनीतिक संबंधों में विविधता लाना चाहते हैं। हालांकि ब्राजील और मेक्सिको इस क्षेत्र में भारत के प्रमुख व्यापारिक भागीदार बने हुए हैं, वेनेजुएला एक महत्वपूर्ण ऊर्जा सहयोगी के रूप में एक अनूठी स्थिति रखता है।

### भू-राजनीतिक संदर्भः मादुरो के बाद का पुनर्संतुलन

रोड्रिगेज की यात्रा का समय इसकी भू-राजनीतिक महत्वता को बढ़ाता है। जनवरी 2026 में मादुरो के हटने के बाद भी, वैश्विक समुदाय वेनेजुएला के शासन को लेकर विभाजित है। वेनेजुएला की अंतरिम सरकार के साथ संबंधों को बनाए रखने और मजबूत करने का भारत का निर्णय, अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद, चल रहे ऊर्जा सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह ग्लोबल साउथ के बीच एकजुटता के लिए समर्थन और विदेश नीति के प्रति एक स्वतंत्र दृष्टिकोण को भी दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, यह यात्रा अमेरिकी प्रतिबंधों के अधीन लैटिन अमेरिकी देशों के साथ बातचीत करने के लिए भारत की तत्परता को दर्शाती है। भारत लगातार वेनेजुएला को एक 'दीर्घकालिक और महत्वपूर्ण ऊर्जा भागीदार' के रूप में संदर्भित करता है, जो भू-राजनीतिक संबंधों की तुलना में ऊर्जा सुरक्षा को अधिक प्राथमिकता देता है।

### आगे की चुनौतियाँ

सौहार्दपूर्ण संबंधों के बावजूद, काफी चुनौतियाँ बनी हुई हैं। वेनेजुएला पर लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंध वित्तीय लेनदेन और निवेश में बाधा डालते हैं, जिससे बढ़े हुए आर्थिक सहयोग के लिए बाधाएं उत्पन्न होती हैं। वेनेजुएला की घरेलू आर्थिक कठिनाइयाँ निवेश की उपज को प्रभावित करती हैं और दीर्घकालिक साझेदारी के संबंध में अनिश्चितता पैदा करती हैं। व्यापार घाटा एक और चुनौती है, क्योंकि वेनेजुएला की निर्यात क्षमताएं ब्राजील और मेक्सिको की तुलना में काफी कम हैं। इसके अलावा, भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका से वेनेजुएला के साथ अपनी सहभागिता कम करने के लिए भू-राजनीतिक दबाव का सामना करना पड़ सकता है, जो संबंधों में कूटनीतिक जटिलता की एक परत जोड़ता है।

### भविष्य का रोडमैप

रोड्रिगेज की यह यात्रा ऊर्जा क्षेत्र से परे बढ़े हुए सहयोग का मार्ग प्रशस्त करती है। विश्लेषकों को दवाओं, नवीकरणीय ऊर्जा और प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए डिज़ाइन की गई वैकल्पिक भुगतान प्रणालियों से संबंधित समझौतों के होने की उम्मीद है। चूंकि पिछले दशक में भारत और लैटिन अमेरिका के बीच व्यापार में 145% की उल्लेखनीय वृद्धि जारी है, इसलिए एक अनूठे ऊर्जा भागीदार के रूप में वेनेजुएला की स्थिति महत्वपूर्ण बनी हुई है। इस यात्रा से निसंदेह लैटिन अमेरिका में भारत की व्यापक पहुँच स्पष्ट परिलक्षित होती है।

(लेखिका जेएनयू में प्राध्यापिका हैं)

## विरासत



गुजरात में पावागढ़ पहाड़ी पर स्थित जैन मंदिरों का समूह है। यह एक जैन तीर्थ है। भगवान पार्श्वनाथ और चिंतामणि पार्श्वनाथ को समर्पित ये मंदिर यूनेस्को की विश्व धरोहर का हिस्सा है। जैन परम्परा में पावागढ़ पहाड़ी को उन चार पवित्र क्षेत्रों में से एक माना जाता है। जहां मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है। ये मंदिर तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व के हैं।

# अपराधमुक्त राजनीति से ही संभव है नया भारत-विकसित भारत

भारत आज एक ऐतिहासिक संक्रमण काल से गुजर रहा है। एक ओर देश विकसित भारत-2047 के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, वैश्विक मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व राजनीति और कूटनीति के केंद्र में उभर रहा है, वहीं दूसरी ओर भारतीय राजनीति में अपराध, धनबल और बाहुबल की बढ़ती पैठ लोकतंत्र की आत्मा को आहत कर रही है। यह विडंबना ही है कि जिस भारत को विश्वगुरु बनने का स्वप्न दिखाया जा रहा है, उसकी राजनीति अभी भी अपराधमुक्त नहीं हो सकी है। हाल ही में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद सामने आए आंकड़ों ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। समाचार पत्रों में प्रकाशित एडीआर (ऐसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिपोर्ट) की रिपोर्ट के अनुसार पश्चिम बंगाल विधानसभा के लगभग 65 प्रतिशत विधायक आपराधिक मामलों वाले हैं, जबकि 61 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं। रिपोर्ट के अनुसार 294 विधायकों में से 190 विधायकों ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले घोषित किए हैं तथा लगभग 142 विधायकों पर गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें हत्या, हत्या के प्रयास, महिलाओं के विरुद्ध अपराध और अन्य गंभीर मामले भी शामिल हैं।

यह केवल पश्चिम बंगाल की स्थिति नहीं है। संसद और देश की अनेक विधानसभाओं की स्थिति भी इससे बहुत अलग नहीं है। पिछले कुछ वर्षों के चुनावी विश्लेषण बताते हैं कि उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना सहित अनेक राज्यों में बड़ी संख्या में ऐसे जनप्रतिनिधि चुनकर आए हैं जिन पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं। लोकतंत्र के मंदिरों में अपराध और दागी छवि वाले लोगों की बढ़ती उपस्थिति आज राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुकी है। राजनीति मूलतः लोकसेवा, नैतिक नेतृत्व और राष्ट्रनिर्माण का माध्यम मानी गई थी। महात्मा गांधी, जयप्रकाश नारायण, लाल बहादुर शास्त्री, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं ने राजनीति को मूल्य आधारित दिशा दी। लेकिन समय के साथ राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता का स्थान धीरे-धीरे चुनावी गणित, धनबल और प्रभावशाली समूहों ने लेना शुरू कर दिया। आज कई राजनीतिक दल उम्मीदवार चयन में योग्यता, चरित्र और जनसेवा की बजाय ‘जीतने की क्षमता’ को प्राथमिकता देते दिखाई देते हैं। यही कारण है कि दागी छवि वाले व्यक्तियों को भी टिकट देने में संकोच नहीं किया जाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र की राजनीति में आने के बाद अनेक मंचों से राजनीति के अपराधीकरण पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने संसद में और सार्वजनिक मंचों पर कई बार कहा कि राजनीति को अपराधमुक्त बनाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों के शीघ्र निपटान के लिए विशेष अदालतों की आवश्यकता पर बल दिया। किंतु चिंता का विषय यह है कि आज भी लगभग सभी राजनीतिक दलों की स्थिति समान दिखाई देती है। चुनाव जीतने की मजबूरी और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के कारण दल अपराधी और दागी उम्मीदवारों को टिकट देने से परहेज नहीं कर पा रहे हैं। इस स्थिति के पीछे कई कारण हैं। पहला कारण है चुनावों का अत्यधिक खर्चीला होना। आज चुनाव लड़ना सामान्य व्यक्ति की क्षमता से बाहर होता जा रहा है। बड़े संसाधनों वाले और आर्थिक रूप से प्रभावशाली लोग चुनावी प्रक्रिया में अधिक सक्रिय हो रहे हैं। दूसरा कारण है बाहुबल और प्रभाव का उपयोग। कई क्षेत्रों में आज भी राजनीतिक प्रभाव स्थापित करने के लिए शक्ति प्रदर्शन को महत्वपूर्ण माना जाता है।

**– ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार**
**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## तीन दिन की सिपाही भर्ती परीक्षा सोमवार से एसटीएफ की निगरानी में स्ट्रांग रूम पहुंचे पेपर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संबंधित जिलों के स्ट्रांग रूम में पहुंचा दिए गए हैं। प्रश्नपत्रों के परिवहन और भंडारण की पूरी प्रक्रिया की निगरानी नामित नोडल अधिकारियों की देखरेख में की जा रही है। वहीं, परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए एसटीएफ, साइबर सेल और जिला पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

भर्ती परीक्षा 8, 9 और 10 जून 2026 को प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित होगी। परीक्षा में लाखों अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए परीक्षा केंद्रों, स्ट्रांग रूम और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। पेपर लीक, सॉल्वर गैंग और नकल माफिया पर शिकंजा कसने के लिए एसटीएफ की विशेष टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, विशेषकर व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक और अन्य डिजिटल माध्यमों की चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है। किसी भी तरह की अफवाह, फर्जी प्रश्नपत्र या परीक्षा से जुड़ी भ्रामक जानकारी प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रदेश में भीषण गर्मी की होगी वापसी

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बीते कई दिनों के मौसमी उतार चढ़ाव के बाद अब तपिश भरे दिनों की वापसी होने वाली है। मौसम विभाग की ओर से अगले पांच दिनों में प्रदेश भर में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है।

मौसम विभाग के मुताबिक रविवार से पूरे प्रदेश में धीरे धीरे पारे का चढ़ना शुरू होगा। इसके साथ ही मंगलवार से अगले तीन दिन यानी नौ जून से 11 जून के दौरान उत्तर प्रदेश के ज्यादातर इलाकों के लू की चपेट में आने की आशंका है। शनिवार को प्रदेश के बुंदेलखंड और दक्षिणी जिलों में तपिश और तीखी धूप का प्रकोप रहा। वहीं पूर्वांचल और तराई के कुछ जिलों में सुबह बादलों की आवाजाही से साथ तेज हवाएं चलीं। शनिवार को झांसी 45.2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। इसके अलावा बांदा, उरई, फतेहपुर और वाराणसी में भी गर्मी का असर तीखा बना रहा।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में अब मौसम शुष्क रहेगा और तपिश भरे दिनों की वापसी होगी।

### सर्वाधिक तापमान वाले जिले

झांसी- 42 .5 डिग्री सेल्सियस
बांदा- 42 .2 डिग्री सेल्सियस
उरई- 41 .4 डिग्री सेल्सियस
फतेहपुर- 41 .4 डिग्री सेल्सियस
वाराणसी- 41 .2 डिग्री सेल्सियस

## सार संक्षेप

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जांच शुरू

**खटीमा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खेतलसण्डाखाम (वार्ड नंबर 18) में शुक्रवार रात एक 52 वर्षीय महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के भीतर बेड पर पड़ा मिला। मृतका की पहचान कमला जोशी पत्नी बसन्त बल्लभ जोशी के रूप में हुई है। पुलिस को आपातकालीन सेवा 112 के जरिए महिला द्वारा सुसाइड किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही एसएसआई केसी आर्या और उपनिरीक्षक किशोर पन्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, मृतका के शरीर पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं हैं, लेकिन चेहरे, पीठ और हथेलियों पर नीलापन पाया गया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने शव व घटनास्थल को सील कर दिया है। साक्ष्य जुटाने के लिए जिला फील्ड यूनिट और फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। पुलिस का कहना है कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### 9 जून से शुरू होगा ख्वाजा गरीब नवाज का 65वाँ सालाना उर्स, तैयारियां पूरी

**खटीमा।** पुरानी तहसील रोड पर हर साल की तरह इस वर्ष भी सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी का 65वाँ दो दिवसीय सालाना उर्स 9 और 10 जून को बेहद धूमधाम और अकीदत के साथ मनाया जाएगा। उर्स को लेकर तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं और स्थानीय लोगों में भारी उत्साह है। इस दो दिवसीय उर्स में यूट्यूब के मशहूर सूफियाना सिंगर नुसरत कादरी (राजस्थान) विशेष रूप से शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार 9 जून (मंगलवार) को शाम को मिलाद-ए-पाक और देर रात को शानदार कव्वालियों का प्रोग्राम होगा। वहीं, 10 जून (बुधवार) को सुबह 8 :00 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी और सुबह 11 :00 बजे से विशाल लंगर का आयोजन होगा। ख्वाजा कमेटी के सदस्य जाकिर हुसैन सकलानी चिश्ती, मोहसिन बैग, जीशान ओवैसी, गुड्डू खान, अनवर फरीदी और पूरी उर्स कमेटी ने तमाम क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शिरकत कर महफिल की रौनक बढ़ाने की अपील की है।

### अखिलेश का आरोप: भाजपा में शीर्ष पर बैठे नेताओं की भाषा असंसदीय-अभद्र, सिर्फ नफरत फैलाने का काम



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार से लेकर संगठन तक में शीर्ष पदों पर बैठे भाजपा नेताओं की भाषा बेहद अभद्र और असंसदीय है। मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों, सहयोगी दलों ने नौ साल के कार्यकाल में विकास का कोई कार्य नहीं किया। भेदभाव और नफरत फैलाने का काम किया। भाजपा सरकार में कानून-व्यवस्था ध्वस्त है। हर दिन जघन्य हत्याएं हो रही है। भ्रष्टाचार चरम पर है। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि अस्पतालों में मरीजों को पर्याप्त दवा व इलाज नहीं मिल रहा है। दवाओं में बड़े पैमाने पर घपलेबाजी है। बिजली व्यवस्था चरमरायी हुई है। स्मार्ट मीटर लगाकर भाजपा सरकार ने जनता को लूटने का काम किया। शिक्षा व्यवस्था की दुर्दशा हो गई है। परीक्षाएं पारदर्शी नहीं रह गई हैं। पेपर लीक हो रहे है। सरकार समय पर पंचायत चुनाव तक नहीं करा पाई। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री और मंत्रियों के पास जनता से जुड़े मुद्दों और भाजपा द्वारा किए गए वादो पर कोई जवाब नही है। भाजपा सरकार-2027 में हार के डर से भयभीत है। मुख्यमंत्री और उनके सहयोगी दल अलोकतांत्रिक व अमर्यादित व्यवहार और भाषा पर उतर आए हैं। संवैधानिक पदों पर बैठे भाजपा के लोगों में अपने पदों की मर्यादा का भी सम्मान नहीं है। वर्ष 2027 में जनता भाजपा को हराकर उसके अहंकार का अंत कर देगी।

# अपनी सरकार के खिलाफ मुखर हुए कैबिनेट मंत्री संजय निषाद

### कहा- मुठभेड़ में किसी को मारना ठीक नहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** गाजीपुर के चर्चित विनीत राय हत्याकांड के आरोपी कमलेश बिंद के पुलिस एनकाउंटर को लेकर योगी सरकार की सहयोगी निषाद पार्टी ने तीखा रुख अपना लिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने न सिर्फ एनकाउंटर पर सवाल उठाए हैं, बल्कि गाजीपुर पुलिस की कार्रवाई पर भी गंभीर आपत्तियां जताई हैं। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के नाम पर किसी व्यक्ति को सीधे मुठभेड़ में मार देना उचित नहीं है। ऐसे मामलों में न्यायिक प्रक्रिया का पालन होना चाहिए।

पहले सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम और शनिवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. निषाद ने कहा कि अपराधियों की कोई जाति नहीं होती, लेकिन हर आरोपी को आत्मसमर्पण और न्यायिक प्रक्रिया का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति पर अपराध का आरोप है तो उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाना चाहिए, जहां कानून के अनुसार सजा तय हो। उनका दावा है कि विनीत राय हत्याकांड में कमलेश बिंद मुख्य आरोपी नहीं था। ऐसे में पुलिस की कार्रवाई कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि कमलेश की पत्नी ने आरोप लगाया है कि उसके पति को पहले थाने में प्रताड़ित किया गया और बाद में एनकाउंटर कर दिया गया। ऐसे आरोपों के बाद पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच जरूरी हो जाती है। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस को कार्रवाई ही करनी थी तो मामले के मुख्य आरोपियों के खिलाफ भी वैसी ही सख्ती दिखाई जानी चाहिए थी। उन्होंने गाजीपुर पुलिस और पुलिस अधीक्षक को चुनौती देते हुए कहा कि यदि कार्रवाई पूरी तरह निष्पक्ष और सही है तो मुख्य आरोपियों के खिलाफ भी ऐसी ही कार्रवाई करके दिखाएं।

### रासुका की चेतावनी पर भड़के, सीएम से करेंगे शिकायत

कमलेश बिंद के परिजनों और समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के बाद उपद्रवियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाने की पुलिस की चेतावनी पर भी डॉ. निषाद ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, अगर रासुका लगाना है तो पहले हम पर लगाएं। हम और हमारे समाज के लोगों पर रासुका लगाकर दिखाएं। उन्होंने कहा कि यदि निषाद-बिंद समाज के लोगों पर इस तरह की कार्रवाई की गई तो प्रदेश की जेलें छोटी पड़ जाएंगी। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। वह इस मामले को मुख्यमंत्री के सामने रखेंगे। उनका आरोप है कि कुछ अधिकारियों की कार्यशैली सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी कर रही है और जनता के बीच गलत संदेश जा रहा है।

## 100 करोड़ की ठगी में रियल स्टेट कंपनी का निदेशक गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** कंपनी के निदेशकों ने लोगों को कम समय में धन दोगुना करने और सस्ते दामों पर प्लॉट और फ्लैट उपलब्ध कराने का लालच देकर वर्ष 2011 से 2015 के बीच करीब 100 करोड़ रुपये का निवेश जुटाया।

आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) ने निवेशकों से करीब 100 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में कर्मभूमि रियल स्टेट कंपनी लिमिटेड के निदेशक महिपाल सिंह को मथुरा से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी ईओडब्ल्यू के विशेष अभियान के तहत कानपुर सेक्टर की टीम ने शनिवार को की।

ईओडब्ल्यू के मुताबिक मथुरा निवासी महिपाल सिंह के खिलाफ थाना ईओडब्ल्यू कानपुर सेक्टर में केस दर्ज है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। केस की विवेचना में सामने आया कि कर्मभूमि रियल स्टेट कंपनी लिमिटेड ने कानपुर नगर में पंजीकरण कराने के बाद मथुरा, कानपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, शाहजहांपुर और लखीमपुर खीरी समेत कई जिलों में शाखाएं खोल रखी थीं। कंपनी के निदेशकों ने लोगों को कम समय में धन दोगुना करने और सस्ते दामों पर प्लॉट और फ्लैट उपलब्ध कराने का लालच देकर वर्ष 2011 से 2015 के बीच करीब 100 करोड़ रुपये का निवेश जुटाया।

ईओडब्ल्यू के मुताबिक निवेशकों को न तो वादे के अनुरूप प्लॉट और फ्लैट दिए गए और न ही उनकी जमा पूंजी लौटाई गई। आरोप है कि कंपनी के छह निदेशकों ने आपराधिक साजिश के तहत निवेशकों का धन हड़प लिया और बाद में कार्यालय बंद कर फरार हो गए। जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर महिपाल सिंह समेत छह निदेशकों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक विश्वासघात और साजिश की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

## दो दिवसीय क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कैंप कार्यालय में जनता पार्टी कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से मिले

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यकर्ताओं की समस्या सुनते मुख्यमंत्री धामी। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने दो दिवसीय क्षेत्र के भ्रमण के दौरान शनिवार को लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय में आम जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की । इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम जनता ने उनका फूल माला एवं पुष्प गुच्छ सौंपकर उनका स्वागत किया। यहां मौजूद लोगों ने 2027 के चुनाव में उन्हें जीजान से लड़कर भारी मतों से विजई बनाने की बात की।

कैंप कार्यालय में सीएम धामी ने आम जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने खटीमा क्षेत्र में करोड़ों की योजनाओं से संपन्न हो रहे विकास कार्यों पर भी चर्चा की और लोगों द्वारा उठाई गई समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और समस्याओं का तत्काल समाधान कराने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, विधायक शिव अरोरा, मेयर दीपक बाली, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, नानकमत्ता प्रेम सिंह टूरना, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, दर्जा मंत्री हेमन्त द्विवेदी, फरजाना बेगम, मोहिनी पोखरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो सतीश भट्ट, महामंत्री रमेश जोशी, विवेक सक्सेना, अमित कुमार पांडे, रंदीप पोखरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्रा, उप जिलाधिकारी गौरव पांडे सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## खाना खाने के बाद घर के बाहर टहल रहे थे पूर्व महापौर, 10-12 कुत्तों ने किया हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में आवारा कुत्तों ने शहर के पूर्व महापौर सुरेश चंद्र अवस्थी पर हमला बोलकर घायल कर दिया। उनके पैर और पीठ में कई जगह काटा है। पूर्व महापौर ने नगर निगम में इसकी शिकायत की है।

सुरेश चंद्र अवस्थी अलीगंज में आने वाले महाकवि जयशंकर प्रसाद वार्ड के सेक्टर-क्यू चौराहे के पास रहते हैं। शुक्रवार रात खाना खाने के बाद वह घर के पास कॉलोनी में टहल रहे थे। इस दौरान 10-12 आवारा कुत्तों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। जब तक वह संभाल पाते, कुत्तों ने उनके पैर और पीठ में कई जगह काट लिया। शोर सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों ने उन्हें बचाया।

पूर्व महापौर ने बताया कि इलाके में कुत्तों का आतंक है। आए दिन कोई न कोई इनका शिकार बनता है। उन्होंने बताया कि इलाके की एक महिला ने 10-12 आवारा कुत्तों को पाल रखा है। उसने इनका लाइसेंस भी नहीं बनवाया है। आवारा कुत्तों से लोग परेशान हैं।

नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी से शिकायत की गई कि वे आवारा कुत्तों को पकड़वाकर लोगों को परेशानी से निजात दिलाएं। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि शिकायत मिली है। टीम को मौके पर भेजा जाएगा।

# 68 विकलांगों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरण किए गए वितरित

जागरण मोर्चा कार्यालय




भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने दिव्यांगजनों के उज्ज्वल भविष्य एवं सर्वांगीण विकास के लिए बांटी इलेक्ट्रिक साईकिल। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं उनके जीवन को अधिक सुगम बनाने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की देखरेख में दिव्यांगजनों को 67 विभिन्न आवश्यक सहायक उपकरणों का वितरण किया गया।

ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी अपनी सहभागिता निभाते हुए दिव्यांगजनों के उज्ज्वल भविष्य एवं उनके सर्वांगीण विकास की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्तित्व उन्होंने कहा कि कम धामी के प्रयास से आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के विकलांगों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरण वितरित हुए हैं उन्होंने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी कार्यक्रम में 10 व्हील चेयर चौथ साइकिल 32 इलेक्ट्रॉनिक साइकिल 8 वकार शर्ट विद्युत किए गए। इस दौरान अमित पांडे, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा, खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गांधी, सहायक समाज कल्याण अधिकारी तरन्नुम, कार्यालय सहायक अमित राणा आदि मौजूद रहे।

## एयरपोर्ट पर ड्यूटी के दौरान बिगड़ी महिला की हालत, इलाज के दौरान मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** देर रात महिला की हालत दोबारा बिगड़ने लगी। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पति ने आरोप लगाया कि वहां मौजूद चिकित्सकों ने पत्नी को तीन इंजेक्शन लगाए, जिसके बाद उनकी हालत और गंभीर हो गई।

लखनऊ के सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बदलीखेड़ा निवासी किरन यादव (30) की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कृष्णानगर थाने में शिकायत की बात कही है।

मृतका के पति जंगबहादुर के अनुसार वह अपनी पत्नी व बेटी के साथ बदलीखेड़ा में रहते हैं। उनकी पत्नी किरन अमौसी एयरपोर्ट पर कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत थीं। बृहस्पतिवार को ड्यूटी के दौरान रात करीब आठ बजे एयरपोर्ट से फोन आया कि उनकी पत्नी के पेट में असहनीय दर्द होने के साथ ही हालत बिगड़ गई है। सूचना पर वह एयरपोर्ट पहुंचे और पत्नी को दवा दिलाने के बाद घर लेकर आए।

देर रात किरन की हालत दोबारा बिगड़ने लगी। उन्हें कृष्णानगर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पति ने आरोप लगाया कि वहां मौजूद चिकित्सकों ने पत्नी को तीन इंजेक्शन लगाए, जिसके बाद उनकी हालत और गंभीर हो गई। परिजनों का आरोप है कि काफी देर तक अस्पताल प्रशासन ने उनकी स्थिति के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी। इससे नाराज परिजनों ने हंगामा किया। शुक्रवार को वरिष्ठ चिकित्सक को बुलाया गया, जिन्होंने कुछ देर बाद किरन को मृत घोषित कर दिया। पति जंग बहादुर ने अस्पताल की लापरवाही से महिला की मौत होने का आरोप लगाते हुए कृष्णानगर थाने में तहरीर देने की बात कही है।

# 'डीएम साहब ! हम तो जिंदा हैं, तहसील के कर्मचारियों ने हमें मार दिया, हमारी जमीन वापस दिलाइए'

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** मोहनलालगंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एक ऐसा मामला सामने आया जिस पर जिलाधिकारी भी हैरान हो गए। उन्होंने तहसील के कर्मचारियों की जांच कराकर कठोर कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

मोहनलालगंज तहसील के सम्पूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को एक ऐसा मामला सामने आया जिसने अधिकारियों को भी हैरान कर दिया। बाबूखेड़ा मजरा रघुनाथखेड़ा निवासी किसान काशी प्रसाद ने जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि राजस्व अभिलेखों में उन्हें मृत दर्शाकर उनकी कृषि भूमि अन्य लोगों के नाम दर्ज कर दी गई है।

शिकायतकर्ता काशी प्रसाद ने अधिकारियों से कहा कि वह जीवित हैं और स्वयं उपस्थित होकर न्याय की गुहार लगा रहे हैं, जबकि राजस्व अभिलेखों में उन्हें मृत दिखा दिया गया है। उनका आरोप है कि क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही अथवा मिलीभगत से यह कथित फर्जीवाड़ा किया गया है।

काशी प्रसाद के अनुसार जब उन्होंने अपनी खतौनी निकलवाई तो उन्हें पता चला कि उनकी कृषि भूमि पर अन्य व्यक्तियों के नाम दर्ज हो चुके हैं। इसके बाद उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। किसान ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि उनकी भूमि से दर्ज किए गए कथित फर्जी नामों को निरस्त कर उन्हें पुनः वैध काश्तकार के रूप में दर्ज किया जाए। साथ ही पूरे प्रकरण में शामिल अधिकारियों एवं लाभार्थियों की भूमिका की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी विशाख जी ने नाराजगी जताई और तहसीलदार को तत्काल जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि जांच में किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही अथवा संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पानी के ड्रम में छिपाकर हो रही सागौन की तस्करी नाकाम, पिकअप सीज



सागौन की लकड़ी से भरी पिकअप जब्त। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** वन तस्करों के शातिराना मंसूबों पर पानी फेरते हुए किलपुरा रेंज की टीम ने बीती रात अवैध सागौन की लकड़ी से भरी एक पिकअप जब्त की है। तस्करों ने वन विभाग को चकमा देने के लिए कीमती लकड़ी को पानी के ड्रमों के अंदर छिपा रखा था।

प्रभागीय वनाधिकारी के आदेश पर वन क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में टीम 4 जून की रात पश्चिमी किलपुरा द्वितीय बीट में गश्त पर थी। इसी बीच मुखबिर की सटीक सूचना पर टीम ने घेराबंदी कर पिकअप वाहन (संख्याः UK 06CB 0782) को रोक लिया। वन कर्मियों को देख चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर ड्रमों के भीतर से सागौन प्रकाष्ठ के 4 नग बरामद हुए। वन विभाग ने वाहन को कब्जे में लेकर किलपुरा रेंज परिसर में खड़ा कर दिया है और फरार तस्कर के खिलाफ वन अधिनियम के तहत सख्त विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## तहसील के खंडहर भवन की नीलामी फजले मोहम्मद के नाम छूटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** तहसील के खंडहर भवन की नीलामी तीसरी बार फिर हुई। नीलामी में 19 बोलीदाताओं ने भाग लिया। सर्वाधिक 12.80 लाख रुपये की बोली लगाई गई। बीसलपुर के मोहल्ला ग्यासपुर के फजले मोहम्मद के नाम नीलामी छूटी। तहसील कार्यालय करीब पांच साल पहले से नए भवन में चल रहा है। पुराने खंडहर भवन का नीलाम अगस्त 2024 में पहली बार हुआ था। तब खंडहर भवन का मूल्यांकन 1.45 लाख में हुआ था और भवन को 2.11 लाख रुपये में नीलाम कर दिया था। कम मूल्यांकन और सांठगांठ से भवन नीलामी की शिकायत पर निरस्त कर दिया था। भवन नीलामी न होने और ध्वस्त न होने से हादसा की आशंका पर वकीलों ने कई बार प्रदर्शन किया। डीएम के निर्देश पर खंडहर भवन नीलाम का दोबारा मूल्यांकन कराया। तब खंडहर भवन का मूल्यांकन 12 लाख 60 हजार 268 रुपये हुआ। 28 अगस्त 2025 को तहसील के खंडहर भवन की नीलामी 21 लाख रुपये में हुई। इसमें सौ से अधिक बोलीदाताओं ने भाग लिया था। नीलामी लेने वाले ठेकेदार ने 25 हजार रुपये जमानत और नीलामी की चौथाई धनराशि में पांच लाख रुपये जमा किए थे। नीलामी को 10 अक्टूबर 2025 को स्वीकृत मिली। बाद में ठेकेदार ने नीलामी की शेष धनराशि जमा नहीं की, इस पर नीलामी को निरस्त कर दिया। जमा की गई धनराशि जब्त कर ली। नीलाम में 19 बोलीदाताओं ने भाग लिया। सर्वाधिक 12.80 लाख की बोली लगाने पर नीलामी बीसलपुर के मोहल्ला ग्यासपुर के फजले मोहम्मद के नाम छूटी। इस दौरान तहसीलदार आशीष गुप्ता, नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित, नायब नाजिर संजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनीं लोगों की फरियादें

### 29 शिकायतों में नौ का मौके पर किया गया निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय


समस्याओं को सुनते डीएम-एसपी। -जागरण मोर्चा

**कलीनगर/पूरनपुर।** कलीनगर तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह व पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, सिंचाई, नगर निकाय और अन्य विभागों से संबंधित कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से नौ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और नगर क्षेत्र के लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे।फरियादियों ने भूमि विवाद, पैमाइश, कब्जा, विद्युत आपूर्ति, सड़क, जल निकासी, पेंशन तथा पुलिस संबंधी मामलों को अधिकारियों के समक्ष रखा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। एसपी ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने में कोई कोताही न बरती जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त कुल 29 शिकायतों में से नौ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार, थाना अध्यक्ष सहित कई मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### 14-15 वर्ष की बालिकाओं को अवश्य लगवाएं एचपीवी वैक्सीन : डीएम

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जनपद के अभिभावकों से 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) से बचाव का प्रभावी और सुरक्षित माध्यम है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बी.सी. पंत ने बताया कि एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है तथा समय पर टीकाकरण से इस बीमारी के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर यह वैक्सीन निःशुल्क उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग ने पात्र बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने की अपील की है।

### मकान सूचीकरण का 64.81 फीसदी कार्य पूरा

**पीलीभीत।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत जनपद में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य तेजी से चल रहा है। जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) प्रसून द्विवेदी ने बताया कि अब तक 64.81 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 22 मई से शुरू हुआ यह अभियान 20 जून तक चलेगा। जनपद में 4,116 प्रगणक और 688 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं, जिनकी कार्य प्रगति की नियमित समीक्षा की जा रही है। कार्य की निगरानी के लिए 15 जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जनगणना विभाग के अनुसार नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है। प्रशासन का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले प्रथम चरण का कार्य पूर्ण करना है।

### माटीकला कारीगरों से आवेदन आमंत्रित

**पीलीभीत।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमेघ सिंह ने बताया कि वर्ष 2026-27 में माटीकला निःशुल्क टूलकिट्स वितरण योजना के तहत परंपरागत माटीकला कारीगरों को विद्युत चालित चाक तथा मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अंतर्गत वर्ष 2019-20 से 2025-26 के बीच स्थापित इकाइयों को निःशुल्क पगमिल मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग के पात्र लाभार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति 12 जून 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, पीलीभीत या दूरभाष संख्या 9580503168 पर संपर्क किया जा सकता है।

### 21 जून तक चलेगा विकसित कृषि संकल्प एवं खेत बचाओ अभियान

**पीलीभीत।** उप कृषि निदेशक राम मिलन सिंह परिहार ने बताया कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद में 6 जून से 21 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं खेत बचाओ अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत किसानों को खरीफ फसलों की आधुनिक खेती, जलवायु परिवर्तन अनुकूल कृषि तकनीकों, डिजिटल क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए तीन टीमों का गठन किया गया है, जिनमें वैज्ञानिक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल रहेंगे। प्रत्येक टीम प्रतिदिन दो गांवों में गोष्ठियां आयोजित कर किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं से अवगत कराएगी।

### दलित को लाठी से पीटकर किया घायल, केस दर्ज

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पजावा निवासी राकेश ने बताया कि वह अनुसूचित जाति का है। 28 मई को शाम में हरियाणा मजदूरी करने जा रहा था। गांव के ही सकटे लाल ने उसको रोक लिया और गाली गलौज करते हुए लाठी से मारा पीटा। जिससे उसका सिर फट गया। चीख पुकार सुनकर कई लोग आ गए। आरोपी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। आरोप है कि आरोपी ने हरियाणा जाकर काम करने के लिए पहले से ही रुपया ले लिए थे। मेडिकल के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## गुरु अर्जुन देव के शहीदी समागम में उमड़ा जनसैलाब

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई क्षेत्र के गांव घाटमपुर में शनिवार को पांचवें सिख गुरु गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर आयोजित विशाल शहीदी समागम में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। समागम में गुरबाणी पाठ, सुखमनी साहिब के पाठ और शब्द-कीर्तन के साथ हुआ। विभिन्न स्थानों से पहुंचे रागी जत्थों ने गुरु महिमा का गुणगान करते हुए संगतों को निहाल किया। कीर्तन के दौरान पूरा पंडाल 'वाहे गुरु' के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु पूरे श्रद्धाभाव के साथ कीर्तन और धार्मिक प्रवचनों का श्रवण करते रहे। धार्मिक वक्ताओं ने गुरु अर्जुन देव जी के जीवन, संघर्ष और बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जुन देव जी ने मानवता, सत्य, प्रेम और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनका जीवन समाज को सेवा, त्याग और भाईचारे का संदेश देता है। वक्ताओं ने युवाओं से गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपनाकर समाज में प्रेम और सद्भाव को बढ़ावा देने का आह्वान किया। समागम में पहुंचे श्रद्धालुओं ने गुरु अर्जुन देव जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनकी शिक्षाओं को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान संगतों ने पूरे अनुशासन और श्रद्धा के साथ हिस्सा लिया। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल लंगर की व्यवस्था की गई थी। सुबह से लेकर देर शाम तक हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर गुरु का लंगर ग्रहण किया। लंगर सेवा में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। सेवादारों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ व्यवस्थाओं को संभाला, जिसकी श्रद्धालुओं ने सराहना की। समागम को लेकर गांव और आसपास के क्षेत्र में विशेष उत्साह दिखाई दिया। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, छाया और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी। आयोजकों ने बताया कि गुरु अर्जुन देव जी का बलिदान केवल सिख समाज ही नहीं, बल्कि समूची मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्श आज भी समाज को सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने समागम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, सेवादारों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

## श्मशान भूमि की पैमाइश को लेकर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

**कलीनगर।** संपूर्ण समाधान दिवस में ग्रामीणों ने श्मशान भूमि की पैमाइश और उससे जुड़े विवाद को लेकर शिकायत पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि ग्राम क्षेत्र में श्मशान भूमि की पैमाइश के दौरान कुछ लोगों ने राजस्व टीम को वापस कर दिया था, जबकि बाद में पुलिस बल की मौजूदगी में पुनः पैमाइश कराई गई।

ग्रामीणों का कहना है कि पैमाइश के समय किसी प्रकार का विवाद नहीं हुआ था, इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसमें ऐसे लोगों के नाम भी शामिल कर दिए गए जो मौके पर मौजूद नहीं थे। शिकायतकर्ताओं ने मामले की विस्तृत जांच कर झूठे मुकदमे को निरस्त करने तथा श्मशान भूमि पर कथित अवैध कब्जे की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत गुट ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** शनिवार को कलीनगर में लगे सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी को भाकियू (टिकैत गुट ने) कलीनगर-माधोटांडा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि माधोटांडा-कलीनगर में पुल और पुलियों का निर्माण धीमी गति से चल रहा है। जिससे आगामी बरसात के दिनों में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बरसात से पहले ही इनका निर्माण पूरा कराने और कलीनगर को विकास खंड बनाए जाने की मांग की है। तत्काल विकास खंड का दर्जा दिलाए जाने की मांग उठाई है। चूका स्पाट के आस पास हो रही अवैध ओवररेटिंग बंद कराने की मांग की है। ग्राम सभा मथना जप्ती में माधोटांडा मार्ग से आगे चलने पर एक रास्ता सिद्ध बाबा आबादी घने रास्ता किसानों के खेतो को जोड़ता है। जो पूरा कच्चा है। बरसात के दिनों में कीचड़ हो जाता है। जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मार्ग पर खड़ंजा निर्माण कराए जाने की मांग की है। गौशालाओं में आवारा पशुओं रखने से मना कर दिया जाता है। इसके अलावा बिजली कटौती सहित कई समस्याओं के निस्तारण की मांग की है। ज्ञापन में विद्युत व्यवस्था की बदहाली का भी उल्लेख किया गया। किसानों ने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती की समस्या लगातार बनी हुई है। पर्याप्त बिजली न मिलने के कारण सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है और फसल उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस दौरान कई मौजूद रहे।

## जोन-सेक्टर समीक्षा बैठक में संगठन मजबूती पर मंथन, 2027 में सपा सरकार बनाने का संकल्प

जागरण मोर्चा, कार्यालय


समीक्षा बैठक में भाग लेते सपा कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** समाजवादी पार्टी की जोन एवं सेक्टर संगठन की समीक्षा बैठक निजी मंगलम बैंक्वेट हॉल में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक मजबूती और विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि मजबूत संगठन ही 2027 की जीत का आधार बनेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को संगठन की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए उनकी सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि अरविंद यादव ने भी संगठन की मजबूती में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की। उन्होंने कहा कि जनपद में पार्टी लगातार मजबूत हो रही है और कार्यकर्ताओं का उत्साह 2027 के लिए सकारात्मक संकेत है। कार्यक्रम का संचालन संजय यादव ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक अरशद खान, उमाशंकर यादव, अरशद दद्दा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जोन-सेक्टर प्रभारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने संगठन को और मजबूत बनाने तथा 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया।

## 22 दिन की अग्नि तपस्या पूर्ण, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

**माधोटांडा।** थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव शाहगढ़ के निकट स्थित श्री सिद्ध योगी बाबा बालक नाथ जी मंदिर के सेवक बाबा सरस्वती सीटा शाह की 22 दिनों तक चली अग्नि तपस्या पूर्ण हो गई। तपस्या पूर्ण होने पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और आशीर्वाद लेने पहुंचे।

जानकारी के अनुसार बाबा सरस्वती सीटा शाह ने मंदिर से लगभग 300 मीटर दूर पश्चिम दिशा में खुले स्थान पर गोबर के उपलों की अग्नि के बीच रहकर जनकल्याण एवं लोकमंगल की कामना से कठोर तपस्या की। भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद बाबा लगातार साधना में लीन रहे, जिसे देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से भी लोग पहुंचे। तपस्या पूर्ण होने के अवसर पर श्रद्धालुओं ने बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। 22 दिनों तक चली इस अग्नि तपस्या की पूर्णाहुति के बाद क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है और लोगों में इसे लेकर विशेष चर्चा है।



## गन्ना भुगतान को लेकर किसानों का प्रदर्शन, राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के आवास का घेराव


गन्ना भुगतान को लेकर प्रदर्शन में भाग लेते किसान। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पीलीभीत।** गन्ना भुगतान में हो रही देरी से नाराज किसानों ने शनिवार को राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता कुमुद गंगवार के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने बकाया भुगतान जल्द कराने की मांग को लेकर नारेबाजी की।

किसानों का कहना है कि चीनी मिलों द्वारा लंबे समय से गन्ने का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उनका आरोप है कि भुगतान न मिलने से खेती के खर्च, कर्ज की अदायगी और घरेलू जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए, मंत्री आवास पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

कोतवाली इंस्पेक्टर परमेंद्र कुमार और सुनगढ़ी इंस्पेक्टर नरेश कुमार त्यागी सहित कई थानों की पुलिस मौके पर मौजूद रही। समाचार लिखे जाने तक किसान अपनी मांगों पर डटे हुए थे। प्रशासनिक अधिकारी किसानों से वार्ता कर समाधान निकालने के प्रयास में जुटे थे।

## शराब की शिकायत करने पर पुलिस पर मारपीट का आरोप

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति की एक महिला ने पुलिस पर मारपीट और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसने गांव में हो रही अवैध शराब की बिक्री की शिकायत की थी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उसके और उसके परिवार के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। महिला के अनुसार गांव में लंबे समय से अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। इस संबंध में उसने संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। आरोप है कि शिकायत के बाद पुलिस टीम गांव पहुंची और जांच के दौरान महिला तथा उसके परिवार के लोगों के साथ मारपीट की। घटना में परिवार के कुछ लोगों को चोटें भी आई हैं। पीड़िता ने मामले की शिकायत डीएम से कर कार्रवाई की मांग की है। घटना को लेकर गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है। पीड़ित परिवार ने न्याय की गुहार लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने और सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि उच्चाधिकारी मामले की जांच में क्या निष्कर्ष निकालते हैं और आगे क्या कार्रवाई की जाती है।

## पिता-पुत्र पर हमला करने का प्रयास, तहरीर दी

**पूरनपुर।** घुंघचाई क्षेत्र के गांव लुकटिहाई निवासी ठाकुर प्रसाद ने बताया कि उनके पुत्र अखिलेश कुमार का पडोसी गांव के एक ग्रामीण से चार जून को किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस पर ग्रामीण रंजिश रखने लगा। रात्रि करीब नौ बजे वह व उनका पुत्र अखिलेश कुमार प्रांगण में बैठे थे। तभी ग्रामीण व एक अज्ञात आए और जानलेवा हमला करने की नीयत से झपटा मार कर पकड़ने की कोशिश की,जिससे दोनों लोगो ने घर के अंदर भागकर जान बचाई। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस जांच कर रही है।




**उपलब्धि** | छात्र छात्राओं को अब दूर जाने की नही होगी जरुरत

## गन्ना कृषक महाविद्यालय को गृहविज्ञान एवं शिक्षाशास्त्र में परास्नातक की मिली मान्यता

जागरण मोर्चा कार्यालय


गन्ना कृषक महाविद्यालय। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय को गृहविज्ञान एवं शिक्षाशास्त्र विषयों में परास्नातक (एम.ए.) स्तर की भी मान्यता प्राप्त हो गई है। इस उपलब्धि से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के नए अवसर प्राप्त होंगे तथा उन्हें दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में महाविद्यालय परिवार एवं प्रशासन के साथ-साथ जनपद के शिक्षाप्रेमियों का विशेष सहयोग रहा। महाविद्यालय परिवार ने विशेष रूप से डॉ. खुशीराम भार्गव, अध्यक्ष एवं जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत के सहयोग एवं मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के प्रबंधक नितिन दीक्षित ने कहा कि संस्थान निरंतर क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में अन्य नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए भी प्रयासरत रहेगी। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि मान्यता महाविद्यालय परिवार के अथक परिश्रम का परिणाम है। इससे छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त होंगे, गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,नवाचार के लिए एक विशिष्ट पहचान रखता है। वर्तमान में बीए में 09 विषयों की कक्षाओं के अतिरिक्त बी कॉम, बी एस सी (कृषि) एवं 06 विषय में एम ए की कक्षाओं का संचालन हो रहा है। वर्तमान सत्र से एम ए गृह विज्ञान एवं शिक्षाशास्त्र की कक्षाएं संचालित हो जाएंगी। आई टी के क्षेत्र में भी महाविद्यालय अति शीघ्र कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है। क्षेत्र के निर्धन छात्रों को निःशुल्क आई टी की शिक्षा देने के उद्देश्य से महाविद्यालय प्रशासन साइन कर चुका है। जिस से शीघ्र ही महाविद्यालय में 100 कंप्यूटर स्थापित हो जाएंगे।

## दोस्तों के साथ नहाने गया बरेली का युवक खरजा नहर में डूबा

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**पीलीभीत।** पीलीभीत के कलीनगर तहसील क्षेत्र में एसएसबी कैंप के पास शारदा सागर डैम से निकलने वाली खरजा नहर में शनिवार को नहाते समय एक युवक डूब गया। युवक अपने आठ दोस्तों के साथ घूमने के दौरान नहर में नहाने पहुंचा था। गहरे पानी में जाने के कारण वह डूब गया। सूचना पर सिंचाई विभाग और एसएसबी की टीम मौके पर पहुंची और मोटरबोट के जरिए युवक की तलाश शुरू कर दी गई। देर शाम तक उसका पता नहीं चल सका।

बरेली के थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव डारिया बीरम नगला निवासी मनीष उर्फ आकाश राठौर (21 वर्ष) पुत्र बहादुर अपने आठ दोस्तों के साथ घूमने आया था। बताया जाता है कि सभी युवक पहले डैम क्षेत्र में घूमे और उसके बाद खरजा नहर में नहाने चले गए। नहाते समय मनीष उर्फ आकाश गहरे पानी की ओर पहुंच गया। पानी का बहाव और गहराई अधिक होने के कारण वह डूबने लगा। उसके साथ मौजूद दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली और वह पानी में डूब गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मनीष के साथ आए युवकों में विशाल, प्रमोद, रंजीत, रवि, अर्जुन, अयोध्या प्रसाद, अरविंद और रमन शामिल थे। सभी युवक एक ही गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। साथियों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी।

# बंद चीनी मिलों पर किसानों का बकाया बना बड़ा मुद्दा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** गन्ना किसानों की बकाया भुगतान की समस्या को लेकर बंद पड़ी चीनी मिलें एक बार फिर सियासी और प्रशासनिक चर्चा के केंद्र में आ गई हैं। समाजवादी पार्टी ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि गन्ना किसान कड़ी मेहनत कर सालभर में फसल तैयार करता है, लेकिन चीनी मिल मालिक वर्षों तक उसका भुगतान रोके रखते हैं, जिससे किसान आर्थिक तंगी और कर्ज के बोझ तले दब जाता है। पार्टी के अनुसार बरेली जनपद की बहेड़ी चीनी मिल पर किसानों का करीब 170 करोड़ रुपये और नवाबगंज चीनी मिल पर लगभग 72 करोड़ रुपये बकाया है। आरोप है कि दोनों चीनी मिलें पूरी तरह बंद कर दी गई हैं और उनकी संपत्तियों को खुर्द-बुर्द किया जा रहा है। बहेड़ी चीनी मिल की बेशकीमती जमीन को बेहद कम कीमत पर बेच दिए जाने पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। समाजवादी पार्टी का कहना है कि जब किसी उद्योग की स्थापना बेहद कठिन होती है तो उसे बिना ठोस कारण बंद नहीं किया जाना चाहिए। किसानों का सैकड़ों करोड़ रुपये बकाया होने के बावजूद लगभग 90 से 100 करोड़ रुपये मूल्य की जमीन को सिर्फ 28 करोड़ रुपये में बेचना किसानों के हितों के खिलाफ है। पार्टी ने यह भी सवाल उठाया कि जब नीलामी के दौरान 35 करोड़ रुपये का खरीदार मौजूद था, तब जमीन 28 करोड़ में क्यों बेची गई।प्रेस नोट में आशंका जताई गई कि यदि चीनी मिलें बिक गईं तो क्षेत्र के गन्ना किसान गन्ने की खेती छोड़ने को मजबूर होंगे, जिससे भविष्य में गन्ना उत्पादन पर गंभीर असर पड़ेगा। पार्टी ने स्पष्ट किया कि किसानों का लाभ मिलों के संचालन में है, न कि उन्हें बेचने में।अंत में समाजवादी पार्टी ने घोषणा की कि वह 8 जून को आयुक्त बरेली मंडल से मिलकर ज्ञापन सौंपेगी।किसानों के बकाया भुगतान व मिलों के पुनः संचालन की मांग करेगी। वार्ता में जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव,विधायक एवं पूर्व मंत्री अताउर रहमान, पूर्व मंत्री भगवत शरन गंगवार, महानगर अध्यक्ष शमीम खा सुल्तानी, सुरेंद्र सोनकर, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, शमीम अहमद, योगेश यादव, जमुना प्रसाद मौर्या, प्रवीन गंगवार मौजूद रहे।



बैठक करते सपाई। –जागरण मोर्चा

- **समाजवादी पार्टी ने प्रेस नोट जारी कर उठाए सवाल, 8 जून को आयुक्त को सौंपेगी ज्ञापन**

## सार संक्षेप

### व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होगा बर्दाश्त : अवनीश जायसवाल

**बिलसंडा।** उप्र .उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के नगर अध्यक्ष अवनीश जायसवाल के जिला कमेटी में चयन के बाद रिक्त हुए पद पर जहां नगर निवासी मोहम्मद रेहान को सर्वसम्मति से नगर अध्यक्ष के पद पर आसीन किया गया, वहीं कमेटी में फेरबदल करते हुए अब नगर महामंत्री के लिए सर्राफा व्यापारी अंकित जायसवाल को मनोनीत किया गया। जबकि कोषाध्यक्ष के लिए राजीव गुप्ता के नाम पर अंतिम मुहर लगाई गई। उप्र .व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैली अग्रवाल की ताजपोशी के बाद नगर के माही ऑटोमोबाइल पर शनिवार को हुए कमेटी के फेर बदल में नगर से तमाम नए व्यापारियों को भी शामिल कर उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई। महामंत्री बनने के बाद अंकित जायसवाल ने व्यापारी हित में कार्य करने की शपथ ली। वह स्वजातीय जायसवाल समाज में भी प्रदेश कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष हैं और हमेशा ही संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। जिला महामंत्री बनने के बाद पहली बार अपने संबोधन में व्यापारी नेता अवनीश जायसवाल ने युवाओं को उनकी ताकत का एहसास दिलाते हुए उन्हें हमेशा लोगों की मदद के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि हमारा संगठन हर तबके के साथ बिना भेदभाव कार्य करता आया है।बेवजह किसी अधिकारी द्वारा किसी व्यापारी का उत्पीड़न हरगिज बर्दाश्त नहीं होगा। इस मौके पर नगराध्यक्ष मो .रेहान, देवदत्त सक्सेना,विकास उर्फ बंटू जायसवाल,राजीव गुप्ता, शक्ति, आकाश, विकास,राहुल, अचल,राजीव राठौर,दयाराम राठौर, दुर्गेश गंगवार, अंकित जायसवाल मौजूद रहे।



बिलसंडा में नवनियुक्त नगर महामंत्री अंकित जायसवाल को बधाई देते हुए जिला महामंत्री अवनीश जायसवाल।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पीटीआर में चला स्वच्छता अभियान



माला रेलवे स्टेशन क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाते वन विभाग एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ–इंडिया के सदस्य। –जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ–इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में माला रेलवे स्टेशन क्षेत्र में वन अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम और विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देशन में गठित 10 टीमों ने रेलवे लाइन के दोनों ओर लगभग 8 किलोमीटर वन क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर करीब 80 बोरी अजैविक कचरा एकत्र किया, जिसे नगर पालिका को सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में करीब 200 लोगों ने भाग लिया। इस दौरान वन अग्नि, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के महत्व पर जागरूकता संदेश दिए गए तथा जंगलों में प्लास्टिक कचरा न फैलाने और आग का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की अपील की गई। कार्यक्रम में वनक्षेत्राधिकारी रोबिन सिंह, हरसाल सिंह, अपूर्वा, शिवम कश्यप, कासिम, राहुल कुमार, राजेंद्र कुमार और वन दरोगा रामभरत सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने सुरैनी पापड़ी गांव पहुंचकर मृतकों के परिजनों से की मुलाकात

## बिसौली तहसील के सुरैनी पापड़ी गांव में मेंथा कारोबारी भाइयों की टैंक में जहरीली गैस से मौत का मामला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मेंथा कारोबारी भाइयों की टैंक में जहरीली गैस से मौत की खबर मिलने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव कांग्रेसजनों के साथ बिसौली तहसील के सुरैनी पापड़ी गांव पहुंचे और मृतकों के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने एसडीएम बिसौली से फोन पर वार्ता कर मृतकों के परिजनों को पारिवारिक आर्थिक सहायता देने को कहा।

उन्होंने एसडीएम से तत्काल मृतक आश्रितों से मिलकर कृषक दुर्घटना बीमा, पारिवारिक लाभ योजना और विधवा पेंशन देने के अतिरिक्त मुख्यमंत्री राहत कोष से तत्काल सहायता दिलवाने की मांग की। ज्ञात हो कि शुक्रवार को मेंथा कारोबारी बट्टू सिंह के दो बेटों जयवीर यादव एवं राजेश यादव की मौत मेंथा टंकी की सफाई के दौरान हो गई।इस दौरान बेहोश हुए उनके तीसरे बेटे मनवीर यादव का इलाज मुरादाबाद के निजी अस्पताल में चल रहा है। इतनी दुखद त्रासद घटना से दुखी कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुशीला कोरी, जिला उपाध्यक्ष बफ़ाती मियां, जिला सचिव राजीव पटेल,सुरेंद्र सिंह समेत अन्य कांग्रेस जनों के साथ शनिवार को दोपहर एक बजे बिसौली तहसील के सुरैनी पापड़ी गांव पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त करने मृतकों के आवास पर गए।

उन्होंने मृतकों के पिता बट्टू सिंह एवं अन्य परिजनों का दुःख साझा किया । उन्हें ढांढ़स बंधाया। कांग्रेसियों ने मृतक जयवीर के दो छोटे बच्चों छह साल के रचित और चार साल के समर्थ से बात की। मृतक जयवीर , राजेश और अस्पताल में जिंदगी मौत से जूझ रहे मनवीर की शादियां हो चुकी हैं। घटना से पूरा क्षेत्र मर्माहत है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में कांग्रेस पीड़ितों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि आगे इस तरह की घटनाएं न हों इसके लिए सरकार और प्रशासन को मेंथा कारोबारियों का अभियान चलाकर प्रशिक्षण कराना चाहिए।

उन्होंने इतनी बड़ी त्रासद घटना पर सरकार और प्रशासन की ओर से अब तक कोई सहायता घोषित न किए जाने को संवेदनहीनता करार दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पीड़ितों से सत्ताधारी पार्टी भाजपा के किसी पदाधिकारी द्वारा मिलकर शोक संवेदना व्यक्त न करने पर कहा कि जनपदइन भाजपा पीड़ितों के साथ खड़ी नहीं दिखाई देती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीड़ितों को सहायता दिलवाने को संघर्ष करेगी।



सुरेनी पापड़ी गांव पहुंचे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अजीत यादव मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना। –जागरण मोर्चा

- **कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने एसडीएम बिसौली से फोन पर वार्ता कर मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने को कहा**

# टीम ने कॉलेज की दीवार-खंभे पर लगाए क्रॉस के निशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर में प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर शनिवार को से सर्वे टीम की कार्रवाई चर्चा का विषय बनी रही। टीम ने नगर के एक कॉलेज की बाहरी दीवार और परिसर से सटे खंभे पर क्रॉस (×) का निशान लगाया, जिसके बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। स्थानीय लोगों ने इसे संभावित ध्वस्तीकरण या सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई से जोड़कर देखा। शनिवार को सर्वे कार्य के दौरान टीम ने सड़क किनारे स्थित भवनों और अन्य निर्माणों का निरीक्षण किया।

इसी क्रम में एक कॉलेज की दीवार और खंभे पर लाल रंग से क्रॉस का निशान लगाया गया। निशान लगाए जाने के बाद कॉलेज प्रबंधन और आसपास के दुकानदारों तथा नागरिकों में उत्सुकता बढ़ गई। लोग यह जानने का प्रयास करते रहे कि आखिर यह निशान किस उद्देश्य से लगाया गया है और आगे क्या कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में लंबे समय से सड़क चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की चर्चा चल रही है। मुख्य मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण और संकरी सड़कों के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में सर्वे टीम की कार्रवाई को इसी योजना से जोड़कर देखा जा रहा है। जिन स्थानों पर सड़क चौड़ीकरण अथवा अन्य विकास कार्य प्रस्तावित हैं, वहां सर्वे के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि संबंधित विभाग की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। कॉलेज की दीवार और खंभे पर क्रॉस का निशान लगाए जाने के बाद आसपास के लोगों में यह चर्चा भी रही कि यदि निर्माण सड़क की सीमा के भीतर पाया गया तो उसे हटाने की कार्रवाई की जा सकती है। शनिवार को दिनभर कॉलेज की दीवार और खंभे पर लगाए गए क्रॉस के निशान चर्चा का विषय बने रहे। लोग यह जानने को उत्सुक रहे कि सर्वे टीम की रिपोर्ट के बाद प्रशासन की ओर से क्या कदम उठाए जाते हैं और प्रस्तावित विकास कार्यों का स्वरूप क्या होगा।

# दो चिताओं के धुएं के बीच जिंदा है एक उम्मीद

## सुरैनी पापड़ी में मातम का सन्नाटा, आईसीयू में जिंदगी की जंग लड़ रहा तीसरा बेटा, मां की आंखें दरवाजे पर टिकी हैं, पिता हर फोन कॉल पर घबरा उठते हैं

जागरण मोर्चा कार्यालय, हर्षित मिश्रा

**आसफपुर।** गांव सुरैनी पापड़ी में शुक्रवार सुबह हुआ हादसा अब भी लोगों के दिलों को झकझोर रहा है। जहरीली गैस की चपेट में आकर दो सगे भाइयों की मौत के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। शनिवार को दोनों भाइयों का अंतिम संस्कार कर दिया गया, लेकिन इस टूट चुके परिवार की उम्मीद अब भी तीसरे बेटे मनवीर यादव की सांसों से जुड़ी हुई है।

मुरादाबाद के लाल सिंह मेमोरियल ट्रामा सेंटर में भर्ती मनवीर यादव आईसीयू में वेंटिलेटर पर जिंदगी की जंग लड़ रहा है। परिजनों के मुताबिक डॉक्टरों ने उसकी हालत में हल्का सुधार बताया है। यही खबर अब परिवार के लिए सबसे बड़ी उम्मीद बनी हुई है। गांव वालों के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब छह बजे बड़ा बेटा जयवीर यादव रोज की तरह प्लांट पर काम देखने गया था। इसी दौरान वह टैंक में उतरा और जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गया। बड़े भाई को बचाने के लिए छोटा भाई राजेश यादव भी टैंक में उतर गया, लेकिन वह भी बाहर नहीं निकल सका।

जब दोनों भाई अंदर बेहोश हो गए तो तीसरा भाई मनवीर खुद को रोक नहीं पाया। गांव के लोग बताते हैं कि वह सिर्फ इतना कहकर अंदर भागा— "मैं भाइयों को लेकर आता हूं" लेकिन जहरीली गैस ने उसे भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। कुछ ही मिनटों में पूरा परिवार बिखर गया। बाहर खड़ी मां चीख रही थी। पिता बट्टू सिंह यादव लोगों से हाथ जोड़कर मदद मांग रहे थे। गांव के लोग दौड़े और किसी तरह तीनों भाइयों को बाहर निकाला गया।

अस्पताल पहुंचते ही जयवीर और राजेश को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि मनवीर की हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। शनिवार को जब दोनों भाइयों की अर्थियां घर से उठीं तो पूरे गांव की आंखें नम हो गईं। मां अपने बेटों के शवों से लिपटकर रोती रही। पिता कभी बेटों की तस्वीरों को देखते तो कभी अस्पताल से आने वाले फोन पर नजर टिकाए बैठे रहते। टूटे हुए स्वर में पिता बस इतना कहते हैं— "दो बेटों को खो दिया अब भगवान तीसरे को बचा ले"। घर के अंदर महिलाओं की सिसकियां अब भी थम नहीं रही हैं। जयवीर यादव की पत्नी गहरे सदमे में है। छोटे बच्चे अब भी दरवाजे की ओर देखकर अपने पिता के लौटने का इंतजार करते नजर आते हैं।

उधर, लाल सिंह मेमोरियल ट्रामा सेंटर के आईसीयू में मनवीर की हर सांस के साथ परिवार की उम्मीद जुड़ी हुई है। गांव के लोग मंदिरों में उसकी सलामती की दुआ कर रहे हैं। गांव सुरैनी पापड़ी में शनिवार को भी हर चौपाल पर सिर्फ इसी हादसे की चर्चा रही। लोग कहते नजर आए कि भाइयों के बीच ऐसा प्रेम शायद ही कभी देखने को मिलता हो, जहां एक भाई को बचाने के लिए दूसरे भाई अपनी जान की परवाह तक न करें। जिस घर में कुछ दिन पहले तक हंसी, खुशियां और भविष्य के सपने थे, वहां अब दो चिताओं की राख, मां की सिसकियां और आईसीयू में जिंदगी की जंग लड़ रहे तीसरे बेटे की सांसों से जुड़ी उम्मीद बाकी है।



मनवीर का फोटो जिसका इलाज चल रहा है। –जागरण मोर्चा



घर पर पसरा सन्नाटा। –जागरण मोर्चा

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय मेडिकल कॉलेज में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी अधिकारी वृक्षारोपण प्रोफेसर डॉ. वेंकटनारायण द्वारा कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाकर प्रकृति के संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष पर्यावरण को संतुलित रखने, प्रदूषण कम करने एवं आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार, डॉ. श्रवण कुमार भार्गव, डॉ. ललेंद्र यादव (प्रभारी सोशल मीडिया), डॉ. पुनीत कुमार सहित अन्य शिक्षकगण, चिकित्सक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के संदेश के साथ हुआ।



राजकीय मेडिकल कॉलेज में पौधारोपण करते डॉक्टर। –जागरण मोर्चा

# लव जिहाद व जबरन धर्म परिवर्तन का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** लव जिहाद और जबरन धर्म परिवर्तन का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित युवती ने आरोप लगाया है कि एक मुस्लिम युवक ने खुद को हिंदू बताकर उसे प्रेमजाल में फंसाया, शादी का झांसा देकर करीब एक वर्ष तक उसका शारीरिक शोषण किया और बाद में धमकाकर दरगाह पर उसका धर्म परिवर्तन करा दिया। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता मूल रूप से संजय नगर की रहने वाली है। उसके अनुसार करीब डेढ़ साल पहले शहदाना इलाके में उसकी मुलाकात बॉबी नाम के युवक से हुई, जिसने खुद को हिंदू बताया। आरोपी ने शादी का वादा कर उसे नकटिया क्षेत्र में किराए के मकान में रखा। इस दौरान आरोपी ने आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया और जेवरात भी हड़प लिए। पीड़िता का कहना है कि बाद में उसे पता चला कि बॉबी का असली नाम अरबाज खान है, जो पहले से शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। आरोप है कि दबाव बनाकर उसे दरगाह ले जाया गया और जबरन धार्मिक रस्में करवाई गईं। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी और उसके परिजन व सहयोगी उसे लगातार धमका रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और अधिकारियों का कहना है कि तथ्यों के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



पीड़िता। –जागरण मोर्चा

**आयोजन** आईएमए में आयोजित कार्यक्रम में 100 से अधिक किसानों व ग्राहकों ने लिया भाग, चेक व स्वीकृति पत्र किए गए वितरित

# सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया का मेगा एग्रीकल्चर क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम, 150 करोड़ के ऋण स्वीकृत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बरेली क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा शहर में एक मेगा एग्रीकल्चर क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया।कार्यक्रम का आयोजन आईएमए परिसर में हुआ। जिसकी अध्यक्षता अंचल प्रमुख डीके अर्जवानी ने की। कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र से जुड़े लगभग 100 ग्राहकों और लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान बैंक द्वारा कुल 150 करोड़ के कृषि ऋण स्वीकृत किये। स्वीकृत ऋणों के अंतर्गत लाभार्थियों को चेक एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए।जिससे किसानों और कृषि उद्यमियों को त्वरित वित्तीय सहायता प्राप्त हो सके।इस अवसर पर भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित विभिन्न एग्रीकल्चर क्रेडिट उत्पादों और योजनाओं की विस्तृत जानकारी क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी सलमान खान द्वारा दी गई। उन्होंने उपस्थित ग्राहकों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए बैंक की कृषि-हितैषी नीतियों और सुविधाओं पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में जिला विकास प्रबंधक अभिषेक कुमार मिश्रा, संयुक्त निदेशक कृषि दुर्विजय सिंह तथा अंचल कार्यालय के मुख्य प्रबंधक प्रिंस प्रताप सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। बैंक की ओर से क्षेत्रीय प्रमुख सुधीर कुमार, मुख्य प्रबंधक मनीष श्रीवास्तव, मोहम्मद शोएब, अमित उपाध्याय सहित विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।ग्राहकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता से यह आउटरीच कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रभावी रहा। इस पहल से बैंक, व्यावसायिक सहयोगियों और ग्राहकों के बीच आपसी संबंध और अधिक सुदृढ़ हुए, साथ ही बैंक की ग्राहक-हितैषी एवं कृषि आधारित योजनाओं के प्रति जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।कार्यक्रम के अंत में बैंक प्रबंधन की ओर से आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।




उपभोक्ताओं को ऋण देते अतिथि। –जागरण मोर्चा

# संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायतों का किया गया निस्तारण




फरियादियों की शिकायतें सुनते एसडीएम साई आश्रित शाख मुरी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, बिजली विभाग, पुलिस और विकास कार्यों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। इस दौरान अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनते हुए तीन मामलों का तत्काल निस्तारण कराया। शेष 24 मामलों में जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों भेज दिया गया। आईएएस श्री साई आश्रित शाख मुरी का स्पष्ट निर्देश है की शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मामले का गुणवत्ता पूर्ण और समयबद्ध समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े, इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। इस दौरान तहसीलदार सुरेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह, नायब तहसीलदार मो. हारिस खान, पूर्ति निरीक्षक पीयूष गंगवार आदि उपस्थित रहे।

# मेन्स अंडर-18 हॉकी एशिया कप में पाकिस्तान को रौंदकर भारत फाइनल में

**तानी ने अकेले पलटा मैच, अब जापान से होगी खिताबी टक्कर**

**नई दिल्ली**

भारतीय टीम मेन्स अंडर-18 हॉकी एशिया कप 2026 के फाइनल में पहुंच गई है। शुक्रवार को कावासाकी हेवी इंडस्ट्रीज हॉकी स्टेडियम में खेले गए हाईवोल्टेज सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने शानदार वापसी करते हुए पाकिस्तान को 5-3 से मात दी और खिताबी मुकाबले में जगह पक्की कर ली। मैच के सबसे बड़े हीरो रहे पूर्ति आशीष तानी रहे, जिन्होंने अकेले चार गोल दागकर पाकिस्तान की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। यह जीत इसलिए भी खास रही क्योंकि



एक समय भारत 2-3 से पीछे चल रहा था, लेकिन टीम ने शानदार जज्बा दिखाते हुए वापसी की और पाकिस्तान को मुकाबले से बाहर कर दिया। अब फाइनल में भारत का सामना जापान से होगा। खिताबी मुकाबला शनिवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले की शुरुआत बेहद तेज रफ्तार रही। दोनों टीमों ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और गोल करने के मौके तलाशते रहे।

पहले क्वार्टर में भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। पाकिस्तान ने रिव्यू लेकर फैसला बदलवाने की कोशिश की, लेकिन अंपायर का फैसला बरकरार रहा। इसके बाद पूर्ति आशीष तानी ने 12वें मिनट में गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर में पाकिस्तान ने जोरदार वापसी की। पाकिस्तानी टीम को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन भारतीय डिफेंस और गोलकीपर ने शानदार बचाव किया। हालांकि 27वें मिनट में अदील ने बेहतरीन फिनिश के साथ गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

तीसरे क्वार्टर में भारत ने फिर से आक्रमण की धार तेज की।35वें मिनट में अली शाहरुख ने गोल कर भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई। लेकिन पाकिस्तान ने भी तुरंत जवाब दिया और महज दो मिनट बाद मुहम्मद फरहान असलम ने गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया।

### आखिरी क्वार्टर में भारत को मिली निर्णायक बढ़त

आखिरी क्वार्टर में भारतीय टीम ने ऐसा खेल दिखाया जिसने पूरे मैच की कहानी बदल दी। पूर्ति आशीष तानी ने पहले भारत को बराबरी दिलाई और फिर 53वें मिनट में अपना तीसरा गोल दागकर हैट्रिक पूरी की। इस गोल ने भारत को 4-3 की बढ़त दिला दी और पाकिस्तान दबाव में आ गया। मैच खत्म होने से पहले तानी ने अपना चौथा गोल भी दाग दिया और भारत की जीत को पूरी तरह सुनिश्चित कर दिया, उनके चार गोलों के दम पर भारत ने पाकिस्तान को 5-3 से हराकर फाइनल का टिकट हासिल कर लिया।

# श्रेयस बने टी20 टीम के नए कप्तान

## आयरलैंड दौरे के लिए सूर्यवंशी को मिला मौका

**मुंबई**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) मुख्यालय में अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति की बैठक हो खत्म हो गई है। इस बैठक में आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 और इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के साथ ही सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भी टीम का चयन हुआ। सूर्यकुमार यादव की जगह श्रेयस अय्यर भारतीय टी20 टीम के नए कप्तान बन गए हैं, जबकि 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को सीनियर टीम में पहली बार जगह मिल गई है।

भारत को 26 और 28 जून को आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 खेलने हैं, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ एक जुलाई से होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज में पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेले जाने हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच एक जुलाई को चेस्टर ली में होगा। इसके बाद चार, सात, नौ और 11 जुलाई को शेष चार मैच खेले जाएंगे। इसके बाद बर्मिंघम में 14 जुलाई से दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज होगी जिसका आखिरी मैच 19 जुलाई को लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर खेला जाएगा। वहीं, सितंबर-अक्तूबर में जापान में एशियाई खेल होने हैं जिसमें भारत अपने खिताब का बचाव करने उतरेगा।

>> एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम: श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह।

>> आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम: श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव।

>> इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम: श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, शिवम दुबे, नीतीश रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव।



### तिलक बने उपकप्तान



श्रेयस अय्यर को जहां टीम की कमान सौंपी गई है वहीं, तिलक वर्मा टीम के नए उपकप्तान बने हैं। तिलक पिछले कुछ समय से टी20 टीम का नियमित रूप से हिस्सा रहे हैं और अब वह श्रेयस के साथ लीडरशीप भूमिका में भी नजर आएंगे। वहीं, विकेटकीपर के तौर पर ईशान किशन और संजू सैमसन दोनों को टीम में चुना गया है। अक्षर पटेल टीम में जगह बरकरार रखने में सफल रहे हैं, जबकि तेज गेंदबाजी का जिम्मा अर्शदीप, मोहम्मद सिराज और हर्षित राणा पर रहेगा।

### वैभव को पहली बार मिला मौका



सबसे दिलचस्प बात यह है कि 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को पहली बार सीनियर टीम में मौका दिया गया है। वैभव ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन किया था और वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने थे।

# अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन टीम इंडिया का दबदबा, 3 विकेट पर बनाए 368 रन

**मुल्लांपुर**

भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली। मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में टीम इंडिया ने दिन का खेल समाप्त होने तक 3 विकेट के नुकसान पर 368 रन बना लिए। कप्तान शुभमन गिल और अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल के शतकों ने भारतीय पारी को मजबूती प्रदान की, जबकि ऋषभ पंत ने आक्रामक बल्लेबाजी से अफगान गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत संतुलित रही। हालांकि शुरूआती विकेट जल्दी गिरने के बाद केएल राहुल और साई सुदर्शन ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। भारतीय टीम को शुरूआती झटके के बाद केएल राहुल और युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ियों ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए अफगानिस्तान के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसाया। केएल राहुल ने 87 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जबकि साई सुदर्शन ने मात्र 67 गेंदों में फिफ्टी जड़ दी।



# रुमेश ने 92.62 मी. भाला फेंका नीरज चोपड़ा का रिकॉर्ड तोड़ा

## श्रीलंका के पथिरागे एशिया में दूसरे नंबर पर

नई दिल्ली,
श्रीलंका के 23 वर्षीय रुमेश थरंगा पाथिरागे ने रोम डायमंड लीग में 92.62 मीटर का थ्रो कर खेल जगत को चौंका दिया। इस ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ उन्होंने नीरज चोपड़ा के करियर बेस्ट 90.23 मीटर को पीछे छोड़ते हुए एशिया का दूसरा सबसे लंबा थ्रो दर्ज किया। अब कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स से पहले नीरज और अरशद के लिए एक नई और बड़ी चुनौती सामने खड़ी हो गई है। रोम डायमंड लीग के फाइनल में पाथिरागे ने 10 खिलाड़ियों के मजबूत मैदान को पूरी तरह पछाड़ दिया।



### अरशद व नीरज से तुलना

रुमेश की तुलना अब अरशद और नीरज से की जा रही है। रुमेश ने 2024 में पहली बार 80 मीटर का आंकड़ा पार किया था और दो साल के भीतर 92.67 मीटर तक पहुंच गए। 2026 एशियाई खेलों में अब नीरज चोपड़ा, अरशद नदीम और रुमेश पाथिरागे के बीच मुकाबले पर सबकी नजर रहेगी। रुमेश ने रोम में जीत के बाद कहा, मैं एशियाई रिकॉर्ड से करीब 35 सेंटीमीटर पीछे हूं। मैं ओस्ट्रावा और दोहा डायमंड लीग में अपना बेस्ट देने की कोशिश करूंगा।

# एशियाई कैनो स्प्रिंट व पैराकैनो स्पर्धा में भारत ने जीते चार पदक

## 15 से अधिक देशों के खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

**टुर्केस्तान**

एशियाई कैनो कन्फेडरेशन (एसीसी) के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा ने शुक्रवार को टुर्केस्तान में आयोजित एशियाई कैनो स्प्रिंट और पैराकैनो चैम्पियनशिप का उद्घाटन किया।



एशिया के 15 से अधिक देशों के 300 से अधिक खिलाड़ी इस बहु-दिवसीय प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं, जो टुर्केस्तान के वाटर स्पोर्ट्स परिसर में आयोजित की जा रही है। उद्घाटन सत्र में कुशवाहा ने एशियाई देशों से सहयोग बढ़ाने, एथलीट विकास में निवेश करने और पैरास्पोर्ट के रास्तों को मजबूत करने का आह्वान किया। आयोजकों और प्रतिनिधिमंडलों ने प्रतियोगिता को उच्च प्रदर्शन और समावेशन को बढ़ावा देने वाले मंच के रूप में सराहा। एसीसी सचिवालय से भारतीय प्रतिनिधि डॉ. सुमंत श्याम कुलश्रेस्थ और स्नेह रहे। भारत की टीम का नेतृत्व कोचों अलेक्सांद्र दियाडचुक, ए. चिंग चिंग सिंह, अनिल राठी और सुश्री वीरपाल कौर ने किया। टीम में फिजियोथेरपिस्ट डॉ. अभा चौधरी और कैनो स्प्रिंट के 20 तथा पैराकैनो के 3 एथलीट शामिल थे।

### ज्वेरेव फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचे

पेरिस। जर्मनी के दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शुक्रवार को चेक गणराज्य के युवा खिलाड़ी याकुब मेसिक को हराकर फ्रेंच ओपन के पुरुष सिंगल्स फाइनल में प्रवेश कर लिया। वह करियर के पहले ग्रैंड स्लैम खिताब से अब केवल एक जीत दूर हैं। ज्वेरेव ने सेमीफाइनल में 20 वर्षीय मेंसिक को 7-5, 6-2, 3-6, 6-3 से हराकर अपने करियर के चौथे ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनाई। रविवार को होने वाले फाइनल में ज्वेरेव का सामना इटली के 14वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली से होगा।

### पार्थ के शतक के बदौलत ग्वालियर चीतास विजयी

**इंदौर।** रजत पाटीदार की अगुआई वाली ग्वालियर चीतास ने आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्य प्रदेश लीग टी-20 सिंधिया कप 2026 में शानदार वापसी करते हुए भोपाल लेपडर्स को 12 रनों से हराया। इंदौर के होलकर स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्वालियर चीतास की टीम ने 18 ओवर में 8 विकेट खोकर 220 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। मैच की शुरूआत गीले आउटफील्ड के कारण देर से हुई थी, जिसके चलते मुकाबले को 18-18 ओवर का कर दिया गया। ग्वालियर चीतास के ओपनर पार्थ चौधरी 51 गेंदों में 107 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 7 छक्के और 9 चौके शामिल थे। यह सीजन का पहला शतक रहा। वहीं पाटीदार ने 15 गेंदों में तेज 29 रन बनाए और दोनों के बीच 79 रनों की साझेदारी हुई। इसके बाद ग्वालियर चीतास के गेंदबाजों ने अनुशासित और आक्रामक प्रदर्शन करते हुए मैच पर पकड़ बना ली। लेपडर्स ने तेजी से विकेट गंवाए और महज 6.1 ओवर में 5 विकेट 66 पर खो दिए थे। इसके बाद पवन निरवानी और प्रांजुल पुरी ने संघर्ष करते हुए 92 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की

**फीफा विश्व कप** — जर्मनी के गणितज्ञ क्लेमेंट की 3 फीफा विश्व कप में भविष्यवाणी हुई है सच

# नीदरलैंड्स के चैंपियन बनने की भविष्यवाणी

**नई दिल्ली**

जर्मनी के गणितज्ञ योआखिम क्लेमेंट की पिछले तीन फीफा विश्व कप की भविष्यवाणी सच हुई है। 2014 में जर्मनी, 2018 में फ्रांस और 2022 में उन्होंने अर्जेंटीना को चैंपियन बनने का अनुमान लगाया था। उनके तीनों ही अनुमान सही हुए थे। फीफा विश्व कप 2026 के शुरू होने में एक हफ्ते से भी कम का समय बचा हुआ है। योआखिम क्लेमेंट के अनुमान के अनुसार इस बार नीदरलैंड्स की टीम खिताब जीतेगी। योआखिम क्लेमेंट का कहना है कि उन्होंने यह मॉडल यह दिखाने के लिए बनाया था कि विश्व कप विजेता का अनुमान लगाना लगभग असंभव है। 2014 में जब उनकी भविष्यवाणी सही निकली और जर्मनी चैंपियन बना, तो वे खुद भी हैरान रह गए थे। उन्होंने कहा, जब जर्मनी ब्राजील में विश्व चैंपियन बना तो मैं चौंक गया था।



### पुर्तगाल के साथ फाइनल में भिड़ने का लगाया अनुमान

अपने मॉडल के अनुसार क्लेमेंट का अनुमान है कि नीदरलैंड सेमीफाइनल में स्पेन को हराकर फाइनल में पहुंचेगा। दूसरा सेमीफाइनल इंग्लैंड और पुर्तगाल के बीच होगा। इसमें पुर्तगाल को जीत मिलेगी। फाइनल में नीदरलैंड्स की टीम पुर्तगाल के खिलाफ जीत हासिल करेगी। हालांकि उनकी पिछली भविष्यवाणियां सही रही हैं, लेकिन क्लेमेंट खुद लोगों को उनकी भविष्यवाणी पर दांव लगाने से मना करते हैं। उन्होंने कहा, ''यह बिल्कुल लॉटरी जैसा है। अगर कोई मेरी भविष्यवाणी के आधार पर सट्टा लगाता है, तो मैं उसकी मदद नहीं कर सकता। उन्होंने इसे सिक्का उछालने जैसा बताते हुए कहा कि अगर कोई चार बार लगातार सही अनुमान लगा ले, तो इसका मतलब यह नहीं कि अगली बार भी वही होगा।

# इंग्लैंड-न्यूजीलैंड मैच में दूसरे दिन गिरे 17 विकेट

## तीसरे दिन लॉर्ड्स में होगी रोमांचक जंग

**नई दिल्ली**

इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक कीवी टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 61 रन बनाए थे।

इंग्लैंड को 140 रनों पर समेटने के बाद कीवी टीम को बल्लेबाजों से उम्मीद थी कि वे दूसरे दिन बड़ा स्कोर बनाएंगे लेकिन पूरी टीम 113 रनों पर सिमट गई। लॉर्ड्स में खेले जा रहे इस मुकाबले में तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा। पहले न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने कमाल की गेंदबाजी की और फिर उसके बाद इंग्लिश गेंदबाजों ने भी अपना जलवा दिखाया। पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद मेहमान न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स 31 और नाथन एलिस 6 रन बनाकर खेल रहे थे। ऐसे में टीम को उम्मीद थी कि वे बड़ा स्कोर बनाएंगे लेकिन ऐसा नहीं हो सका। न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में 113 रनों पर सिमट गई। उनके लिए काइल जैमीसन सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहे।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।